* ओड़िशा संस्करण

www.epaper.azadsipahi.com

20 अक्टूबर, 2022
कार्तिक, कृष्ण पक्ष, दशमी
संवत 2079
पृष्ठ : 12, मूल्य : ₹3.00

कलम कलम बढ़ाये जा

# आजाद सिपाही

रांची
गुरुवार, वर्ष 08, अंक 03

देश के सभी नेशनल हाइवे पर बनेंगे हेलीपैड : नागरिक उड्डयन मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया




# आपकी योजना आपकी सरकार आपके द्वार

08 दिन

कुल आवेदन प्राप्त 13,09,230*

कुल निष्पादन 6,09,905*

कुल प्रक्रियाधीन 6,99,325*

*डाटा जानकारी 19/10/2022, 06:00 PM

स्रोत :- https://sarkaraapkedwar.jharkhand.gov.in/

आपकी योजना आपकी सरकार आपके द्वार

P.R.280471 (IPRD) 22-23

सूचना एवं जनसंपर्क विभाग, झारखण्ड सरकार




### आपकी योजना-आपकी सरकार-आपके द्वार कार्यक्रम में शामिल हुए सीएम

# पिछले 20 सालों में यहां के लोग केवल ठगे गये: हेमंत

- 42 योजनाओं की दी सौगात, 67 योजनाओं की रखी आधारशिला
- 1 लाख 96 हजार लाभुकों के बीच 104 करोड़ रुपये की बांटी परिसंपत्ति



**अजय चौरसिया**

**चतरा (आजाद सिपाही)।** मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने कहा कि राज्य के लोग पिछले 20 सालों में सिर्फ ठगे गये। मजदूरों और किसानों को भुखमरी की स्थिति में ला कर खड़ा कर दिया गया। व्यवस्था को पूर्ववर्ती सरकार ने बर्बाद कर दिया। हम उन्हें दुरुस्त कर रहे हैं। हमारी सरकार सिर्फ योजनाएं नहीं बना रही है, बल्कि उसे जन-जन तक पहुंचा रही है। आप इन योजनाओं से जुड़कर खुद सशक्त, स्वावलंबी और खुशहाल बनें तथा राज्य के विकास में सहभागी बनकर उसे गति दें। मुख्यमंत्री बुधवार को चतरा में 'आपकी योजना-आपकी सरकार-आपके द्वार' कार्यक्रम में बोल रहे थे। इस मौके पर मुख्यमंत्री ने 219 करोड़ 69 लाख 09 हजार 548 रुपये की लागत से 109 योजनाओं का उद्घाटन और शिलान्यास किया। साथ ही लगभग 1 लाख 96 हजार लाभुकों के बीच 104 करोड़ 02 लाख 42 हजार 51 रुपये की परिसंपत्ति बांटी।

### मुख्यमंत्री ने ये घोषणाएं कीं

- चतरा जिला समाहरणालय का नया भवन बनाया जायेगा।
- चतरा जिले में भी स्थापित आइटीआइ में अगले सत्र से पढ़ाई प्रारंभ हो जायेगी।
- वैसे इलाके जहां खनन कार्य के लिए जमीन का अधिग्रहण हो चुका है या हो रहा है अथवा होना है और जिसमें विस्थापितों को अब तक मुआवजा नहीं मिला है, उन सभी मामलों में भूमि अधिग्रहण नीति-2013 में सरकार द्वारा निर्धारित मूल्य के आधार पर मुआवजा का भुगतान होगा।
- बड़कागांव विधानसभा इलाके की जिन पंचायतों को चतरा नगर पर्षद में शामिल किया गया है, उन्हें फिर से पंचायत में शामिल किया जायेगा।

### सरकार 24 घंटे काम कर रही

मुख्यमंत्री ने कहा कि यह आपकी सरकार है और आपके दुःख-दर्द, तकलीफ, परेशानी और समस्याओं के समाधान के लिए 24 घंटे काम कर रही है। आपको योजनाओं का लाभ मिल रहा है या नहीं, इसे देखने के लिए ही इस कार्यक्रम में शामिल हो रहा हूं। पंचायतों में आयोजित हो रहे इन शिविरों की मुख्यालय के स्तर पर पोर्टल के माध्यम से समीक्षा की जा रही है। वरीय अधिकारियों को भी विशेष रूप से शिविरों का निरीक्षण करने का निर्देश दिया गया है।

### स्कूली बच्चियों को समर्पित है किशोरी समृद्धि योजना

मुख्यमंत्री ने कहा कि 11 अक्टूबर को अंतरराष्ट्रीय बालिका दिवस के अवसर पर सावित्रीबाई फुले किशोरी समृद्धि योजना को लांच किया गया। यह योजना स्कूली बच्चियों को समर्पित है। इस योजना से 9 लाख बच्चियों को जोड़ने का लक्ष्य है। अब स्कूलों में शिविर लगाकर बच्चियों को किशोरी समृद्धि योजना का लाभ दिया जायेगा। वहीं, छात्रवृत्ति की राशि में तीन गुना तक इजाफा किया गया है। इसके अलावे छात्रावासों का जीर्णोद्धार किया जा रहा है। यहां चौकीदार और रसोइया होंगे। मुख्यमंत्री ने जनहित में सरकार द्वारा उठाये जा रहे कदमों से अवगत कराया।

### कार्यक्रम में थे मौजूद

इस मौके पर मंत्री सत्यानंद भोक्ता, विधायक उमा शंकर अकेला और अंबा प्रसाद, जिला परिषद अध्यक्ष ममता देवी, नगर पर्षद अध्यक्ष गूंजा देवी समेत वरिष्ठ अधिकारी मौजूद थे।

### 24 साल बाद पहला गैर-गांधी अध्यक्ष मिला

# मल्लिकार्जुन खड़गे बने कांग्रेस अध्यक्ष

- खड़गे ने शशि थरूर को 6825 वोटों से हराया

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**नयी दिल्ली।** कांग्रेस पार्टी को 24 साल बाद पहला गैर-गांधी अध्यक्ष मिल गया है। मल्लिकार्जुन खड़गे ने शशि थरूर को 6825 वोटों से हरा दिया। खड़गे को 7897 वोट मिले, वहीं थरूर को 1072 वोट ही मिल सके। 416 वोट रिजेक्ट कर दिये गये। इन लोगों ने राहुल गांधी का नाम लिखा था। नतीजों के तुरंत बाद थरूर ने खड़गे को बधाई दी और अपना साथ देनेवालों को धन्यवाद दिया। खड़गे 26 को अध्यक्ष पद की शपथ लेंगे।

कांग्रेस के नवनिर्वाचित अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने जीत के बाद जहां गांधी परिवार की तारीफ की, वहीं केंद्र सरकार पर जम कर हमला बोला। खड़गे ने कहा कि दिल्ली की सत्ता में बैठी सरकार केवल बड़ी बातें करती है। खोखला चना, बाजे घना। देश को तानाशाही की भेंट नहीं चढ़ाया जा सकता। सबको सड़क से संसद तक लड़ना होगा। उन्होंने कहा कि आजादी के 75 सालों में कांग्रेस ने इस देश के लोकतंत्र को मजबूत किया और संविधान की रक्षा की है। आज लोकतंत्र खतरे में है और संविधान पर हमले हो रहे हैं। ऐसे में कांग्रेस ने चुनाव करा कर आंतरिक लोकतंत्र को मजबूत किया है। देश में नफरत फैलायी जा रही है। इसके खिलाफ राहुल गांधी भारत जोड़ो यात्रा पर निकले हैं। देश उनके संघर्ष के साथ है।



### प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने दी बधाई



प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने बुधवार को मल्लिकार्जुन खड़गे को कांग्रेस का अध्यक्ष चुने जाने पर बधाई दी। उन्होंने ट्वीट कर लिखा, 'श्री मल्लिकार्जुन खड़गे जी को कांग्रेस के अध्यक्ष के रूप में उनकी नयी जिम्मेदारी के लिए मेरी शुभकामनाएं। उनका आगे का कार्यकाल फलदायी हो।'

'गरीब परिवार में जन्मे एक कार्यकर्ता को पार्टी ने अध्यक्ष बनाया है, इसके लिए मैं शुक्रगुजार हूं। कांग्रेस में सब बराबर हैं। हम सभी को पार्टी के कार्यकर्ताओं की तरह काम करना है, पार्टी में कोई भी बड़ा या छोटा नहीं होता है। हमें सांप्रदायिकता की आड़ में लोकतांत्रिक संस्थाओं पर हमला करने वाली फासीवादी ताकतों के खिलाफ एकजुट होकर लड़ना होगा।'
**मल्लिकार्जुन खड़गे**



'चुनाव में अनियमितताओं पर राहुल गांधी ने कहा कि ये मसले कांग्रेस इलेक्शन कमेटी में मधुसूदन मिस्त्री के सामने रख दिये गये हैं। वही फैसला लेंगे। जब उनसे पार्टी में रोल के बारे में सवाल किया गया तो कहा कि खड़गे जी से पूछिए। अब वही तय करेंगे।'**-राहुल गांधी**

### खड़गे कांग्रेस अध्यक्ष बनने वाले दूसरे दलित नेता

इस चुनाव में जीत के साथ ही खड़गे कांग्रेस अध्यक्ष बनने वाले 65वें नेता हो गये हैं। वह कांग्रेस अध्यक्ष बनने वाले दूसरे दलित नेता हैं। जगजीवन राम कांग्रेस अध्यक्ष बनने वाले पहले दलित नेता थे। आजादी के बाद 75 साल में से 42 साल तक पार्टी की कमान गांधी परिवार के पास रही। वहीं, 33 साल पार्टी अध्यक्ष की बागडोर गांधी परिवार से अलग नेताओं के पास रही। कांग्रेस में अध्यक्ष पद के लिए आखिरी बार साल 1998 में वोटिंग हुई थी। तब सोनिया गांधी के सामने जितेंद्र प्रसाद थे। सोनिया गांधी को करीब 7,448 वोट मिले, जबकि जितेंद्र प्रसाद 94 वोटों पर ही सिमट गये थे।

# नर्स का अगवा कर दो दिन गैंगरेप

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**गाजियाबाद।** गाजियाबाद में दिल्ली की एक महिला से निर्भया जैसी हैवानियत की गयी। पांच युवकों ने उसे अगवा कर दो दिन तक रेप किया। उसके प्राइवेट पार्ट में रॉड घुसा दी। इसके बाद सड़क किनारे फेंक कर भाग गये। युवती सड़क किनारे बोरी में मिली, तब भी रॉड उसके शरीर के अंदर थी। महिला का इलाज दिल्ली के जीटीबी अस्पताल में चल रहा है। पीड़िता खुद भी दिल्ली के एक अस्पताल में नर्स है। पीड़िता की हालत अभी स्टेबल है।

### गाजियाबाद में निर्भया जैसा कांड
### पुलिस चार आरोपी से कर रही पूछताछ

पुलिस के मुताबिक पीड़िता को कुछ स्कॉर्पियो सवार युवक बंदूक दिखा कर सड़क से उठा कर ले गये थे। स्कॉर्पियो में चार लोग थे। वे उसको एक सुनसान जगह पर लेकर गये। उस जगह एक युवक पहले से मौजूद था। पांचों ने उसके साथ दो दिन तक दुष्कर्म किया। इसके बाद हाथ-पैर बांध दिये और बोरे में बंद करके फेंक कर चले गये। पुलिस ने इस सिलसिले में दीनू, शाहरुख, जावेद, धोला, औरंगजेब उर्फ जहीर के खिलाफ केस दर्ज किया है। इनमें से चार से पूछताछ की जा रही है। महिला का भाई पेशे से ऑटो ड्राइवर है। उसने बताया- घटना 16 अक्टूबर की है। बहन मेरी बर्थडे पार्टी में आयी थी। पार्टी खत्म होने के बाद मैं रात साढ़े 9 बजे दिल्ली आश्रम रोड नंदग्राम हाइवे पर छोड़ कर आ गया था। वहां बहन ऑटो का इंतजार कर रही थी। वहीं से उसे उठा लिया गया।

### गुजरात दौरे पर प्रधानमंत्री

# बच्चों संग क्लास में बैठे मोदी

**गांधीनगर (आजाद सिपाही)।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी दो दिन के गुजरात के दौरे पर हैं। पीएम ने अडालज में मिशन स्कूल ऑफ एक्सिलेंस का शुभारंभ किया। इस दौरान वह स्कूल में बच्चों संग क्लास रूम में बैठे दिखे। मोदी ने कहा कि अब शिक्षा व्यवस्था स्मार्ट हुई है। 20 साल पहले 100 में से 20 बच्चे स्कूल ही नहीं जाते थे। यानी पांचवां हिस्सा शिक्षा से बाहर रह जाता था। जो बच्चे स्कूल जाते थे, उनमें से बहुत सारे आठवीं तक पहुंचते ही स्कूल छोड़ देते थे। उसमें भी दुर्भाग्य यह था कि बेटियों की स्थिति तो और खराब थी। पहले बेटियों को स्कूल नहीं भेजा जाता था। इससे पहले पीएम ने गांधीनगर में डिफेंस एक्सपो-22 का उद्घाटन किया। साथ ही उत्तरी गुजरात के दीसा में वायु सेना की 52वीं विंग के नये एयरबेस की आधारशिला रखी।




EXCEL AAC BLOCKS
RISHTA MAZBOOTI KA

## Excel AAC Blocks
## मजबूत निर्माण का आधार

झारखण्ड में एएसी ब्लॉक के सबसे बड़े निर्माता

झारखंड बिहार उड़ीसा प. बंगाल के सभी जिलों में डिस्ट्रीब्यूटर या डीलरशिप लेने के लिए आज ही संपर्क करें.

1800-121-0612

info@shardaexcel.com   www.shardaexcel.com



आजाद सिपाही | झारखंड में सबसे ज्यादा देखा जाने वाला चैनल
188100 Subscribers
VIEWERSHIP 3 Crore 80 lakh+
Watch Time (HR) 11 Lakh+
YouTube Channel
Subscribe NOW
No 1 Channel

सर्राफा
| | |
|---|---|
| सोना (बिक्री) | 47,300 रु./10 ग्राम |
| चांदी | 58,000 रु./प्रति किलो |



## एक ध्रुव पर मोदी हैं, तो दूसरे पर विपक्ष के तमाम छोटे-बड़े नेता, देश की राजनीति का ध्रुवीकरण कर दिया है विपक्ष ने

# सवालों की बौछार के बीच लगातार मजबूत हो रहे हैं पीएम मोदी

**140 करोड़ लोगों का देश और दुनिया का सबसे बड़ा लोकतंत्र अपनी संसद के निचली सदन, यानी लोकसभा के लिए चुनाव की तैयारी में जुट गया है। हालांकि इसमें अभी डेढ़ साल से अधिक का वक्त है, फिर भी राजनीतिक दलों के भीतर माहौल चुनावी होने लगा है। इन तमाम चुनावी और राजनीतिक हलचलों के बीच एक बात ध्यान देने की है। यह बात है राजनीति की धारा में आये बदलाव की। यह बदलाव 2014 के बाद आया, जब भारतीय जनता पार्टी पहली बार प्रचंड बहुमत के साथ सत्ता में आयी और प्रधानमंत्री के रूप में नरेंद्र दामोदर दास मोदी ने पदभार संभाला। उस समय मोदी मैजिक को कांग्रेस या यूपीए के खिलाफ नकारात्मक माहौल का परिणाम बताया गया, लेकिन पांच साल बाद 2019 में जब यह मैजिक बरकरार रहा, तब राजनीतिक पंडितों को यह कहने पर मजबूर होना पड़ा कि भारत का राजनीतिक परिदृश्य सचमुच में बदल रहा है। उसके करीब साढ़े तीन साल बाद, यानी आज यदि इस पूरे परिदृश्य पर नजर दौड़ायी जाये, तो एक बात शीशे की तरह साफ हो जाती है कि भारत के राजनीतिक क्षितिज का अप्रत्याशित रूप से ध्रुवीकरण हुआ है। इसके एक ध्रुव पर नरेंद्र मोदी हैं और दूसरे ध्रुव पर तमाम दूसरे विपक्षी दल। आजादी के बाद या फिर 1984 में इंदिरा गांधी की हत्या के बाद कांग्रेस की प्रचंड लोकप्रियता के दौर में भी ऐसा ध्रुवीकरण नहीं हुआ था। आज हालत यह है कि हर विपक्षी दल के हर नेता-कार्यकर्ता के निशाने पर प्रधानमंत्री मोदी हैं और हर कोई सीधे उनसे ही सवाल कर रहा है। राजनीति का यह ध्रुवीकरण भले ही लोकतांत्रिक व्यवस्था के अनुकूल नहीं हो, लेकिन इससे प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी लगातार मजबूत होते दिख रहे हैं। उनके नेतृत्व में भाजपा चुनाव-दर-चुनाव अपनी विजय पताका फहराती जा रही है। मोदी की बढ़ती लोकप्रियता के इसी पहलू को रेखांकित कर रहे हैं *आजाद सिपाही* के विशेष संवाददाता राकेश सिंह।**

आजाद सिपाही विशेष



राकेश सिंह

दुनिया में दूसरी सर्वाधिक आबादी वाले देश भारत का राजनीतिक माहौल इन दिनों गर्माता जा रहा है। 18वीं लोकसभा के लिए चुनाव होने में हालांकि अभी डेढ़ साल से अधिक का वक्त है, लेकिन राजनीतिक दलों की गतिविधियां हर दिन तेज हो रही हैं। विधानसभा चुनावों के नाम पर ही चुनावी मशीनरी को चुस्त-दुरुस्त बनाया जा रहा है। इन तमाम हलचलों के बीच एक बात ध्यान देने लायक है कि एक व्यक्ति, जिसके कंधे पर पिछले साढ़े आठ साल से देश का नेतृत्व करने की जिम्मेवारी है, अपने कर्तव्य पथ पर निर्विकार भाव से आगे बढ़ता जा रहा है। इस व्यक्ति का नाम है नरेंद्र दामोदर दास मोदी, जिसे अब न तारीफों से कोई फर्क पड़ता है और न आरोपों-आलोचनाओं से कोई अंतर पड़ता है। लेकिन बहुत कम लोग यह जानते और समझते हैं कि यही निर्विकार भाव मोदी की ताकत है।

भारत की राजनीति आजादी के बाद 1952 के पहले आम चुनाव से लेकर अब तक विविधता से भरी रही है। इसके कई रंग सामने आये हैं, लेकिन 2014 के बाद इसमें एक खास बदलाव आया है। यह बदलाव सकारात्मक है या नकारात्मक, यह बहस का मुद्दा हो सकता है, लेकिन इस बदलाव के केंद्र में पीएम मोदी हैं, इस पर कोई विवाद नहीं है। यह मोदी की राजनीति और उनके व्यक्तित्व का ही कमाल है कि भारत की राजनीति आज विविधता से भरी नहीं, बल्कि पूरी तरह ध्रुवीकृत हो गयी है। इसमें एक ध्रुव पर मोदी हैं, तो दूसरे पर बाकी सभी विपक्षी दल। इस परिस्थिति में स्वाभाविक है कि विपक्षी दलों के निशाने पर मोदी रहें, लेकिन यह मोदी की राजनीतिक शैली है कि उन्होंने इसी परिस्थिति को अपनी ताकत बना लिया है।



2014 के मई महीने में आम चुनावों का परिणाम घोषित होने के बाद कहा गया था कि भाजपा की जीत दरअसल कांग्रेस और यूपीए के खिलाफ नकारात्मक वोटिंग का परिणाम है। लेकिन 2019 के चुनाव में प्रचंड बहुमत के साथ सत्ता में भाजपा की वापसी के समय ही मोदी की इस राजनीतिक शैली की धमक महसूस की जाने लगी थी। यही कारण है कि कांग्रेस के अलावा तृणमूल कांग्रेस, बीजू जनता दल, जनता दल (यूनाइटेड), एआइएडीएमके, डीएमके, वामपंथी दल, समाजवादी पार्टी, बहुजन समाज पार्टी, आम आदमी पार्टी जैसे मजबूत क्षेत्रीय दल और उनके बड़े नेता आज भी नरेंद्र मोदी को कई सारे मौजूं सवालों पर कड़ी चुनौती नहीं दे पा रहे हैं।

**क्या बदलाव किया पीएम मोदी ने**

पीएम मोदी ने राजनीतिक धारा में जो बदलाव किया है, उसका उदाहरण इन दिनों अकसर देखने को मिल जाता है। आज विपक्ष का हर नेता, चाहे वह छोटा हो या बड़ा, सीधे मोदी पर ही निशाना साधता है। 2014 से पहले की राजनीति में होता यह था कि स्थानीय स्तर का नेता स्थानीय समस्याओं की बात करता था और यह क्रम शीर्ष स्तर तक पहुंचता था। मसलन पंचायत का नेता पंचायत की समस्याओं को लेकर आवाज उठाता था, तो जिला स्तर का नेता अपने जिले के मुद्दे को लेकर मुखर होता था। प्रदेश स्तर का नेता प्रादेशिक मुद्दों को उठाता था, जबकि केंद्रीय स्तर का नेता केंद्र सरकार के कामकाज पर नजर रखता था। इससे आम लोग भी संतुष्ट थे, क्योंकि उनकी समस्याओं, उनकी बातों और उनके मुद्दों को मुख्य धारा की राजनीति में पर्याप्त जगह मिल जाती थी। लेकिन आज स्थिति यह है कि पंचायत स्तर का नेता भी सीधे पीएम मोदी पर ही निशाना साधता है। इन नेताओं के पास अब स्थानीय स्तर की समस्याओं और मुद्दों को उठाने के लिए न वक्त है और न नजरिया। उन्हें लगने लगा है कि सीधे प्रधानमंत्री मोदी पर निशाना साधने से स्थानीय लोगों के साथ उनके दलों में भी उनका कद बढ़ेगा। यह उनकी खुशफहमी ही है, क्योंकि इस तरह की राजनीति का सीधा परिणाम यह हुआ है कि अब लोगों के सामने केवल मोदी का नाम ही गूंजता है, चाहे भाजपाई के मुंह से हो या विपक्ष के मुंह से। देश के किसी भी हिस्से में होनेवाली किसी भी घटना के लिए सीधे पीएम मोदी को जिम्मेदार ठहराया जाने लगा है। इसी ध्रुवीकृत राजनीति को पीएम मोदी ने अपनी ताकत बना ली है।

आज पीएम मोदी यदि दुनिया के सबसे लोकप्रिय नेता हैं, तो इसके पीछे यही राजनीतिक ध्रुवीकरण है। आज हर वाक्य, हर वाकये और हर विवाद में मोदी का नाम लिया जाता है, तो लोगों को लगने लगा है कि यह ऐसा कोई करिश्माई नेता है, जो हर काम कर सकता है। शायद यही कारण है कि पीएम मोदी विपक्ष की आलोचनाओं से न तो विचलित होते हैं और न आरोपों का कोई जवाब देते हैं। उनका निर्विकार रहना ही उनका सबसे बड़ा हथियार बन गया है और राजनीतिक जीवन के लिए टॉनिक भी। उनके लिए रक्षा कवच बनते हैं आम लोग, जो पिछले साढ़े आठ साल से उनके पीछे चट्टान की तरह खड़े हैं।

## हाइकोर्ट ने देवघर एयरपोर्ट के पास स्थित बिल्डिंग तोड़ने पर लगायी रोक

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**रांची।** देवघर एयरपोर्ट के मामले पर झारखंड हाइकोर्ट में दायर याचिका पर सुनवाई हुई। सुनवाई के दौरान अदालत ने केंद्र सरकार के जवाब पर राज्य सरकार से जवाब मांगा है। इसके साथ ही अदालत ने एयरपोर्ट के आस-पास की बिल्डिंग को तोड़ने पर फिलहाल रोक लगाने का आदेश दिया है। अब इस मामले में 11 नवंबर को सुनवाई होगी। इस मामले की सुनवाई झारखंड हाइकोर्ट के चीफ जस्टिस डॉ रविरंजन और जस्टिस सुजित नारायण प्रसाद की खंडपीठ में हुई। सुनवाई के दौरान निशिकांत दुबे की ओर से अधिवक्ता दिवाकर उपाध्याय ने पक्ष रखा।

### एयरपोर्ट पर रात्रि विमान सेवा जल्द शुरू करने की मांग की

बता दें कि गोड्डा सांसद निशिकांत दुबे ने हाइकोर्ट में अवमानना वाद दाखिल किया है, जिसमें उन्होंने देवघर एयरपोर्ट पर रात्रि विमान सेवा को जल्द शुरू करने की मांग की है। याचिका में उन्होंने कहा है कि झारखंड हाइकोर्ट ने वर्ष 2013 के एक पीआइएल की सुनवाई के दौरान तत्कालीन अधिकारियों द्वारा दिये गये हलफनामे को देखते हुए याचिका निष्पादित की थी, लेकिन हाइकोर्ट के आदेश का अनुपालन नहीं किया गया। कई वर्ष बीत जाने के बाद भी देवघर एयरपोर्ट पर अब तक सुचारु रूप से उड़ानें शुरू नहीं हुई हैं। याचिका में यह भी कहा गया है कि कुछ उड़ान कंपनियां वहां से अपनी सेवा शुरू करने में दिलचस्पी दिखा रही हैं, लेकिन एयरपोर्ट पूरी तरह से फंक्शनल नहीं होने के कारण यहां से उड़ानें शुरू नहीं की जा रही हैं, जिससे संथाल के लोगों को विमान सेवा का लाभ लेने में परेशानी हो रही है।

### निलंबित आइएएस पूजा सिंघल के मामले में हाइकोर्ट ने इडी से पूछा

## जांच में कितना समय लगेगा

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**रांची।** जेल में बंद निलंबित आइएएस पूजा सिंघल की जमानत याचिका पर झारखंड हाइकोर्ट में आंशिक सुनवाई हुई। सुनवाई के दौरान इडी के अधिवक्ता ने कोर्ट से कहा कि उन्हें एजेंसी से इस मामले में कुछ निर्देश लेने हैं, जिसके बाद कोर्ट ने उनसे पूछा कि इडी को केस की जांच में और कितना समय लगेगा। कोर्ट ने संभावित समय की जानकारी मांगी। इसके साथ ही अदालत ने इडी के अधिवक्ता के आग्रह को स्वीकार करते हुए जमानत पर अगली सुनवाई के लिए 21 अक्टूबर की तारीख मुकर्रर की है। पिछले चार महीने से ज्यादा समय से जेल में बंद आइएएस पूजा सिंघल ने झारखंड उच्च न्यायालय में नियमित जमानत के लिए अर्जी दाखिल की है। पूजा सिंघल मनी लॉन्ड्रिंग के केस में न्यायिक हिरासत में हैं। इससे पहले रांची इडी की विशेष कोर्ट ने 3 अगस्त को पूजा सिंघल की जमानत याचिका खारिज कर दी थी।

### 5 मई को इडी ने की थी छापेमारी

बता दें कि इडी ने 5 मई को पूजा सिंघल के 25 ठिकानों पर छापेमारी की थी। उसके बाद इडी ने पूजा सिंघल और सीए सुमन सिंह को गिरफ्तार किया था। दोनों से 14 दिनों की पुलिस हिरासत में पूछताछ की गयी, जिससे इडी को बेहिसाब पैसे और आवास के बारे में महत्वपूर्ण जानकारी मिली। इसके अलावा कई जिले के डीएमओ के खिलाफ मिले सबूतों की जांच चल रही है। इडी ने छापेमारी के दौरान सुमन सिंह के आवास और कार्यालय से 19.31 करोड़ रुपये की नकदी बरामद की थी।

## फरार कुख्यात साइबर ठग कड़वा मौलवी गिरफ्तार, पुलिस कर रही पूछताछ

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**देवघर।** दिल्ली पुलिस द्वारा गिरफ्तार करने के बाद रुपये लेकर छोड़ दिये जाने के आरोपित कड़वा मौलवी को झारखंड पुलिस हिरासत में लेकर पूछताछ कर रही है। उसकी निशानदेही पर पुलिस कई जगहों पर छापेमारी कर रही है। पुलिस को उम्मीद है कि इस मामले में शायद कुछ बड़ा हाथ लगेगा। कड़वा को मारगोमुंडा पुलिस ने गिरफ्तार किया है। उसके खिलाफ थाने में पहले से डकैती का मामला दर्ज है, जिसमें वह फरार चल रहा था। जानकारी हो कि कड़वा उस इलाके का एक ऐसा नाम है, जो पहले लूट, डकैती आदि घटना को अंजाम दिया करता था। उसने इसके लिए एक गिरोह बना रखा था, जिसमें मधुपुर, मारगोमुंडा के अलावा जामताड़ा के करमाटांड़ के बदमाशों को शामिल किया था। बाद में वह साइबर ठगी के धंधे में उतर गया। इसमें उसने अपना एक बड़ा नेटवर्क तैयार किया। इस अवैध धंधे से उसने काफी रुपये कमाये। इस रुपये के बल पर उस खादी और खाकी दोनों का संरक्षण प्राप्त था। इस कारण वह अब तक पकड़ा नहीं जा सका था। इसी बीच रविवार को बात सामने आयी कि दिल्ली पुलिस की टीम ने उसे पहले से पकड़े गये एक साइबर ठगी के आरोपित की निशानदेही पर पकड़कर बाद में रुपये लेकर छोड़ दिया।

सूत्रों के मुताबिक ये डील चार लाख में तय हुआ था, लेकिन यहां भी कड़वा ने दिल्ली पुलिस टीम को ठग लिया और उन्हें एक काले रंग के प्लास्टिक के थैला में 2.50 लाख थमा कर चंपत हो गया। हालांकि, दिल्ली पुलिस टीम इन आरोपों से इंकार करती रही है। उन्होंने कहा कि ये महज अफवाह है। उन्होंने कड़वा को पकड़ने की बात से भी इंकार किया था। दिल्ली पुलिस टीम से मधुपुर एसडीपीओ और अन्य पुलिस पदाधिकारियों ने काफी देर तक पूछताछ भी की थी। अब पुलिस कड़वा से इन अफवाहों की सच्चाई का पता लगाने का प्रयास कर रही है। जानकारी हो कि इस बात के सामने आने के बाद एसपी सुभाष चंद्र जाट ने मारगोमुंडा पुलिस को हर हाल में कड़वा को पकड़ने का निर्देश दिया था। एसपी की सख्ती रंग लायी और बात सामने आने के 24 घंटे के अंदर वह पकड़ा गया। उससे पुलिस पूछताछ जारी है।

## पांकी के दुकानदार के खिलाफ रांची में मामला दर्ज

**रांची (आजाद सिपाही)।** कोतवाली थाना पुलिस ने उधार लिये सामान के पैसे न देने पर पलामू के पांकी स्थित उत्कर्ष फैंसी साड़ी के संचालक बलवंत कुमार चौरसिया के खिलाफ धोखाधड़ी का मामला दर्ज किया है। कोतवाली थाना पुलिस को दी शिकायत में श्रद्धानंद रोड स्थित तोडी साड़ी प्रा. लि. के संचालक रवीश तोडी ने अपनी शिकायत में बताया कि बलवंत कुमार चौरसिया की पांकी में कपड़ा की दुकान है। मार्च 2020 में उन्होंने साड़ी का व्यापार करने की इच्छा व्यक्त की। बताया कि पलामू में साड़ी का बड़ा व्यापार है। होलसले में कपड़ा लिया जायेगा। जैसै जैसे माल भेजा जायेगा, एक दो माह में पैसा दिया जायेगा। भारोसा पर रांची से पलामू माल भेजा जाने लगा। इस दौरान पूरा माल का भुगतान किया गया। भरोसा बढ़ने पर लगातार माल भेजा जाने लगा। कुछ कुछ पैसा दिया। जब बलवंत कुमार पर 5.77 लाख रुपये बाकी रहा तो पैसे की मांग की जाने लगी, तो टालमटोल किया जाने लगा।

## मुख्यमंत्री से राजस्व कर्मियों की हड़ताल खत्म कराने की मांग



**आजाद सिपाही संवाददाता**

**रांची।** झारखंड राजस्व सेवा संघ ने पिछले 16 सितंबर से चल रहे राजस्व उप निरीक्षकों की हड़ताल को जायज करार दिया ह। संघ के महासचिव शशिभूषण सिंह ने मुख्यमंत्री से हड़ताल को खत्म कराने की मांग की है। संघ के महासचिव ने कहा है कि राजस्व कर्मियों की हड़ताल के कारण राज्य में राजस्व से संबंधित सारे कार्य ठप पड़े हुए हैं। आमजनों को भी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है।

### राजस्व कर्मियों की मुख्य मांगें

- राजस्व उप निरीक्षकों की मांगों में बेसिक ग्रेड पे में वृद्धि
- अंचल निरीक्षक सह कानूनगो को शतप्रतिशत प्रोन्नति से भरना
- सीमित परीक्षा में शामिल होने के लिए न्यूनतम सेवा अवधि पांच वर्ष करना
- राजस्व प्रोटेक्शन एक्ट लागू करना
- राजस्व उप निरीक्षकों को लैपटॉप और अन्य नेट सुविधा प्रदान करना
- क्षेत्र भ्रमण के लिए दो पहिया वाहन उपलब्ध कराना
- हल्का इकाई का पुनर्गठन करना।
- राजस्व उप निरीक्षकों के रिक्त पदों को अविलंब भरने


## शादी का झांसा देकर पलामू के सिपाही ने रांची की विधवा महिला का किया यौन शोषण

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**मेदिनीनगर (पलामू)।** पलामू पुलिस के एक जवान पर राजधानी रांची की विधवा महिला ने गंभीर आरोप लगाया है। विधवा महिला जवान पर शादी का झांसा देकर शारीरिक शोषण करने का दावा कर रही है। आरोपित के खिलाफ कानूनी कार्रवाई करते हुए न्याय की गुहार महिला थाना से लगा रही है। मेदिनीनगर महिला थाना में पीड़िता ने जवान के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज करायी है।

### क्या है पूरा मामला

मिली जानकारी के अनुसार, आरोपित लेस्लीगंज थाना क्षेत्र अंतर्गत धनगांव निवासी संतोष कुमार पासवान पलामू पुलिस में है। पीड़िता ने थाना को बताया है कि उसकी मुलाकात जवान से लंबे समय पहले हुई थी। पहले दोस्ती हुई और रिश्ता प्यार में बदल गया। जवान ने विधवा



महिला को शादी का झांसा दिया। उसने महिला के साथ कई बार शारीरिक संबंध भी बनाये।

30 वर्षीय पीड़िता विधवा ने बताया कि जवान ने उसे नेहरहाट और चैनपुर थाना क्षेत्र के शाहपुर में भी रखा था। आरोप है कि महिला गर्भवती हो गयी थी। बाद में उसने महिला का गभार्पात भी करा दिया। महिला ने जब उस पर शादी का दबाव बनाया तो उसने किनारा कर लिया। इसी बीच जवान ने दूसरी महिला से शादी कर ली है। इससे आहत होने के बाद पीड़िता पुलिस से न्याय की गुहार लगा रही है।

### मामले की पड़ताल के बाद, आरोपित पर होगी कार्रवाई

महिला थाना प्रभारी फिरदौस नाज ने बताया कि रांची की विधवा पीड़िता के आवेदन के आधार पर प्राथमिकी दर्ज कर ली गयी है। पूरे मामले की पड़ताल की जायेगी। जांचोपरांत आरोपित के खिलाफ नियम संगत कार्रवाई होगी।

## ओबीसी आरक्षण के बिना नगर निकाय चुनाव होगा तो करेंगे विरोध : लालचंद

**महतो ने कहा, झारखंड की सरकार पूरी तरह से ओबीसी विरोधी है, जिसको बर्दाश्त नहीं किया जायेगा।**

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**रांची।** झारखंड में नगर निकाय चुनाव में ओबीसी आरक्षण की मांग की जा रही है। आरक्षण नहीं देने पर विरोध करने की बात कही जा रही है। यह बात पूर्व मंत्री और पिछड़ा वर्ग संघर्ष मोर्चा के केंद्रीय संयोजक लालचंद महतो ने प्रेस कांफ्रेस कर कही है। लालचंद महतो ने कहा कि बिहार में जहां हाइकोर्ट के निर्णय के खिलाफ बिहार सरकार सुप्रीम कोर्ट जा रही है और नगर निकाय चुनाव को स्थगित कर दिया है, वहीं झारखंड सरकार ने ओबीसी आरक्षण के बिना ही नगर निकाय चुनाव कराने का नोटिफिकेशन जारी कर दिया है। झारखंड की सरकार पूरी तरह से ओबीसी विरोधी है, जिसको बर्दाश्त नहीं किया जायेगा।

### जातिगत जनगणना करानी चाहिए

**पिछड़ा वर्ग संघर्ष मोर्चा के वरिष्ठ उपाध्यक्ष डॉ दिलीप सोनी ने कहा कि बिहार की तर्ज पर झारखंड में भी जातिगत जनगणना करानी चाहिए। आज जानवरों की संख्या मिल जाती है तो फिर जातिगत आबादी की जानकारी क्यों नहीं मिल सकती। दिलीप सोनी ने कहा कि झारखंड में पिछड़ों की आबादी अन्य जातियों से अधिक है, इसलिए जातिगत जनगणना करा कर ओबीसी आरक्षण या अन्य प्रकार का लाभ दिया जाना चाहिए। इस मौके पर मोर्चा के प्रवक्ता अब्दुल खालिक सहित कई लोग मौजूद थे।**

### 27% ओबीसी आरक्षण देने की घोषणा एक राजनीतिक स्टंट

लालचंद महतो ने कहा कि झारखंड सरकार द्वारा 1932 आधारित स्थानीय नीति और 27% ओबीसी आरक्षण देने की घोषणा एक राजनीतिक स्टंट है। क्योंकि इसे नवीं अनुसूची में डालना है, यह सर्वविदित है। केंद्र सरकार इस काम को नहीं करेगी, इसलिए झारखंड सरकार का यह निर्णय जनता को दिग्भ्रमित करने जैसा है। लालचंद महतो ने कहा कि जब तक झारखंड में ओबीसी आरक्षण तय नहीं हो जाता है, तब तक नगर निकाय चुनाव स्थगित किया जाना चाहिए। झारखंड के पिछड़ों के साथ यह अन्याय है, जिसे बर्दाश्त नहीं किया जायेगा। आने वाले दिनों में अगर सरकार निर्णय वापस नहीं लेती है, तो इसका पुरजोर विरोध किया जायेगा।

आजाद सिपाही | झारखंड में सबसे ज्यादा देखा जाने वाला चैनल
188100 Subscribers
VIEWERSHIP 3 Crore 80 lakh+
Watch Time (HR) 11 Lakh+
YouTube Channel
Subscribe NOW
No 1 Channel

वेदर

| शहर | अधिकतम | न्यूनतम |
|---|---|---|
| रांची | 25.3 °c | 20.5 °c |
| सूर्यास्त (आज) : | | 17.20 बजे |
| सूर्योदय (कल) : | | 05.47 बजे |



### पिछली सरकार ने तीन से घटा कर दो अंडा कर दिया था

# सरकारी स्कूल के छात्रों को सप्ताह में पांच दिन अंडा देगी हेमंत सरकार

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**रांची।** झारखंड के सरकारी स्कूलों में पढ़नेवाले कक्षा एक से आठ तक के बच्चों को अब हफ्ते में पांच दिन अंडा मिलेगा। जो बच्चे अंडा नहीं खाते हैं, उन्हें सरकार फल देगी। इसे लेकर शिक्षा विभाग ने तैयारी कर ली है। इस पहल से सरकारी स्कूलों के 32 लाख बच्चों को का स्वास्थ्य सुधरेगा। मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन पहले ही कह चुके हैं कि राज्य सरकार बच्चों को पौष्टिक आहार देकर उनके स्वास्थ्य को बेहतर करना चाहती है। सितंबर माह की कैबिनेट बैठक में फैसला हुआ था कि पीएम पोषण शक्ति निर्माण के तहत सरकार सप्ताह में दो दिन की जगह पांच दिन अंडा देगी। बता दें कि देश के कई राज्यों जैसे-कर्नाटक, तेलंगाना और ओड़िशा के सरकारी स्कूलों में बच्चों को मिड डे मील के तहत चावल, दाल, सब्जी के साथ अंडा मिलता है।

**32 लाख बच्चों का स्वास्थ्य सुधरेगा**



### क्यों दिया जाना है अंडा

सरकारी स्कूल में सभी बच्चों को अंडा देने का उद्देश्य यह है ताकि स्कूल में बच्चे रोजाना आयें और उन्हें पर्याप्त पोषण मिलता रहे। इससे कुपोषण जैसी समस्या पर काफी हद तक नियंत्रण पाया जा सकता है। अर्थशास्त्री ज्या द्रेंज ने बीते दिनों सूबे के खाद्य आपूर्ति मंत्री डॉ रामेश्वर उरांव को एक पत्र लिखा था। उसमें कहा था कि स्कूल और आंगनबाड़ी केंद्र में बच्चों को हर दिन एक-एक अंडा दिया जाये। उन्होंने बताया था कि स्कूलों में बच्चों की संख्या काफी कम है। जो आते हैं, उनमें भी कुपोषण की संख्या ज्यादा है। ऐसे में जरूरी है कि सभी बच्चों को एक-एक अंडा दिया जाये। इससे बच्चों में प्रोटीन की मात्रा बढ़ेगी। साथ ही बच्चों का स्कूल आने के प्रति रूझान भी बढ़ेगा।

### रघुवर कार्यकाल में अंडा तीन से घटा कर दो हो गया था


झारखंड के सरकारी स्कूलों के बच्चों को वर्तमान में सप्ताह में दो दिन अंडा दिया जा रहा है। रघुवर सरकार में पहले अंडा तीन दिन मिलता था। एक अंडे की कीमत चार रुपये थी। बाद में अंडा का दाम बढ़ कर छह रूपये हो गया। तब रघुवर सरकार ने तीन दिन की जगह दो दिन ही अंडा देने का फैसला किया। अब अंडे को प्रतिमाह पांच दिन किया जा रहा है।

### पांच दिन अंडा देने पर सरकार को खर्च करना होगा 400 करोड़

मीड डे मील योजना के तहत भोजन देने में केंद्र और राज्य सरकार का हिस्सा 60 : 40 है। अंडा देने का पूरा खर्च स्वयं राज्य सरकार उठाती है। रघुवर सरकार से अब तक हफ्ते में दो दिन अंडा देने में सरकार करीब 175 करोड़ रुपये खर्च करती है। वहीं अब पांच दिन देने से यह खर्च बढ़ कर 400 करोड़ के आसपास होने का अनुमान है।

### पहल : शिक्षकों की नियुक्ति का रास्ता साफ

# राज्यपाल ने दी विधेयक को मंजूरी, जेट पास छात्र सीधे देंगे इंटरव्यू



**आजाद सिपाही संवाददाता**

**रांची।** झारखंड में शिक्षकों की नियुक्ति का रास्ता साफ होता नजर आ रहा है। राज्यपाल रमेश बैस ने झारखंड विश्वविद्यालय संशोधन विधेयक 2022 को स्वीकृति दे दी है। इस संबंधित गजट भी विधि विभाग ने प्रकाशित कर दी है। झारखंड विधानसभा में यह विधेयक पास करने के बाद इसे राज्यपाल के पास भेजा गया था। अब इसकी मंजूरी के बाद विश्वविद्यालय में शिक्षकों की नियुक्ति का रास्ता साफ हो गया।

### 2200 से ज्यादा शिक्षकों की नियुक्ति का रास्ता साफ

इस विधेयक के लागू हो जाने से 2200 से ज्यादा शिक्षकों की नियुक्ति का रास्ता साफ हो गया। शिक्षकों की यह नियुक्ति जेपीएससी के माध्यम से ही जायेगी। शिक्षकों के लिए यह एक बेहतरीन मौका है, जहां जेट पास शिक्षक सीधे साक्षात्कार में शामिल हो सकते हैं। शिक्षक नियुक्ति के लिए जेट, नेट, पीएचडी और जेआरएफ में से किसी में एक में उत्तीर्ण होना होगा। इस विधेयक के अनुसार मेरिट लिस्ट एक साल के लिए वैध होगी। आयोग रिक्ति के आधार पर ही विवि के पास अभ्यर्थी की अनुशंसा करेगा।

### कर्मचारियों के प्रमोशन पर भी फैसला जल्द

सिर्फ शिक्षकों की नियुक्ति का नहीं, जेपीएससी ने विभिन्न विभागों सहित विवि में लंबित प्रोन्नति का मामला निबटाने की भी तैयारी में लगा है। 19 से 21 अक्तूबर तक दो विभागों के मामले पर विचार किया जायेगा। कृषि विभाग अंतर्गत वर्ग तीन से वर्ग दो के तहत चार अधिकारियों को प्रोन्नति दी जा सकती है। कार्मिक विभाग ने विवि शिक्षकों को प्रोन्नति देने के लिए यूजीसी रेगुलेशन- 2010 की समीक्षा को लेकर फाइल आयोग को भेजी है। आयोग इस फाइल की समीक्षा करके इस पर सहमति देगा, जिसके बाद इसके रेगुलेशन को प्रक्रिया के तहत कैबिनेट में रखा जायेगा।

# प्रधानमंत्री मोदी ने दी भगवान बिरसा और आदिवासी समुदाय को प्रतिष्ठा : अन्नपूर्णा

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**रांची।** केंद्रीय शिक्षा राज्यमंत्री अन्नपूर्णा देवी ने कहा है कि गुजरात सहित पूरे देश में भाजपा को आदिवासी समुदाय का भरपूर समर्थन मिल रहा है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और उनकी सरकार द्वारा आदिवासी वीरों, शहीदों और महापुरुषों को यथोचित सम्मान दिये जाने तथा जनजातीय समुदाय के हित में किये गये कार्यों की वजह से आदिवासी समाज का विश्वास प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, उनकी सरकार और भाजपा के प्रति बढ़ा है। गुजरात में आयोजित भगवान बिरसा मुंडा आदिवासी गौरव यात्रा के दौरान गांव- गांव और शहर-शहर में जनजातीय समुदाय ने



व्यापक भागीदारी और उत्साह के माध्यम से भाजपा के प्रति अपनी निष्ठा व्यक्त की है। गुजरात के गोधरा, छोटा उदेपुर और दाहोद जिले में भगवान बिरसा मुंडा आदिवासी गौरव यात्रा में शामिल होने के बाद अन्नपूर्णा देवी ने ये बातें कहीं।

केंद्रीय शिक्षा राज्यमंत्री अन्नपूर्णा देवी ने अपने गुजरात प्रवास के दौरान गोधरा के श्री गोविंद गुरु विश्वविद्यालय में आयोजित स्टूडेंट, स्टार्ट अप एंड इनोवेशन कार्यक्रम में हिस्सा लिया। इस दौरान उन्होंने युवा उद्यमियों द्वारा आविष्कारी सोच के साथ शुरू किये गये उद्यमों का जायजा लिया और उन्हें सम्मानित भी किया।

इसके बाद भगवान बिरसा मुंडा को नमन कर तेजगढ़ से उन्होंने भगवान बिरसा मुंडा आदिवासी गौरव यात्रा आरंभ की, जो छोटा उदेपुर, झोझ, दाहोद जिले के फंगिया, कंजेटा, धानपुर, गांगरडी, गरबड़ा, बबेज होते हुए दाहोद शहर में समाप्त हुई। यात्रा के दौरान जगह-जगह जनजातीय समुदाय के लोगों ने केंद्रीय शिक्षा राज्यमंत्री का भव्य स्वागत किया, कई जनसभाएं भी हुईं। आसन्न गुजरात विधानसभा चुनाव की चर्चा करते हुए उन्होंने कहा कि गुजरात भाजपा ने देश को एक ऐसा नायक दिया है, जो खुद को देश का प्रधान सेवक बताने में गर्व की अनुभूति करता है और विगत साढ़े आठ वर्षों से अपनी सेवा के जरिये यह सिद्ध भी कर रहा है। ऐसे में, गुजरात में भाजपा के सामने कोई भी दल चुनौती पेश करने की स्थिति में नहीं है। भाजपा जीत का अपना रिकार्ड खुद तोड़ेगी और पिछली बार की तुलना में ज्यादा सीटें जीत कर प्रचंड बहुमत के साथ एक बार फिर गुजरात में सरकार बनायेगी।

### प्रदेश कांग्रेस कार्यालय में बंटी मिठाई, ढोल-नगाड़े के साथ हुई आतिशबाजी

# मल्लिकार्जुन खड़गे की जीत का मना जश्न

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**रांची।** मल्लिकार्जुन खड़गे की जीत पर झारखंड प्रदेश कांग्रेस कार्यालय में कार्यकर्ताओं ने जमकर खुशियां मनायीं। ढोल-नगाड़े के साथ खूब आतिशबाजी की और मिठाइयां बांटी। कांग्रेस के प्रदेश प्रवक्ता राजीव रंजन ने कहा कि एक अनुभवी चेहरा, नौ बार विधायक-दो बार सांसद के अलावा लंबा सांगठनिक अनुभव वाले मल्लिकार्जुन खड़गे को पार्टी की बागडोर सौंपी गयी है। उन्होंने कहा कि श्री खड़गे पार्टी अध्यक्ष के तौर पर चुनकर आये हैं तो निश्चय ही आने वाले दिनों में भारतीय राजनीति में मील का पत्थर साबित होगा।



### प्रदेश अध्यक्ष समेत चारों मंत्री दिल्ली पहुंचे

कांग्रेस नेता मल्लिकार्जुन खड़गे के राष्ट्रीय अध्यक्ष निर्वाचित होने पर प्रदेश कांग्रेस के नेताओं ने बधाई दी है। बुधवार को प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष राजेश ठाकुर, मंत्री रामेश्वर उरांव, मंत्री आलमगीर आलम, मंत्री बन्ना गुप्ता और कृषि मंत्री बादल दिल्ली रवाना हुए। दिल्ली रवाना होने से पहले मीडिया से बात करते हुए मंत्री बन्ना गुप्ता ने कहा कि मल्लिकार्जुन खड़गे के कांग्रेस अध्यक्ष बनने पर कांग्रेस पार्टी और भी अधिक मजबूत होगी। उन्होंने कहा कि सोनिया गांधी एक अनुभवी नेत्री हैं। पार्टी को सोनिया और राहुल गांधी का मार्गदर्शन मिलता रहेगा। जश्न कार्यक्रम में अनादि ब्रह्म, मानस सिन्हा, राजीव रंजन प्रसाद, राकेश सिन्हा, डॉ एम तौसीफ, डॉ राकेश किरण महतो, अमुल्य नीरज खलखो, रवींद्र सिंह, केशव महतो कमलेश, सतीश पॉल मुंजनी, आभा सिन्हा, सुरेश बैठा, राजन वर्मा, सलीम खान, सुरेंद्र सिंह, सुरेन राम, छोटू सिंह, नरेंद्र लाल गोपी, वारिश कुरैशी, शहीद अहमद, सुधीर सिंह, गुलाम रब्बानी, रामानंद केशरी सहित कई अन्य कार्यकर्ता मौजूद थे।

# 19 से 23 नवंबर तक भाजपा सभी जिलों में सड़क पर उतर कर सरकार को घेरेगी

**झारखंड के 32620 गांव, 4423 पंचायत और 29413 बूथों पर होगा धरना-प्रदर्शन**



**आजाद सिपाही संवाददाता**

**रांची।** झारखंड में भ्रष्टाचार के खिलाफ भाजपा 19 से 23 नवंबर तक झारखंड में जोरदार आंदोलन करेगी। पांच दिनों तक भाजपा राज्य के सभी जिला मुख्यालय और 260 प्रखंडों में धरना-प्रदर्शन करेगी। प्रखंड कार्यालयों का काम भी ठप कराया जायेगा। प्रदेश भाजपा के सभी सांसद, विधायक, कोर कमेटी सदस्य, कार्यसमिति सदस्य और पार्टी के पदाधिकारी प्रखंडों में होनेवाले धरना-प्रदर्शन में प्रतिनिधित्व करेंगे। भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष दीपक प्रकाश ने प्रेस कॉन्फ्रेंस कर यह जानकारी दी। उन्होंने कहा कि गांव अब भाजपा का है। आंदोलन के माध्यम से भाजपा सरकार को झकझोरेगी। सरकार को असलियत से अवगत कराया जायेगा। भाजपा की कोशिश है कि कार्यक्रम में प्रदेश के 260 प्रखंड, 32620 गांव, 4423 पंचायत और 29413 बूथों के लोग शामिल हों।

### झारखंड में भ्रष्टाचार की पराकाष्ठा है: दीपक प्रकाश

दीपक प्रकाश ने कहा कि पूरे राज्य में आज भ्रष्टाचार की पराकाष्ठा है। यह सरकार भ्रष्ट नौकरशाहों को संरक्षण देनेवाली सरकार है। राज्य में स्टेट स्पॉंसर करप्शन चरम पर है। उन्होंने साहिबगंज गंगा नाव हादसे को लेकर एक बार फिर सवाल उठाया और कहा कि सरकार ने अब तक वहां के डीसी और एसपी से एक भी सवाल नहीं पूछा, ना ही कोई एफआइआर किया गया है। सरकार घटना के जिम्मेदार लोगों को बचाना चाहती है। रांची में सेना की जमीन हड़पने के मामले को भी उन्होंने उठाया और कहा कि मामले में मुख्यमंत्री के साथ रहनेवाले लोग आरोपी हैं। 100 करोड़ से ऊपर की जमीन दोबारा रजिस्ट्री कर महज 7 करोड़ रुपये में खरीदी गयी, जबकि जमीन का सरकारी रेट भी 20 करोड़ है। जमीन खरीदने वाले का नाम आ गया है। अब इडी जांच करे कि जमीन खरीदने में किसके पैसे लगे हैं।

# राज्य में पुलिस ही सुरक्षित नहीं, तो आम आदमी कितना सुरक्षित: बाबूलाल मरांडी

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**रांची।** बुधवार को राज्य की सुरक्षा व्यस्था पर सवाल करते हुए झारखंड के प्रथम मुख्यमंत्री और भाजपा विधायक दल के नेता बाबूलाल मरांडी ने सोशल मीडिया पर एक ट्वीट के जरिये लिखा है कि राज्य में जब पुलिस ही सुरक्षित नहीं है, तो आम आदमी कितना सुरक्षित है? बाबूलाल मरांडी ने सवाल करते हुए हेमंत सरकार को घेरा है। मरांडी ने आगे लिखा है कि कल रात राजधानी के धुर्वा इलाके में गश्ती पर गयी पुलिस पर भीड़ ने न केवल दारोगा और जवानों को पीटा, बल्कि गाड़ी जलाने की धमकी भी दी, गश्ती दल ने किसी तरह भाग कर अपनी



जान बचायी। ये है झारखंड के अपराधियों की हिम्मत।

बताते चलें कि समोवार देर रात को पेट्रोलिंग पार्टी पर हमला हुआ था। रात को तकरीबन 11:30 बजे धुर्वा स्थित टंकी साइट के पास टीओपी-3 के पास एक व्यक्ति बैठा हुआ था। पेट्रोलिंग टीम ने जब उस व्यक्ति से पूछा कि यहां क्यों बैठा है, तो उसने कोई जवाब नहीं दिया। उससे जब दोबारा पूछा गया तो उसने बताया कि यहीं घर है। एसआइ नारायण सोरेन ने इस घटना के संबंध में जानकारी देते हुए बताया कि जब उसे घर के अंदर जाने को कहा, तो वह भड़क गया। परिवार के लोग भी पहुंचे और पुलिस से बहस करने लगे। थाने के बड़ा बाबू के निर्देश पर टीम वापस लौट गयी। थोड़ी देर बाद भीड़ थाने में आ गयी। गाड़ी एवं थाना जलाने की धमकी दी। एसआइ नारायण सोरेन ने धुर्वा थाने में इस मामले में पांच लोगों के खिलाफ नामजद प्राथमिकी दर्ज की है।

# अखिल भारतीय क्षत्रिय महासभा के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष बने प्रतुल शाहदेव

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**रांची।** भाजपा के प्रदेश प्रवक्ता प्रतुल शाहदेव अखिल भारतीय क्षत्रिय महासभा के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष बनाये गये हैं। महासभा के राष्ट्रीय अध्यक्ष विक्रमादित्य सिंह जूदेव ने उन्हें तत्काल प्रभाव से उपाध्यक्ष नियुक्त किया है। उनका कार्यकाल दो साल का होगा। नियुक्ति पत्र में राष्ट्रीय अध्यक्ष ने शुभकामनाएं देते हुए आशा व्यक्त की है कि प्रतुल अपनी जिम्मेदारी पूरी निष्ठा से निभायेंगे। राष्ट्रीय उपाध्यक्ष नियुक्त होने के बाद प्रतुल शाहदेव ने राष्ट्रीय अध्यक्ष और महासभा के



सभी पदाधिकारियों का आभार व्यक्त किया। कहा है कि समाज के उत्थान की दिशा में प्रयास करेंगे और दहेज प्रथा एवं बाल विवाह जैसी कुरीतियों के खिलाफ जनचेतना बढ़ायेंगे।

### कई लोगों ने प्रतुल को बधाई दी

राष्ट्रीय उपाध्यक्ष नियुक्त होने पर संस्था के संरक्षक युवराज अजीत पाल सिंह, सांसद सुशील सिंह, दिलीप सिंह राणा, स्वामी मुरारी दास, उपाध्यक्ष गजेंद्र सिंह चौहान, युवा इकाई के राष्ट्रीय अध्यक्ष विभु ठाकुर, महिला इकाई की संरक्षक युवरानी जया सिंह जूदेव, महिला इकाई की राष्ट्रीय अध्यक्ष मंजर शेखावत, शाहदेव संगठन के अध्यक्ष आकाश शाहदेव समेत अनेक लोगों ने प्रतुल को बधाई दी।

### आयोजन : खेलो सिल्ली अभियान को लेकर ग्रासरूट स्पोर्ट्स ट्रेनिंग सेमिनार

# 403 गांव को खेलों के साथ जोड़ने का लक्ष्य

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**सिल्ली।** सिल्ली पॉलिटेक्निक सभागार में बुधवार को खेलो सिल्ली अभियान को लेकर ग्रास रूट स्पोर्ट ट्रेनिंग सेमिनार का आयोजन किया गया। गौरतलब है कि इस अभियान के तहत क्षेत्र के 403 गांवों को विभिन्न खेलों से जोड़ने का प्रयास किया जा रहा है। सिल्ली क्षेत्र को एजुकेशन और खेल के क्षेत्र में अव्वल करने का लक्ष्य रखा गया है। मौके पर मुख्य अतिथि सुदेश महतो ने कहा कि क्षेत्र का हर यूथ खिलाड़ी होगा, युवाओं में भटकाव न हो, इस पर सबको मिल कर काम करना होगा। क्षेत्र के अंतरराष्ट्रीय खिलाड़ियों और स्थानीय खेल प्रभारियों को क्षेत्र के 20 हजार युवाओं का भविष्य संवारने के काम में जुट जाना है।




खेलो सिल्ली अभियान के तहत अंडर 14 और 17 के बालक बालिका वर्ग के खिलाड़ियों को गांव में ही आर्चरी, वुशु, फुटबाल, एथलेटिक्स, वॉलीबाल, कबड्डी, खोखो जैसे खेलों के खिलाड़ियों को प्रशिक्षण दिया जायेगा और उनके बीच प्रतियोगिता आयोजित की जायेगी। अभियान की शुरूआत नवंबर महीने से होगी। इससे पहले सभी पंचायतों के खेल मैदानों में जरूरी मूलभूत खेल संसाधन मुहैया कराये जायेंगे। आज के सेमिनार सह प्रशिक्षण कार्यक्रम में अंतर राष्ट्रीय तीरंदाजी कोच प्रकाश राम ने तीरंदाजी, सुशील वर्मा ने फुटबॉल, राजीव रंजन सिंह ने एथलेटिक्स, हरीश कुमार ने कबड्डी, भवानी महतो खोखो, दिनेश सिंह ने वॉलीबॉल खेलों के लिए ग्राउंड की तैयारी और खेलों से संबंधित विभिन्न बारीकियों के साथ नियमों की विस्तृत जानकारी दी है। खेलो सिल्ली अभियान में खिलाड़ियों के नामांकन के लिए प्रभारियों के बीच नामांकन फॉर्म का वितरण किया गया। इस मौके पर गौतम कृष्ण साहू, श्याम महतो, चारूबाला देवी, शीला साहू, संजय सिद्धार्थ, अंतरराष्ट्रीय खिलाड़ी गदाधर महतो, वुशु कोच वाहिद अली, आर्चरी कोच शिशिर महतो, रोहित कोइरी, काली महतो समेत काफी संख्या में खेल प्रभारी उपस्थित थे। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में पूर्व खेल मंत्री सह स्थानीय विधायक सुदेश कुमार महतो, पूर्व प्रबंधक स्पोर्ट्स अथॉरिटी ऑफ इंडिया सह अंतरराष्ट्रीय फुटबॉल कोच सुशील वर्मा भी मौजूद थे।

## राशिफल

**डॉ एनके बेरा** | 9431114351

- **मेष**: नौकरी में उच्चाधिकारियों एवं सहयोगियों का सहयोग मिलेगा, ऐश्वर्य की वृद्धि होगी।
- **वृष**: बुद्धि-चतुरता से महत्वपूर्ण कार्य में सफलता, कर्मक्षेत्र में मनोनुकूल वातावरण रहेगा।
- **मिथुन**: धन-द्रव्य-वस्त्र आभूषण की प्राप्ति, नयी कार्ययोजनाओं के प्रति रूचि बढ़ेगी।
- **कर्क**: कर्मक्षेत्र यशस्वीकार्य करने का अवसर, व्यापरिक विस्तार की योजना सफल होगा।
- **सिंह**: संकल्पित कार्य पूरा होगा, घर-गृहस्थी का सुख, संतान की उन्नति से मन प्रसन्न रहेगा।
- **कन्या**: धन प्राप्ति के प्रयासों में सफलता मिलेगी, शुभ समाचार की प्राप्ति होगी।
- **तुला**: विविध उलझनों से छुटकारा मिलेगा, नौकरी एवं सरकारी कार्यों में सफलता मिलेगी।
- **वृश्चिक**: धन लाभ होगा, संयम, धैर्य,कूटनीतिक चालों से जरूर राहत मिलेगी।
- **धनु**: विद्या-बुद्धि प्रतिभा का विकास, रोजी-रोजगार के क्षेत्र में प्रभावशाली व्यक्तित्व का विकास।
- **मकर**: संतान की उन्नति से मन प्रसन्न रहेगा, परिवार में मांगलिक कार्य संपन्न होगा।
- **कुंभ**: नयी नौकरी मिलने के संयोग बनेगा, सपरिवार मनोरंजन-भ्रमण के साधन बनेंगे।
- **मीन**: रोजी-रोजगार के क्षेत्र में कठिनाइयों पर विजय, परेशानी से छुटकारा।

# कुपोषण को गंभीरता से ले सरकार : विजय शंकर नायक



**रांची।** झारखंडी सूचना अधिकार मंच के केंद्रीय अध्यक्ष सह आदिवासी-मूलवासी जनाधिकार मंच के केंद्रीय उपाध्यक्ष विजय शंकर नायक ने बुधवार को कहा कि जिस राज्य की 67 प्रतिशत किशोरी बच्चियां और 65.5 प्रतिशत महिलाएं खून की कमी के कारण एनीमिक बीमारी से ग्रस्त हों, उस राज्य के नौकरशाहों को चुल्लू भर पानी में डूब कर मर जाना चाहिए। नायक ने आगे कहा कि नेशनल फैमिली हेल्थ सर्वे के अनुसार झारखंड देश के उन तीन राज्यों में शामिल है, जहां आयरन फोलिक एसिड की कमी से पीड़ित मरीजों की संख्या काफी अधिक है। हालांकि यहां पर लौह अयस्क और खान खनिज के प्रचुर भंडार हैं, पर गरीबी और सामाजिक हालात के कारण बच्चे, महिलाएं और किशोरियां आज आयरन की कमी से ग्रसित हैं। ऐसे में विधायकों और सांसदों को अब सांसद एवं विधायक बने रहने का नैतिक अधिकार नहीं है। नायक ने यह भी कहा कि सबसे गंभीर विषय यह है कि ग्रामीण आदिवासी बाहुल्य इलाकों में ऐसी महिलाओं की तादाद सबसे ज्यादा पायी गयी है।

आजाद सिपाही | झारखंड में सबसे ज्यादा देखा जाने वाला चैनल
188100 Subscribers
VIEWERSHIP 3 Crore 80 lakh+
Watch Time (HR) 11 Lakh+
YouTube Channel
Subscribe NOW
No 1 Channel

# 43 नये डिप्टी कलेक्टर जिला में लेंगे ट्रेनिंग

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**रांची।** कार्मिक विभाग ने संयुक्त असैनिक सेवा प्रतियोगिता परीक्षा-2021 से नियुक्त एवं पदस्थापित 43 उप समाहतार्ताओं को जिला प्रशिक्षण के लिए जिला आवंटित कर दिया है।

इस संबंध में अधिसूचना जारी कर दी गयी है। सभी अधिकारियों की हाल में एटीआइ में प्रशिक्षण दिया गया था। इनमें से कई अधिकारियों ने योगदान भी दे दिया है। इन्हें ये जिला मिल - सावित्री कुमारी-धनबाद, अभिनव कुमार-गोड्डा, आशीष कुमार साहू-पलामू, भोला पांडेय-बोकारो, आशा साहू-धनबाद, विवेक कुमार-चतरा, अमृत सिंह-बोकारो, विजय कुमार मंडल-गोड्डा, सौरभ कुमार-चतरा, गौतम कुमार मोदी-दुमका, मो.आफताब आलम-गिरिडीह, अमन कुमार-हजारीबाग, दुर्गा कुमार-कोडरमा, सुमित कुमार मिश्रा-बोकारो, विनय कुमार-हजारीबाग, राहुल कुमार शानू-गढ़वा, प्रवीण कुमार-चतरा, विश्व प्रताप मालवा-हजारीबाग, अमित कुमार पासवान-लातेहार, शशि संदीप सोरेन-पाकुड़, अभिषेक कुमार-कोडरमा, अभिषेक कुमार दीप-गढ़वा, कोकिला कुमारी-सरायकेला, सुमित कुमार झा-गुमला, नीलू टुडू-गिरिडीह, पूजा सिन्हा-लोहरदगा, विनोद कुमार सिंह-पलामू, कुमार अरविंद बेदिया-पूर्वी सिंहभूम, शुभम बेला तोपनो-रांची, हंस हेम्ब्रोम-जामताड़ा, सतीश भगत-पश्चिम सिंहभूम, ममता मरांडी-देवघर, वरुण कुमार-गिरिडीह, सोनाराम हांसदा-जामताड़ा, गौरव कुमार राय-दुमका, अरूण कुमार मुंडा-सरायकेला-खरसावां, नूतन मिंज-सिमडेगा, आरती मुंडा-खूंटी, संदीप कुमार-लोहरदगा।

# डोरंडा काली पूजा पंडाल में थाइलैंड के द व्हाइट टेंपल का दिखेगा नजारा

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**पंडाल निर्माण में 40 लाख रुपये की लागत आयेगी**

**रांची।** हर साल की तरह इस साल भी गांधी मैदान डोरंडा में भव्य काली पूजा पंडाल बनाया जा रहा है। पूजा पंडाल को थाइलैंड के द व्हाइट टेंपल का रूप दिया जा रहा है। पंडाल में बांस और नेट की महीन कारीगरी आकर्षण का केंद्र होगी। कारीगर पूजा पंडाल के निर्माण कार्य को अंतिम रूप देने में जुटे हुए ह।

## 1951 से डोरंडा में हो रहा काली पूजा का आयोजन

डोरंडा बाजार काली पूजा समिति के मीडिया प्रभारी मनोज वर्मा ने बताया कि कोरोना और लॉकडाउन के कारण पिछले दो साल से काली पूजा का भव्य आयोजन नहीं हो सका था। ऐसे में इस बार धूमधाम से पूजा करने का निर्णय लिया गया। मनोज वर्मा ने बताया कि इस बार पूजा पंडाल 40 लाख रुपये की लागत पर बन रहा है। इस बार पंडाल को थाइलैंड के द व्हाइट टेंपल जैसा लुक दिया जा रहा है। हालांकि इसका रंग पिंक होगा। उन्होंने बताया कि पंडाल के अंदर स्टील के बर्तनों से सजाया जायेगा। पंडाल का पट 24 अक्टूबर शाम 07 बजे तक खुल जायेगा। पंडाल 28 अक्टूबर तक रहेगा। मनोज वर्मा ने बताया कि सन 1951 से यहां काली पूजा का आयोजन हो रहा है।

# रिम्स में कुव्यवस्था के खिलाफ युवा राजद ने सौंपा ज्ञापन

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**रांची।** राष्ट्रीय जनता दल युवा मोर्चा की टीम ने बुधवार को रिम्स निदेशक डॉ कामेश्वर प्रसाद और चिकित्सा अधीक्षक डॉ हिरेंद्र बिरुआ से मिल कर अस्पताल की अव्यवस्था की ओर ध्यान आकृष्ट करवाया। गौरतलब है कि सोमवार को राजद की टीम ने न्यूरो सर्जरी और अन्य विभागों का निरीक्षण किया था। इस दौरान सदस्यों ने अस्पताल की कई खामियों को देखा। निरीक्षण के उपरांत टीम ने निदेशक को ज्ञापन सौंपा है।

## सीएम, स्वास्थ्य मंत्री, मुख्य सचिव और विभागीय सचिव को सौंपेंगे ज्ञापन

राजद युवा मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष रंजन यादव ने कहा कि टीम ने सोमवार को अस्पताल के कई वार्डों का निरीक्षण किया था। इस दौरान कई खामियां पायी गयी थीं। हम लोगों ने व्यवस्थाओं की ओर प्रबंधन का ध्यान आकृष्ट कराने के लिए निदेशक और चिकित्सा अधीक्षक को ज्ञापन सौंपा, क्योंकि राज्य भर के मरीजों को रिम्स से अच्छी चिकित्सा की उम्मीद होती है, लेकिन यहां की व्यवस्था सही नहीं है। फर्श पर इलाज होता है। इस वजह से परेशानी होती है। तमाम विषयों को लेकर मुख्यमंत्री, स्वास्थ्य मंत्री, मुख्य सचिव और विभागीय सचिव को भी राजद ज्ञापन सौंपेगा।

## निरीक्षण के दौरान ये रहे मौजूद

निरीक्षण के दौरान फिरोज अंसारी, मंतोष यादव, गायत्री देवी, कमलेश यादव समेत कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## गढ़वा के बूढ़ा पहाड़ में सुरक्षा बलों को फिर मिली सफलता

# बंकर में रखे आइइडी बम गोला और बारूद बरामद

**आजाद सिपाही संवाददाता**



**रांची।** गढ़वा जिले में नक्सलियों का सेफ जोन कहा जाने वाला बूढ़ा पहाड़ पर पिछले कई दिनों से चल रहे नक्सल उन्मूलन अभियान के तहत सर्च अभियान के दौरान फिर एक बार बुधवार को सीआरपीएफ कोबरा 203 के ई बटालियन को अबतक की सबसे बड़ी सफलता हाथ लगी है।

बता दें कि बूढ़ा पहाड़ स्थित थलिया से मंगलवार को काफी मात्रा में नक्सलियों का जखीरा बरामद किया गया था। बुधवार को दोबारा झंडी मुंडी नामक जगह के पास जंगल में स्थित आसनपानी एवं जोकपानी स्थल के पास माओवादियों द्वारा बनाया गया एक बंकर मिला। बंकर में सर्च करने के बाद उसमें छुपा कर रखा हुआ भारी मात्रा में आइइडी बम, हथियार एवं गोला-बारूद सहित काफी मात्रा में अन्य सामग्री भी बरामद किये गये हैं।

**इन असलहों की हुई बरामदगी :** बताया गया कि बुधवार को सीआरपीएफ के कोबरा 203 बटालियन के डिप्टी कमांडेंट जितेंद्र कुमार के नेतृत्व में एवं झारखंड पुलिस द्वारा संयुक्त रूप से बूढ़ा पहाड़ के जंगलों में लगातार सर्च अभियान चलाया जा रहा है। इसी क्रम में बंकर दिखने पर उसकी जांच के दौरान नक्सलियों द्वारा बंकर में छुपा कर रखे गये विभिन्न क्षमता के 52 आइइडी बम सहित देसी ग्रेनेड दो पीस, कोरडेक्स 15 केजी,12 वाट बैटरी दो पीस, 9 एमएम मैगजीन एक पीस, तार तीन बंडल, विस्फोट में उपयोग होने वाला सेफ्टी फ्यूज आठ किलो, डेटोनेटर इलेक्ट्रॉनिक 250 पीस, डेटोनेटर नन इलेक्ट्रॉनिक दो पीस, विस्फोट में उपयोग होने वाली स्प्रिंग प्रेशर मशीन एक पीस, एमसीएल दस पीस सहित अन्य सामग्रियों की भी बरामदगी हुई है। सर्च अभियान में मुख्य रूप से इंस्पेक्टर अमर सिंह मीणा, जीडी जेफ्री, हेड कांस्टेबल राकेश कुमार, महेंद्र कुमार, महेंद्र कुमार, कमांडों लाल सिंह, अवधेश ओझा, बाल सिंह, बृजेश कुमार, कांस्टेबल विजय हदीया, विनोद कुमार, आकाश बंसल एवं धनन्जय आदि सहित अन्य जवान शामिल थे।

# टीबीजेड द ओरिजिनल में त्योहारों पर आभूषण खरीदारों को बनवायी पर मिल रही है भारी छूट

**आजाद सिपाही संवाददाता**



**रांची।** कोरोना काल से लेकर अब तक सोने के भाव में उतार-चढ़ाव चलता रहा है। अब धनतेरस से पहले सोने के दाम में थोड़ी नरमी आने से आभूषण विक्रेता खुश हैं। आभूषण विक्रेताओं को उम्मीद है कि सोने के भाव में कमी आने पर आभूषणों की बिक्री बढ़ेगी। इस संदर्भ में बात करते हुए टीबीजेड के प्रतिनिधि रविकांत ने बताया की धनतेरस और लगन के लिए इन्होंने बड़ी तैयारी की हुई है। ग्राहकों को लुभाने के लिए उनके स्टोर में सोने के गहनों का बनवायी शुल्क 399 रुपये दे रहे हैं और हीरे के आभूषण पर कोई बनवायी नही ली जा रही है। ग्राहक अपने पुराने सोने को एक्सचेंज भी कर सकते हैं, जिस पर उन्हें 100 प्रतिशत एक्सचेंज वैल्यू मिलेगी। आभूषण खरीदने के इच्छुक लोग धनतेरस और लगन के लिए बुकिंग करवाने के लिए पहुंच रहे हैं। त्योहार और लगन को देखते हुए इस बार टीबीजेड में अनन्या, दिव्या, डिवाइन, एंटीक , टेंपल, सोने के सिक्के इत्यादि की बेहतरीन श्रृंखला पेश की है, जो राज्यवासियों को काफी पसंद आयेंगी।

# कोकर इलाके का मिल कर विकास करेंगे : संजीव विजयवर्गीय

**आजाद सिपाही संवाददाता**



**रांची।** 19 अक्टूबर को वार्ड नंबर 10 अंतर्गत तिरील तालाब सौंदर्यीकरण के अलावा कई मोहल्लों में पेबर ब्लॉक पथ का उद्घाटन रांची के डिप्टी मेयर संजीव विजयवर्गीय और पार्षद अर्जुन यादव ने किया। डिप्टी मेयर ने कहा कि लंबे समय से लोग इसकी मांग कर रहे थे। साथ ही कहा कि हम लोग कोकर इलाके का मिल कर विकास करने में लगे हैं और आगे भी विकास करते रहेंगे। वहीं वार्ड 10 के पार्षद अर्जुन यादव ने कहा कि तिरील तालाब वार्ड की आन, बान और शान है। इसका सौंदर्यीकरण हो जाने से तालाब लोगों को आकर्षित कर रहा है। हर गली मोहल्ले में पेबर ब्लॉक लगा कर मोहल्ले की गलियों को भी सुंदर बनाने का काम किया गया है। मैं जनता का सेवक हूं और आप लोगों के आशीर्वाद से सेवा करता रहूंगा। अपने कर्तव्य के तहत दिन-रात पब्लिक सेवा में लगा हूं। मौके पर पूर्व पार्षद संगीता देवी, किरण बाखला, चिंता देवी, रूबी देवी, कमल उरांव, मोहन महतो, राजू राम, सुनील उरांव, रामउदित महतो, जगदेव महतो, विश्वनाथ महतो, नारायण महतो, सूरज पासवान, प्रकाश राम समेत अन्य मौजूद थे।

## रांची जिला मारवाड़ी महिला सम्मेलन ने अर्धनारीश्वर को किया सम्मानित

# किन्नरों के गुण क्षमता को आगे बढ़ाना समाज एवं देश का दायित्व है: नीरा बथवाल

**आजाद सिपाही संवाददाता**



**रांची।** अखिल भारतीय मारवाड़ी महिला सम्मेलन रांची शाखा के तत्वावधान में महाराजा अग्रसेन भवन में कन्या पूजन एवं किन्नरों का सम्मान कार्यक्रम का आयोजन किया। बुधवार को आयोजित कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि अखिल भारतीय मारवाड़ी महिला सम्मेलन की राष्ट्रीय अध्यक्ष नीरा बथवाल शरीक हुईं। राष्ट्रीय कोषाध्यक्ष गीता डालमिया, सुशीला गुप्ता, शाखा अध्यक्ष नैना मोर ने नरगिस एवं उनकी टीम के 30 किन्नरों का स्वागत किया। उन्हें उपहार स्वरूप साड़ी, चादर, शॉल, मिठाई का डब्बा, शगुन के 501 रुपये और गुलाब का फूल देकर सम्मानित किया गया। राष्ट्रीय अध्यक्ष नीरा बथवाल ने कहा कि रामचरितमानस में भी लिखा है कि जब भगवान राम ने धनुष तोड़ा तो उस समय आकाश से देवता गंधर्व और किन्नर भी फूल बरसाने लगे। ऐसे शिव रूप, अर्धनारीश्वर के गुण क्षमता को आगे बढ़ाना समाज और देश का दायित्व है। राष्ट्रीय सचिव रूपा अग्रवाल ने कहा कि इन्हें समाज में इज्जत दिलाने के लिये आर्थिक रूप से स्वावलंबी बनाना हमारा उद्देश्य है। नरगिस ने कहा कि हम घर-घर बधाई लेकर जाते हैं। बदले में प्यार,पैसा और सम्मान सभी मिलता है। तरह-तरह के लोग मिलते हैं। कुछ प्यार देते हैं, तो कुछ देख कर दरवाजा बंद कर लेते हैं। उन्होंने इस अनोखे कार्यक्रम के लिये समिति की बहनों का आभार प्रकट किया। उन्होने कहा कि बहनों से इतना प्यार, स्वागत, सत्कार, सम्मान पाकर खुशी से आज मेरी आंखें भर आयी है।

कार्यक्रम को सफल बनाने में मधु सर्राफ, मंजू लोहिया, रीता केडिया, रीना सुरेखा, बबीता नारसरिया, रेखा अग्रवाल, सरोज गर्ग, लक्ष्मी पाटोदिया, अरुण गुप्ता, सीमा टांटिया, सुशीला पोद्दार, अनुपमा राजगढ़िया, मंजू केडिया, उर्मिला पाड़िया एवं समिति की सभी सदस्यों का योगदान रहा। रांची जिला मारवाड़ी सम्मेलन के प्रवक्ता संजय सर्राफ ने ऐसे अनूठे सामाजिक एवं जनसेवा कार्य के लिये रांची जिला मारवाड़ी महिला सम्मेलन को बधाई दी है।

## महत्वपूर्ण न्यूज

### सेवन स्टार्स अकादमी में बाल संसद आयोजित



रांची(आजाद सिपाही)। सेवन स्टार्स अकादमी हेहल रांची में बुधवार को बाल संसद का गठन किया गया। साथ ही स्कूल हेड बॉय, हेड गर्ल, मोनिटर, हाउस कैप्टन, बैंड कप्तान, लीडर का चयन किया गया। इस दौरान सभी चुने हुए प्रतिनिधियों को बैच और पट्टा देकर सम्मानित किया गया। उप प्राचार्या ऋतु प्रिया ने सभी प्रतिनिधियों को अपने अपने कार्यों से अवगत कराया और पद एवम गोपनीयता की शपथ दिलायी। निदेशक बिंदेश्वर बेक ने सभी को शुभकामनाएं और बधाई दी। .मंच का संचालन सुचिता अनिता केरकेट्टा ने किया। मौके पर सोनामोती तिग्गा, प्रफुल्ल कुमार बिद, नेसार राजा, सुरेश सिंह, अमर अमीप और सभी शिक्षक गण उपस्थित थे।

### शारदा ग्लोबल स्कूल में इंटर हाउस इंग्लिश कंपटीशन



रांची (आजाद सिपाही)।शारदा ग्लोबल स्कूल में कक्षा द्वितीय और तृतीय के छात्रों का करेज एक्ज्यूबरेंट विजडम तथा रायटियस हाउसेज के बीच प्रतिस्पर्धा हुई जिसमें छात्रों ने उत्साह पूर्वक भाग लेकर अनेक पुरस्कार जीते। विद्यालय की डायरेक्टर एकेडेमिक्स डा रंजना स्वरूप और विद्यालय की प्राचार्या जसमीत कौर ने छात्रों की प्रस्तुति, भावपदर्शन, धारावाहिता और कठिन शब्दों धाराप्रवाह प्रस्तुति की भूरी-भूरी प्रषंसा करते हुए कहा कि छात्रों के सर्वांगिन विकास के लिए उनको प्रत्येक क्षेत्र में संवारना विद्यालय की प्रार्थमिकता है। उन्होंने विजयी छात्रों को उनकी सफलता के लिए बधाई देते हुए जीवन में और बेहतर करने के लिए प्रेरित किया।

### डीएसपीएमयू में राज्य का पहला खुला स्टडी सेंटर



रांची (आजाद सिपाही)। डॉक्टर श्यामा प्रसाद मुखर्जी विश्वविद्यालय में झारखंड राज्य का पहला स्टडी सेंटर खुला जिसमें निम्न कोर्स की शुरूआत की गयी। इस स्टडी सेंटर के उद्घाटन कार्यक्रम में प्रोफेसर डॉक्टर टी एन साहू कुलपति झारखंड राज्य खुला विश्वविद्यालय, प्रोफेसर डॉ घनश्याम सिंह कुलसचिव झारखंड राज्य खुला विश्वविद्यालय, प्रोफेसर डॉक्टर तपन कुमार शांडिल्य कुलपति डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी विश्वविद्यालय ,डॉ नमिता सिंह कुलसचिव डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी विश्वविद्यालय, रांची साथ में उपस्थित झारखंड राज्य खुला विश्वविद्यालय के वित्त पदाधिकारी सत्य प्रकाश, जनजातीय एवं क्षेत्रीय भाषा रांची विश्वविद्यालय रांची के के समन्वयक डॉक्टर हरि उरांव ,डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी विश्वविद्यालय के परीक्षा नियंत्रक डॉ आशीष गुप्ता और अन्य शिक्षक और कर्मचारी उपस्थित रहे।

### डीएवी पब्लिक स्कूल बरियातू प्रथम



रांची (आजाद सिपाही)। डीएवी पब्लिक स्कूल बरियातू रांची की क्विज टीम ने केरली स्कूल में यूनियन बैंक ऑफ इंडिया द्वारा आयोजित 'यू जीनियस नेशनल लेवल जेनरल अवेरनस क्विज कंपीटिशन' में प्रथम स्थान पाया। कुल पच्चीस विद्यार्थियों की पचास टीमों ने इसमें शिरकत किया। प्रीलिमिनरी राउंड में डीएवी बरियातू डीपीएस रांची, ब्रिजफोर्ड स्कूल, केरली स्कूल, विशप वेस्टकॉट गर्ल्स स्कूल नामकुम और सुरेंद्रनाथ सेंटेनरी स्कूल ने क्वालीफाई किया। प्रीलिमिनरी राउंड में भी डीएवी बरियातू को सबसे ज्यादा 20 में से 18 अंक आये थे। फाइनल राउंड में कक्षा दस के विदुष साईनाथ और शौर्य सांकृत की टीम ने 300 अंकों के साथ विजेता का ताज पहना। डीपीएस रांची 275 अंकों के साथ दूसरे स्थान पर रहा। डीएवी बरियातु की विजेता टीम नवंबर में होने वाले जोनल राउंड में रांची जिला का नेतृत्व करेगी। इस कार्यक्रम में यूनियन बैंक ऑफ इंडिया ने गणमान्य पदाधिकारी उपस्थित थे। प्राचार्य विनय कुमार पांडेय ने इस जीत पर हर्ष जताते हुए कहा कि कोरोना काल के बाद इस प्रकार की प्रतियोगिता में विजयी होना सुखद है। उन्होंने विजयी प्रतिभागियों को बधाई दी एवं जोर राउंड की शुभकामनाएं दीं।

### सरना कोड के लिए दिल्ली में 11-12 को महाधरना

रांची (आजाद सिपाही)। दिल्ली के जंतर-मंतर पर 11-12 नवंबर को देशभर के जनजातीय प्रतिनिधि सभा करके सरना धर्म कोड के लिए महाधरना देंगे। यह निर्णय राष्ट्रीय आदिवासी समाज सरना धर्म रक्षा अभियान से जुड़े अनुषंगी संगठनों ने संयुक्त रूप से हरमू देशावली में बुधवार को हुई बैठक में लिया। डॉ करमा उरांव की अध्यक्षता में हुई बैठक में बताया गया कि दिल्ली में होने वाले कार्यक्रम में देश के 21 राज्यों के अलावा नेपाल से भी सरना धर्मावलंबी आयेंगे। दो दिवसीय कार्यक्रम में राष्ट्रपति, प्रधानमंत्री, गृहमंत्री, जनजातीय मामलों के मंत्री व जनगणना आयोग के रजिस्ट्रार जनरल से प्रतिनिधिमंडल सरना धर्म कोड की मांग करेगा। बताया गया कि कार्यक्रम को व्यवस्थित कराने के लिए झारखंड से तीन सदस्यीय टीम 20 अक्टूबर को दिल्ली रवाना होगी। इसमें नारायण उरांव, संगम उरांव, प्रभात तिर्की शामिल हैं। बैठक में मौके पर रेणु तिर्की, शिवा कच्छप, महादेव मुंडा, बिरसा पहान, सुखराम पहान, अनिल उरांव, रोहित उरांव, दीपक तिग्गा, सुधीर उरांव आदि मौजूद थे।

आजाद सिपाही
रांची, गुरुवार, 20 अक्टूबर, 2022
www.azadsipahi.com


## सीसीएल- सुरक्षा विभाग ने चलाया डोजरिंग अभियान



**कुजू (आजाद सिपाही)।** कुजू कोलियरी की बंद पडी 7-8 सीम भूमिगत खदान के समीप अवैध कोयला उत्खनन सुरंग में छोटेलाल करमाली की मौत की घटना के बाद सीसीएल प्रबंधन और सुरक्षा विभाग ने क्षेत्र में डोजरिंग अभियान चलाकर कई अवैध उत्खनन सुरंगों को डोजर के माध्यम से बंद किया। अभियान के दौरान 9 नम्बर धौड़ा लोहागेट व 10 नम्बर धौड़ा लकड़ीगेट में चार अवैध कोयला उत्खनन सुरंगों को मिट्टी पत्थर डालकर बंद किया गया। बताते चलें कि 2 दिन पूर्व, जिला खनन पदाधिकारी नितेश गुप्ता ने क्षेत्र के कई कोयला उत्खनन सुरंगों को चिन्हित किया था। मौके पर अभियान में निशांत सिंह, सुरक्षा विभाग के हेमंत सिंह, जानकी भुइयां, मुकेश कुमार, नंदनी कुमारी, मनीषा तिग्गा, सोनी कुमारी, खुशबू कुमारी, दामिनी यादव, खखून रविदास समेत ओपी के एएसआई हीरालाल मुंडू सदल बल शामिल रहे।

## अंबा प्रसाद व योगेंद्र साव पर समर्थकों के साथ जमीन हड़पने का मेलानी के ग्रामीणों ने लगाया आरोप



**भुरकुंडा (आजाद सिपाही)।** बासल थाना क्षेत्र के मेलानी गांव के दर्जनों रैयतो ने विधायक अंबा प्रसाद व पूर्व कृषि मंत्री योगेंद्र साव पर समर्थकों के साथ जमीन हड़पने का आरोप लगाया है। इस दौरान दर्जनों की संख्या में महिला-पुरूष रैयतो ने विधायक अंबा प्रसाद व पूर्व कृषि मंत्री योगेंद्र साव के खिलाफ नारेबाजी कर विरोध जताया है। रैयतों ने बताया कि मौजा मेलानी खाता नंबर एक, प्लॉट नंबर 270 का लगभग ढ़ाई एकड़ जमीन पर विवाद चल रहा है। इस प्लॉट में धारा 107 भी लगा हुआ है। बावजूद इसके विधायक व पूर्व कृषि मंत्री के संरक्षण में नरेश महतो, धर्मनाथ महतो, रमेश महतो, शिवकुमार महतो, कमलेश महतो, तुलसी महतो, फुलेश्वर महतो आदि द्वारा जबरन विवादित जमीन पर काम कराया जा रहा है। मामले को ले बासल थाना से भी रैयतों द्वारा गुहार लगाई गई थी। कुछ देर कार्य बंद रहा लेकिन पुनः समर्थको द्वारा कार्य शुरू कर दिया गया है। यह सभी कार्य विधायक अंबा प्रसाद व पूर्व कृषि मंत्री योगेंद्र साव के इशारे पर हो रहा है। रैयतों ने आरोप लगाया कि यहां के स्थानीय लोगों को विधायक गुमराह कर शांति व्यवस्था भंग करना चाह रही है। विरोध-प्रदर्शन करने वालो में अमरनाथ महतो, झलकनाथ महतो, फुलेश्वर महतो, सुरेश महतो, अमरदेव महतो, राजू महतो, राजकिशोर महतो, राजेंद्र महतो, सहदेव महतो, पलटू महतो, छकू महतो, बिहारी महतो, रामटहल महतो, महेंद्र महतो, तापेश्वर महतो सहित भारी संख्या में महिलाएं शामिल थीं। इधर मामले पर विधायक अंबा प्रसाद व योगेंद्र साव से संपर्क करने का प्रयास किया गया लेकिन मोबाइल बंद बताया।

## वत्सल हुंडई में फेस्टिवल सीजन सर्विस कैंप आज से 30 अक्टूबर तक


**रामगढ़ (आजाद सिपाही)।** वत्सल हुंडई रामगढ़ में दीपावली और धनतेरस को देखते हुए सर्विस कैंप का आयोजन किया जा रहा है। यह कैंप 20 से शुरू कर 30 अक्टूबर तक चलेगा। उक्त बातों की जानकारी बुधवार को वत्सल हुंडई के बिजनेस हेड आदित्य कुणाल ने एक प्रेस बयान जारी कर दी। उन्होंने बताया कि इस कैंप में आने वाले सभी कस्टमर के लिए शानदार ऑफर उपलब्ध है और इस कैंप में आ रहे कस्टमर, सर्विस पर बड़ी बचत कर सकते हैं। जैसे, 3 से 5 एयर तक की कार में 10 प्रतिशत लेबर चार्ज में छूट दी जाएगी। 5 एयर से बाद की कार में 15 प्रतिशत की छूट दी जाएगी। साथ ही वैल्यू एडेड सर्विसेस जैसे टैफलोन, अनटीरस्ट, इंटिरियर क्लीनिंग, ऐसी डिस्नीफैकटेंट, बिना इंश्योरेंस के बॉडी पेंट वर्क पर 10 प्रतिशत की छूट दी जा रही हैं। श्री कुणाल ने सभी कस्टमर को दीपावली की बधाई दी और कस्टमर को आग्रह किया की इस कैंप का लाभ उठाए।

## नगर परिषद उपाध्यक्ष ने मरार में किया विद्युत ट्रांसफार्मर का उद्घाटन



**रामगढ़ (आजाद सिपाही)।** नगर परिषद क्षेत्र के वार्ड नं 09 बरवा टांड़ पारगढा गांव में लगे 25 केवीए विधुत ट्रांसफार्मर कुछ दिन पूर्व खराब होने की सूचना पर नगर परिषद उपाध्यक्ष मनोज कुमार महतो ने सकारात्मक पहल किया। उन्होंने तुरंत नया ट्रान्सफार्मर उपलब्ध करवा दिया। जिसका उदघाटन आज नगर परिषद उपाध्यक्ष मनोज कुमार महतो के द्वारा विधिवत रूप से फीता काटकर एवं नारियल फोड़ कर किया गया। मौके पर मनोज कुमार महतो ने जानकारी देते हुए बताया कि मरार गांव के लोग ट्रांसफर्मर के अभाव में पिछ्ले कई दिनों से अंधेरे में रहने को विवश थे। जिससे घरेलू कार्य से लेकर बच्चों की पढाई तक प्रभावित हो गई थी। लोगों की मांग पर तुरंत बिजली विभाग की अधिकारियों से सम्पर्क कर ट्रांसफर्मर उपलब्ध कराया है। इससे ग्रामीणों के घरों में बिजली की आपूर्ति चालू हुई। उन्होंने ग्रामीणों से लगाए गए ट्रांसफार्मर की हिफाजत करने पर जोर देते हुए बिजली की बचत करने की अपील की। कहा कि जरूरत भर ही बिजली का उपयोग करें। दिन में घर के बाहर बल्व जलता नहीं रहने दें। मौके पर विशिष्ट अतिथि वार्ड पार्षद शिव शंकर मिश्रा इनके अलावा जिला उपाध्यक्ष सुशील कुमार साहू,डब्लू करमाली,वार्ड सचिव सुजीत बेदिया,बबलू मिश्रा सुरेन बेदिया सुरेन्द्र राजवार मिथिलेश,अजीत बेदिया,प्रदीप कुमार,जगन मुंडा,धनंजय सिंह आदि अन्य लोग उपस्थित थे।

## डॉ. कृष्णा गोप की खोरठा कविताओं का रेडियो के आकाशवाणी हजारीबाग से होगा प्रसारण



**गिद्दी (आजाद सिपाही)।** खोरठा डहर के संस्थापक/अध्यक्ष एवं जनकथाकार प्रेमचंद पुस्तकालय, हेसालौंग के सचिव डॉ.कृष्णा गोप के खोरठा कविताओं का रेडियो में आगामी 21 अक्टूबर 2022 को सुबह 7:20 में करीब दस मिनट का काव्यधारा कार्यक्रम के तहत इनके द्वारा रचित आठ कविताओं का प्रसारण भारत सरकार की प्रसार भारती आकाशवाणी हजारीबाग के 102.1 से होगा. इस कार्यक्रम को मोबाइल रेडियो में एअरफोन लगाकर या अपने स्मार्टफोन के प्ले स्टोर में जाकर भारत सरकार की ग्लोबल डिजिटल प्लेटफॉर्म न्यूजोनै एप्प को डाउनलोड कर के सुना जा सकता है . डॉ. गोप अपनी खोरठा की बेहतरीन कविताओं से अपने श्रोताओं से रूबरू होंगें.अबतक विभिन्न पत्र पत्रिकाओं, अखबारों में कविता, आलेख प्रकाशित हो चुके हैं और अब रेडियो में सर्वाधिक लोकप्रिय खोरठा कविताओं का प्रसारण हो रहा है.डॉ.गोप ने कहा कि ३खोरठा डहर३ यूट्यूब चैनल के फॉलोअर्स को एवं आकाशवाणी, हजारीबाग को धन्यवाद देता हूँ जिनके माध्यम से हजारों रेडियो श्रोताओं एवं यूट्यूब चैनल के दर्शकों तक पहुँचने और अपनी मांय माटी की भाषा संस्कृति को संरक्षित करने में सहयोग कर रही है.

## वृहद झारखंड कला संस्कृति मंच के सदस्यों के संग ग्रामीणों की बैठक

**रामगढ़ (आजाद सिपाही)।** रामगढ़ जिला अंतर्गत चेटर के सामुदायिक भवन पानी टंकी में बृहद झारखंड कला संस्कृति मंच के सदस्यों के संग ग्रामिणों की आवश्यक बैठक प्रकाश ओहदार की अध्यक्षता में संपन्न हुआ जिसका संचालन अनिकेत ओहदार ने किया बैठक के माध्यम से आगामी 23 अक्टूबर 2022 को रामगढ़ जिला के सिद्धू कान्हु मैदान से लेकर रामगढ़ कॉलेज मैदान तक आयोजित होने वाली सोहराय चांचर आर बरदखुटा कार्यक्रम को सफल बनाने हेतु रामगढ़ प्रखण्ड के चेटर,मुर्रामकला,बुढाखुखरा,गंडके तथा विभिन्न गांवों में जनजागरण अभियान चलाया गया! जिसके तहत अपनी भाषा,संस्कृति, सभ्यता को संरक्षित किए जाने वाले कार्यक्रम में ज्यादा से ज्यादा भागीदारी सुनिश्चित करने का ग्रामिणों ने सहमती दी । कार्यक्रम की अंतिम तैयारी पूरी कर ली गई है कार्यक्रम 23 अक्टूबर 2022 को सुबह 11:00 बजे सिद्धू कान्हु मैदान रामगढ़ से प्रारंभ होकर गांधी चौक रामगढ़, सुभाष चौक रामगढ़, ब्लॉक चौक रामगढ़ होते हुए रामगढ़ कॉलेज मैदान पहुंचेगी वहां बरद खुटा कार्यक्रम कर कार्यक्रम की समाप्ति की जाएगी। कार्यक्रम में रामगढ़ जिला सहित पूरे झारखंड से हजारों की संख्या में झारखंडी कला संस्कृति के कलाकारों के हिस्सा लेने की प्रबल संभावना है जिसे देखते हुए प्रशासन से सहयोग की अपील की गई है ।

### जिला स्तरीय पर्यटन संवर्धन परिषद की पहली बैठक में डीसी ने दिये कई निर्देश

# नये पर्यटन स्थलों को चिह्नित कर विकसित करना है : डीसी

**रामगढ़ (आजाद सिपाही)।** जिला स्तरीय पर्यटन संवर्धन परिषद के गठन के उपरांत बुधवार को डीसी माधवी मिश्रा की अध्यक्षता में जिला समाहरणालय के सभागार में परिषद की पहली बैठक का आयोजन किया गया। इस दौरान बैठक में डीसी माधवी मिश्रा ने उपस्थित सभी सदस्यों से कहा कि जिला स्तरीय पर्यटन संवर्धन परिषद का गठन करने का उद्देश्य रामगढ़ जिले के विभिन्न क्षेत्रों में पूर्व से चिन्हित पर्यटन स्थलों में अन्य सुविधाएं उपलब्ध कराने एवं जिले के सुदूरवर्ती क्षेत्रों में नए पर्यटन स्थलों को चिन्हित कर उन्हें विकसित करना है।

**बैठक में ये थे उपस्थित**

बैठक में वन प्रमंडल पदाधिकारी, उप विकास आयुक्त, अपर समाहर्ता, जिला परिवहन पदाधिकारी, पुलिस उपाधीक्षक मुख्यालय, जिला जनसंपर्क पदाधिकारी, जिला योजना पदाधिकारी, सहायक अभियंता भवन प्रमंडल, सहायक जिला जनसंपर्क पदाधिकारी, एएसआई के पदाधिकारियों, जेटीडीसी के स्थानीय पदाधिकारियों, ट्रांसपोर्ट संघ के उपाध्यक्ष दिनेश कुमार साहू सहित परिषद के अन्य सदस्य उपस्थित थे।



### नये पर्यटन स्थलों को चिह्नित करने पर विचार विमर्श

बैठक के दौरान रामगढ़ जिला अंतर्गत चितरपुर प्रखंड के मां छिन्नमस्तिका सिद्ध पीठ रजरप्पा में भैरवी नदी पर स्थित पुल पर सुरक्षा के दृष्टिकोण से कॉज वे बनाने, पतरातू प्रखंड में पलानी झरना में मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध कराने, साईनेज लगाने, पतरातु लेक रिसॉर्ट के समीप व्यू गैलरी चिन्हित करने, मायाटुंगरी पहाड़ को पर्यटन की दिशा में विकसित करने को लेकर चर्चा की गई। इस दौरान डीसी ने मां छिन्नमस्तिका सिद्ध पीठ रजरप्पा मंदिर परिसर में भैरवी नदी के पुल पर सुरक्षा दृष्टिकोण से कॉज वे बनाने को लेकर सहायक अभियंता भवन प्रमंडल रामगढ़ को स्थल निरीक्षण कर संबंधित प्रतिवेदन उपलब्ध कराने का निर्देश दिया।

### परिषद प्रतिनिधि व सदस्यों ने दिये कई सुझाव

बैठक के दौरान अध्यक्ष जिला परिषद सुधा देवी, सांसद प्रतिनिधि रणंजय कुमार, विधायक प्रतिनिधि मुकेश यादव एवं विधायक प्रतिनिधि बड़कागांव अमित कुमार, सदस्य कमल किशोर बगड़िया, सदस्य परमदीप सिंह कालरा सहित अन्य सदस्यों के द्वारा रामगढ़ जिला अंतर्गत विभिन्न क्षेत्रों तथा चितरपुर प्रखंड अंतर्गत पोना पर्वत, दुलमी प्रखंड अंतर्गत डेलीपैला धाम, मांडू प्रखंड अंतर्गत चरण पहाड़ी आदि को विकसित करने से संबंधित सुझाव दिया गया, जिस पर समिति द्वारा चर्चा के दौरान कई आवश्यक निर्देश दिए।

## कृष्ण जन्म काल और आज की स्थिति समानः पं. रामदेव




**रांची (आजाद सिपाही)।** मथुरा में पिता,बहन और जीजा को वन्दी बनाने वाला कंस, राजगीर मे हजारो राजाओं को वन्दी बनाने वाला जरासंध , सोलह हजार युवतियों को कैद भोमासुर ने गोहाटी में शासक था, नागपुर में शिशुपाल, हिमाचल में मानव खाने वाला राक्षस हिडिंब थे, दुर्योधन अपने भाईयों को कभी लाक्षागृह में जलाने की योजना बनाता तो कभी अज्ञातवास भेजता, राजदरबार में स्त्री हिंसा की पिडिता द्रोपदी थी, ऐसे स्थिति में कृष्ण ने जन्म लेकर भारत की दुर्दशा से आहत हुए और राजनीति और कुटनीति से धर्म से पुष्ट महाभारत बनाने के लिए हस्तिनापुर को केन्द्र बनाकर योद्धाओं को साथ लिया और कुरुक्षेत्र में लड़ाई लडी थी ,इसी जगह पर पलासी का युद्ध भी हुआ , यह भी संयोग है, कृष्ण ने भारत में धर्म की स्थापना किया , यह भी संदेश दिया की यदि अर्थात धर्म ही सर्वोपरि है, भले ही कुल का नाश हो जाए, अधर्मी सन्तान को संरक्षण नहीं देना चाहिए, आज रूक्मिणी कृष्ण विवाह का प्रसंग होगा ,कथा का आयोजन महिला भक्ति परिषद् रांची यूनिवर्सिटी कालोनी बरियातू के राम मंदिर में चल रही है।

## मल्लिकार्जुन खड़गे के कुशल कार्य अनुभव का लाभ मिलेगाः शशि भूषण राय



आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** झारखंड प्रदेश कांग्रेस कमेटी के वरिष्ठ नेता शशि भूषण राय ने मल्लिकार्जुन खड़गे के राष्ट्रीय अध्यक्ष निर्वाचित होने पर खुशी जाहिर की। श्री राय ने कहा कि नव निर्वाचित अध्यक्ष जी के विशाल एवं कुशल कार्य अनुभव कांग्रेस पार्टी को मजबूत करेगा। श्री राय ने कहा कि खड़गे जी संगठन से जुड़े हुए व्यक्ति रहे हैं एवं इन्होंने कई विभिन्न मौके पर अपनी प्रतिबद्धता देश ,जनता एवं पार्टी के लिए साबित किया है। हम सब को पूरा उम्मीद है उनके अध्यक्ष बनाने से कांग्रेस संगठन पुनः अपने पुराने स्वरूप में वापस आयेगा।

# रामगढ़ जिला के लारी स्थित विष्णु टोला में विधि कॉलेज खुलने की संभावना

**रजरप्पा (आजाद सिपाही)।** रामगढ़ महिला महाविद्यालय संचालन के लिए बन रही नया भवन मे विधि (लॉ कॉलेज) महाविद्यालय खुलने की संभाना है। ज्ञात हो कि रामगढ़ महिला महाविद्यालय फिलहाल रामगढ़ महाविद्यालय, रामगढ़ में संचालित है। रामगढ़ जिला के लारी पंचायत की स्थिति विष्णु टोला में बन रही विशाल नवनिर्मित भवन जो रामगढ़ मॉडल कॉलेज के नाम से बन रही है, भवन निर्माण का अंतिम कार्य शरण पर है निर्माण कार्य तीव्र गति से चल रहा है। भवन निर्माण पूरी होने के बाद समझौता रामगढ़ महिला महाविद्यालय, को सिफ्ट करने की कवायद पिछ्ले वर्ष से ही चल रही है। कार्य अभी पूरा नहीं हो पाया है इसलिए वहां सिफ्टिंग नहीं हो सका है। इधर मानव संसाधन विभाग, झारखंड के द्वारा रामगढ़ में लॉ कॉलेज भी चलाने की सोच बन रही है। जिसके लिए एक भवन की आवश्यकता होगी। अतः एच आरडी के निदेशक के द्वारा नेशनल यूनिवर्सिटी ऑफ स्टडी एंड रिसर्च इन लॉ, रांची को प्रस्ताव भेजा गया है कि मॉडल कॉलेज के नाम से नवनिर्मित भवन पर लॉ कॉलेज भी चलाया जा सकता है। इस प्रस्ताव को स्वीकार करने से पहले नेशनल यूनिवर्सिटी ऑफ स्टडी एंड रिसर्च इन लॉ, रांची के कुलपति प्रो(डॉ) केशव वराकुंला और एसोसिएट प्रोफेसर डॉ सुबीर कुमार ने निरीक्षण के लिए आज रामगढ़ एवं लारी का दौरा किया। पदाधिकारियों ने सर्वप्रथम रामगढ़ महाविद्यालय में संचालित रामगढ़ महिला महाविद्यालय, रामगढ़ पहुंच कर महिला महाविद्यालय के प्राचार्या प्रो सरिता सिंह से विस्तृत जानकारी ली। इस अवसर रामगढ़ महाविद्यालय के प्रभारी प्राचार्या डॉ रेखा प्रसाद, डॉ रत्ना पांडे, डॉ राजेश कुमार उपाध्याय, डॉ बख्शी ओम प्रकाश, डॉ सुनील कुमार अग्रवाल, डॉ सतीश कुमारआदि उपस्थित थे। वहां से प्राचार्या प्रो सरिता सिंह और अन्य शिक्षकों एव शिक्षकोत्तर कर्मियों को ले कर लारी का दौरा किया। निरीक्षण करने के क्रम में उन्हें ज्ञात हुवा कि भवन तीन मंजिला है उसमे प्रयाप्त कमरे सारी सुविधाएं दी जा रही हैं।

### 'आजाद सिपाही' की अस्पताल खुलवाने की मुहिम सफल

# अधिकारियों की नजरों से ओझल मुरपा अस्पताल 10 वर्ष बाद कोयलांचल वासियों को समर्पित, क्षेत्र में हर्ष



अमरजीत कुमार

**कुजू (आजाद सिपाही)।** बहुचर्चित दैनिक समाचार पत्र 'आजाद सिपाही' की मुहिम के बाद मुरपा(कुजू) स्थित करोड़ों रुपये की लागत से निर्मित एक दशक पूर्व जर्जर अस्पताल का जीर्णोद्धार के बाद बुधवार को कोयलांचल कुजू वासियों को दीपावली से पूर्व बड़ी सौगात के रूप में स्वास्थ्य विभाग व जिला प्रशासन की ओर से समर्पित कर दी गई। बुधवार को दस बेड वाले प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र मुरपा में चिकित्सीय सेवा प्रारंभ होने पर कोयलांचल वासियों ने आजाद सिपाही परिवार व जिला प्रशासन-स्वास्थ्य विभाग का धन्यवाद रूपी आभार व्यक्त किया। वही, आसपास क्षेत्र के ग्रामीणों में हर्ष व्याप्त है। मौके पर कुजू पूर्वी पंचायत मुखिया ललिता देवी व पूर्व मुखिया अशोक कुमार ने जिला प्रशासन व स्वास्थ्य विभाग समेत आजाद सिपाही परिवार को आभार व्यक्त करते हुए कहा कि आज से अस्पताल गरीबों के लिए निःशुल्क सेवा में जुट गया है। निश्चित ही क्षेत्रवासियों के लिए एक नई व बड़ी उपलब्धि के साथ वरदान साबित होगा।

### 48 लाख रुपये की लागत के साथ हुआ जीर्णोद्धार कार्य

प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र की जर्जर हालात को देखते हुए ग्रामीण विकास विशेष प्रमंडल रामगढ़ द्वारा डीएमएफटी फंड के तहत जीर्णोद्धार कार्य प्रारंभ कराया गया। जिसकी प्राक्कलित राशि करीब 48 लाख रुपये थी।

### प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र में चिकित्सीय सेवा प्रारंभ

सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र मांडू के प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डॉ नितेश कुमार ने सिविल सर्जन के आदेशानुसार प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र, मुरपा कुजू में संचालन हेतु एक आदेश पत्र जारी किया है। जिसमें लिखा है कि मानव संसाधन उपलब्ध नहीं होने के कारण वैकल्पिक व्यवस्था के तहत प्रखंड के विभिन्न केंद्रों में पदस्थापित एएनएम को उक्त केंद्र में रहकर दैनिक स्वास्थ्य संबंधित कार्य सुनिश्चित करने की बात कही गई है। वही, केंद्र में हर दिन कार्य हेतु एएनएम की प्रतिनियुक्त की। इधर, डॉ नितेश कुमार के अनुसार केंद्र में प्रतिनियुक्त चिकित्सक डॉ मधुरिमा प्रसाद फिलहाल मातृत्व सेवा अवकाश पर हैं। इधर, बुधवार को केंद्र की इंचार्ज एएनएम प्रेमाकुमारी व ममता कुमारी ने कई लोगों का इलाज कर नि : शुल्क दवा वितरण की।

### आखिरकार 'आजाद सिपाही' की मुहिम सफल

आजाद सिपाही सामाजिक सरोकार और जनहित से जुड़े मुद्दे को बड़े बेबाकी के साथ उठाता आया है। इसी कड़ी में कोरोना संकटकाल के दौरान अधिकारियों की नजरों से ओझल उद्घाटन की आस जोहता मुरपा स्थित अस्पताल विगत 10 वर्षो से बंद पड़ा था। उक्त आशय की खबर गत 23 मई 2020 को प्रमुखता से प्रकाशित किया था। जिसके बाद तत्कालीन उपायुक्त संदीप कुमार ने संज्ञान लेते हुए औचक निरीक्षण किया था और अस्पताल को यथाशीघ्र चाक-चौबंद करने का आदेश दिया था। जिसके बाद डीडीसी, एसडीएम, भवन निर्माण विभाग समेत कई अधिकारियों ने अस्पताल को खुलवाने को लेकर तैयारी दौरा कर समीक्षा की। साथ ही, अस्पताल को अतिक्रमण मुक्त भी कराया गया।

## बरका-सयाल जीएम से भुरकुंडा कोलियरी रोड सेल समिति ने की मुलाकात



**भुरकुंडा (आजाद सिपाही)।** बरका-सयाल के नये जीएम अजय सिंह से बुधवार को भुरकुंडा कोलियरी रोड सेल समिति का एक प्रतिनिधि मंडल मुलाकात की। समिति के लोगों ने जीएम को पुष्पगुछ देकर स्वागत करते हुए बधाई दी। साथ ही आशा व्यक्त की है कि नये जीएम के नेतृत्व में प्रक्षेत्र अपने लक्ष्यों को प्राप्त उच्च कीर्तिमान स्थापित करेगा। इसके बाद समिति ने भुरकुंडा कोलियरी रोड सेल में 75 प्रतिशत कोयला का आवंटन मांग को ले जीएम को ज्ञापन भी सौंपा। सौंपे गए ज्ञापन में कहा है कि विगत दो वर्षो से कोलियरी बंद रहने के कारण रोड सेल में लगभग चालीस वर्षो से कार्यरत मजदूरों के समक्ष भूखमरी व बेरोजगारी की समस्या उत्पन्न हो गई थी। ज्ञापन में रोड सेल में कोयला लोडिंग पेलोडर की जगह मैनुअल कराने की मांग की गई। ताकि क्षेत्र के लोगों को रोजगार मिल सके। वहीं जीएम ने मामले पर सकारात्मक पहल का आश्वासन दिया। मुलाकात करने वालो में गिरधारी गोप, दर्शन गंझू, मुकेश पासवान, सत्यनारायण यादव, रमण शर्मा, बालेश्वर पासवान, अजय सिंह, कुलदीप यादव, प्रेम कुमार, रावेल एक्का, रविन्द्र सिंह, हरिशंकर चैधरी, तुल्ला खान, रोहित करमाली, बुटन नायक, रामनाथ शर्मा, रॉबीन मुखर्जी, जुगल पासवान, उमेश नायक, अमरेंद्र प्रसाद आदि शामिल थें।

## जुबिली कॉलेज के स्वयंसेवकों ने चलाया सिंगल यूज प्लास्टिक मुक्त भारत अभियान



**भुरकुंडा ( आजाद सिपाही)।** भारत सरकार के युवा कार्यक्रम व खेल मंत्रालय के तहत विभावि के निर्देश पर जुबिली कॉलेज भुरकुंडा एनएसएस इकाई एक व दो के तत्वावधान में स्वच्छता एवं सिंगल यूज प्लास्टिक मुक्त भारत अभियान चलाया गया। कार्यक्रम पदाधिकारी प्रो. अर्जुन कुमार मिश्रा व डॉ. बी रविदास के नेतृत्व में स्वयंसेवकों ने कॉलेज परिसर सहित आसपास के क्षेत्रों में स्वच्छता अभियान चलाकर लोगों को भी साफ-सफाई के प्रति जागरूक किया। साथ ही सिंगल यूज प्लास्टिक को चुनकर इसका निष्पादन भी किया। मौके पर प्राचार्य डॉ. आरके दास ने स्वयंसेवको का हौसला आफजाई करते हुए कहा कि एनएसएस का उद्देश्य ही समाजसेवा है। अभियान को सफल बनाने में डॉ. महेंद्र पांडेय, प्रो. मनोज कुमार दास, मो. कलामुद्दीन, सुरेश सिंह, सन्नी, पारो, निकिता, रानी, श्वेता, सपना, अरबाज, अनुप, बबलू मुंडा, सिमरन, जान्हवी, कुमकुम, नीतू, नीलू, आकांक्षा, रूकसा, संजल, अमित, आरती, महक, नेहा, प्रियंका, रूबी, निशा, रूपा, नीलम आदि का विशेष योगदान रहा।

## झारसुगुड़ा में किसानों के जीवन को बदल रहा है वेदांत एल्युमिनियम



**भुवनेश्वर (आजाद सिपाही)।** झारसुगुड़ा वेदांत एल्युमिनियम ने अपनी जीविका 'समृद्धि' परियोजना के माध्यम से ओडिशा के झारसुगुडा में किसानों के जीवन को बदल रहा है। इस पहल को कृषि में एक स्थायी आजीविका परियोजना के रूप में परिकल्पित किया गया है, जिसका उद्देश्य छोटे और सीमांत किसानों को खेती को बेहतर करना , अधिक कुशल और टिकाऊ तरीकों से परिचित कराना है, जिससे उनकी उपज की मात्रा और कृषि निवेश पर निरंतर रिटर्न में वृद्धि हो। अब अपने संचालन के दूसरे चरण में परियोजना ने झारसुगुडा के पांच गांवों, सिरियापाली, केलडामाल, गुडीगांव, कटिकेला और कुरेबागा में 300 से अधिक किसान परिवारों को सकारात्मक रूप से प्रभावित किया है। स्थानीय समुदायों के लिए स्थायी आजीविका बनाने के लिए कंपनी के प्रयासों के बारे में बोलते हुए, वेदांत लिमिटेड झारसुगुड़ा के सीईओ श्री सुनील गुप्ता ने कहा ह्लस्थायी आजीविका बनाना हमारे सामुदायिक विकास प्रयासों में एक प्रमुख फोकस क्षेत्र है। इसके लिए हम झारसुगुड़ा में कौशल विकास, महिला सशक्तिकरण, कृषि, उद्यमिता आदि पर कई उच्च प्रभाव वाली परियोजनाएं चलाते हैं।

## खोरधारोड मंडल द्वारा मंडल रेल उपयोगकर्ता परामर्शदाता समिति की बैठक आयोजित की गयी



**भुवनेश्वर (आजाद सिपाही)।** खोरधारोड मंडल द्वारा मंडल सभा गृह में मंडल रेल उपयोगकर्ता परामर्शदाता समिति (डीआरयूसीसी) की बैठक आयोजित की गई । श्री रिंकेश रॉय, मंडल रेल प्रबंधक खोरधारोड की अध्यक्षता में बैठक का आयोजन किया गया । समिति के सचिव सह वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक खोरधारोड, श्री अमितेश आनंद ने बैठक में उपस्थित सभी सदस्यों का स्वागत किया और पिछ्ले दो वर्षों के दौरान रेल उपयोगकताओं के हित के लिए मंडल द्वारा शुरू किए गए विभिन्न विकासात्मक उपायों और यात्री सुविधा कार्यों का संक्षिप्त विवरण प्रदान किया । इस अवसर पर श्री रिंकेश रॉय ने कहा कि, मंडल हमेशा यात्रियों की सुरक्षा और ट्रेनों की समयपालन पर सर्वोच्च प्राथमिकता देता है। यात्रियों की जरूरतों को पूरा करने के लिए मंडल हर आधुनिक तकनीक को अपना रहा है । खोरधारोड पर बने नया स्टेशन भवन भारतीय रेलवे का एक मॉडल स्टेशन है । इसी तरह मंडल के 12 और स्टेशनों का पुनर्विकास किया जा रहा है। उन्होंने आगे कहा कि, रेल उपयोगकताओं को स्नेहपूर्ण ढंग से सेवा प्रदान करने के लिए डीआरयूसीसी सदस्यों के सुझाव बहुत महत्वपूर्ण हैं। समिति के सदस्यों ने विभिन्न सुझाव, सिफारिशें और मांगें जैसे एफओबी के प्रावधान और विस्तार, कुछ महत्वपूर्ण स्टेशनों पर ट्रेनों के अतिरिक्त ठहराव, कुछ ट्रेनों के विस्तार/डायवर्सन, कुछ रेलवे स्टेशनों के नाम में बदलाव, लिफ्टों का प्रावधान, प्लेटफार्म शेड का विस्तार, ट्रेनों में साफ-सफाई पर सुधार, स्टेशनों पर उचित प्रकाश व्यवस्था आदि पर प्रकाश डाला । समिति ने कोविड महामारी के दौरान महत्वपूर्ण भूमिका के लिए मंडल की सराहना की।डीआरयूसीसी सदस्यों के सुझावों, सिफारिशों और मांगों पर श्री रिंकेश रॉय, मंडल रेल प्रबंधक, खोरधारोड ने आश्वासन दिया कि व्यवहार्यता और मानदंडों के अनुसार, जल्द से जल्द अनुपालन के लिए उच्च अधिकारियों को मुद्दों से अवगत कराया जाएगा। डीआरयूसीसी सदस्य, आर. के. सारंगी, गुरु चरण राय, शिव कुमार अग्रवाल, धर्मेश नायक, शिशिर कुमार मिश्र, गदाधर साहू, विश्व रंजन मोहंती, बिजय कुमार धल, मोहम्मद फारुक, आलोक मोहंती और प्रताप कुमार चामुपति बैठक में उपस्थित थे। बैठक में कल्याण पट्टनायक, अपर मंडल रेल प्रबंधक (परिचालन) समेत मंडल के शाखा अधिकारी भी उपस्थित थे।

## कैबिनेट की बैठक अब 21 को

**रांची (आजाद सिपाही)।** राज्य मंत्रिपरिषद की बैठक अब 21 अक्टूबर शुक्रवार को होगी। पहले यह बैठक 20 अक्टूबर को होनी थी, जिसे संशोधित कर नयी तिथि जारी की गयी है। मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन की अध्यक्षता में प्रोजेक्ट भवन में शाम 4 बजे से होनेवाली बैठक में कई महत्वपूर्ण निर्णय लिये जायेंगे। मंत्रिमंडल सचिवालय समन्वय विभाग ने इस संबंध में आदेश जारी किया और सभी विभागों को कैबिनेट के लिए प्रस्ताव उपलब्ध कराने का निर्देश दिया है।

# गरीबी से लड़ाई कामयाब

संयुक्त राष्ट्र की ओर से आयी एक ताजा रिपोर्ट बताती है कि भारत में 2005-06 से लेकर 2019-21 तक की 15 वर्षों की अवधि में 41.5 करोड़ लोगों को गरीबी से उबार लिया गया है। किसी भी पैमाने पर यह एक ऐतिहासिक उपलब्धि है। जैसा कि सोमवार को जारी इस मल्टी डाइमेंशनल पॉवर्टी इंडेक्स (एमपीआई) रिपोर्ट में भी कहा गया है कि इस उपलब्धि का वैश्विक स्तर पर तत्काल यह फायदा हुआ है कि इसने सस्टेनेबल डिवेलपमेंट गोल्स (एसडीजी) की दिशा में किये जा रहे प्रयासों की सार्थकता बढ़ा दी है। हाल के वर्षों में कोरोना, युद्ध, जलवायु परिवर्तन जैसे तमाम कारकों से उपजे हालात को देखते हुए इन लक्ष्यों को हासिल करना नामुमकिन नहीं तो बेहद मुश्किल जरूर लगने लगा था। ऐसे में इस उपलब्धि ने अचानक जैसे सबके मन में आशा का संचार कर दिया है। अब कहा जा रहा है कि ज्यादा नहीं तो गरीबी में रह रहे लोगों की संख्या 2030 तक आधा करने का लक्ष्य तो हासिल किया ही जा सकता है। भारत इस लिहाज से पूरी दुनिया के लिए एक महत्वपूर्ण केस स्टडी था। लेकिन वैश्विक संदेश से अलग राष्ट्रीय स्तर पर भी इस रिपोर्ट से उजागर हुए तथ्य बेहद महत्वपूर्ण हैं और इनमें आगे के लिए कई उपयोगी सबक निहित हैं। हालांकि इस तरह की स्टडी राजनीतिक नजरिए से नहीं की जाती और यही इसकी खासियत भी है, लेकिन फिर भी मौजूदा संदर्भ में यह देखना उपयोगी हो सकता है कि करीब डेढ़ दशकों की इस अवधि में यूपीए और एनडीए दोनों की सरकारें रही हैं।

**भारत इस लिहाज से पूरी दुनिया के लिए एक महत्वपूर्ण केस स्टडी था। लेकिन वैश्विक संदेश से अलग राष्ट्रीय स्तर पर भी इस रिपोर्ट से उजागर हुए तथ्य बेहद महत्वपूर्ण हैं और इनमें आगे के लिए कई उपयोगी सबक निहित हैं।**

आपसी विवादों और कार्यशैली के अंतर के बावजूद दोनों ही सरकारों के कार्यकाल में गरीबी उन्मूलन के प्रयास अलग-अलग स्तरों पर जारी रहे और उनके प्रभाव भी नजर आये। रिपोर्ट के मुताबिक 2005-06 से 2015-16 के बीच करीब 27.5 करोड़ लोग गरीबी से निकले तो 2015-16 से 2019-21 की महामारी पूर्व की अवधि में 14 करोड़ लोग इससे बाहर आये। सबसे चमत्कारिक स्थिति तो बिहार जैसे गरीब माने जाने वाले राज्य की है। वहां 2005-06 में गरीबी का जो प्रतिशत 77.4 था वह 2015-16 में घटकर 52.4 फीसदी पर आया और 2019-21 में 34.7 फीसदी पर आ गया। खास बात यह कि इस स्टडी में दुनिया भर में गरीबी को अभावों के संदर्भ में समझने की कोशिश हुई और पाया गया कि ज्यादातर मामलों में चार कमियां सबसे ज्यादा प्रभावित करती हैं। वे हैं- भोजन, रसोई ईंधन, शौचालय और आवास। इस लिहाज से सरकार की बहुचर्चित योजनाओं पर एक नजर डालने से भी स्पष्ट हो जाता है कि हमारी नीतियों की दिशा सही है। लेकिन फिर भी आगे की चुनौतियां आसान नहीं हैं। करीब 23 करोड़ लोग अभी भी गरीबी में पड़े हैं। ऐसे बच्चों की संख्या 9.7 करोड़ है, जो इस स्टडी में शामिल 111 देशों में से किसी भी दूसरे देश की कुल गरीब आबादी से भी ज्यादा है।

अभिमत
आजाद सिपाही

**मुस्लिम और ईसाइयों का प्रमुख सवाल अनुसूचित जातियों में शामिल होने का है। इसलिए यह समझना जरूरी है, कि अनुसूचित जातियां या इससे संबंधित शब्दावली की शुरुआत कैसे हुई। भारत को उत्तरदायी शासन सौंपने के लिए ब्रिटेन में तीन गोलमेज सम्मेलन हुए। इन सम्मेलनों में डॉक्टर अंबेडकर के प्रयासों के चलते ब्रिटिश सरकार ने भारत के 'बहिष्कृत और अस्पृश्य' के लिए 1932 में पृथक निर्वाचन की घोषणा की।**

# अस्पृश्यता से मुक्ति की बजाय एससी क्यों बनना चाहते हैं मुस्लिम और ईसाई?



**अशोक भारती**

कई दशकों से मुस्लिम और ईसाई संगठन मांग कर रहे हैं कि उन्हें भी अनुसूचित जातियों में शामिल किया जाए। अभी तक केवल हिन्दू, सिख और नव-बौद्धों के अस्पृश्य एवं बहिष्कृत वर्गों (जातियों) को ही संवैधानिक (अनुसूचित जाति) आदेश, 1950 के तहत अनुसूचित जाति के तौर पर अनुसूचित किया गया है। इसी बात को लेकर मुस्लिम और ईसाई संगठनों का कहना है कि संविधान के अनुच्छेद 341 में किसी भी धर्म विशेष का जिक्र नहीं है, इसलिए राष्ट्रपति द्वारा अनुसूचित जाति संबंधी 1950, 1956 और 1990 में दिए गए आदेश संविधान में अनुच्छेद 14 में दिए गए समता, अनुच्छेद-15 के केवल धर्म, नस्ल, जाति, लिंग या भाषा के आधार पर भेदभाव के अधिकार और अनुच्छेद-25 के धार्मिक स्वतंत्रता के अधिकार का उल्लंघन करते हैं। ज्ञातव्य है कि ईसाई और इस्लाम दोनों ने हमेशा ही खुद को अस्पृश्यता-मुक्त बताया है और दोनों ही अपने-अपने धर्मों में अस्पृश्यता नकारते रहे हैं। ऐसे में सर्वोच्च न्यायालय में पेश गाजी सादुद्दीन बनाम स्टेट ऑफ महाराष्ट्र एवं अन्य की दीवानी अपील और जनहित याचिका के जरिए मुस्लिम और ईसाई संगठन क्या साबित करना चाहते हैं? वैश्विक स्तर पर संगठित और संस्थागत तौर पर सशक्त मुस्लिम और ईसाई समाज आखिर समाज के सबसे कमजोर तबके में क्यों शामिल होना चाहते हैं?

**वैश्विक स्तर पर संगठित और संस्थागत तौर पर सशक्त मुस्लिम और ईसाई समाज आखिर समाज के सबसे कमजोर तबके में क्यों शामिल होना चाहते हैं?**

इन्हीं सवालों को केंद्र में रखकर भारत सरकार ने भारत के पूर्व मुख्य न्यायाधीश (सेवानिवृत्त) न्यायमूर्ति केजी बालकृष्णन की अध्यक्षता में तीन सदस्यीय आयोग नियुक्त किया है। यह आयोग उन लोगों के अनुसूचित जातियों में शामिल होने के दावे पर विचार करेगा, जो धर्मांतरण कर मुस्लिम या ईसाई बन गए और ऐतिहासिक रूप से अनुसूचित जाति के होने का दावा करते हैं।



**भारत सरकार ने भारत के पूर्व मुख्य न्यायाधीश (सेवानिवृत्त) न्यायमूर्ति केजी बालकृष्णन की अध्यक्षता में तीन सदस्यीय आयोग नियुक्त किया है। यह आयोग उन लोगों के अनुसूचित जातियों में शामिल होने के दावे पर विचार करेगा, जो धर्मांतरण कर मुस्लिम या ईसाई बन गए और ऐतिहासिक रूप से अनुसूचित जाति के होने का दावा करते हैं।**

**अनुसूचित जातियां कहां से आईं?**

मुस्लिम और ईसाइयों का प्रमुख सवाल अनुसूचित जातियों में शामिल होने का है। इसलिए यह समझना जरूरी है, कि अनुसूचित जातियां या इससे संबंधित शब्दावली की शुरुआत कैसे हुई। भारत को उत्तरदायी शासन सौंपने के लिए ब्रिटेन में तीन गोलमेज सम्मेलन हुए। इन सम्मेलनों में डॉक्टर अंबेडकर के प्रयासों के चलते ब्रिटिश सरकार ने भारत के 'बहिष्कृत और अस्पृश्य' के लिए 1932 में पृथक निर्वाचन की घोषणा की। इसके तुरंत बाद गांधीजी ने इसके खिलाफ आमरण अनशन कर दिया।

इस अनशन की परिणति गांधीजी के नेतृत्व में हिन्दू समाज और डॉक्टर अंबेडकर के नेतृत्व में अस्पृश्य समाज के बीच पूना पैक्ट हुआ। इसी पूना पैक्ट के बाद ब्रिटिश संसद ने गवर्नमेंट ऑफ इंडिया एक्ट 1935 पारित किया, जिसमें दलित वर्गों के लिए सीटों का आरक्षण शामिल किया गया, जिसे 1937 में लागू किया गया। शैड्यूल्ड कास्टस (अनुसूचित जातियों) को इसी एक्ट में सर्वप्रथम परिभाषित किया गया। इस संबंध में ब्रिटिश भारत सरकार (अनुसूचित जाति) आदेश, 1936 में ब्रिटिश-प्रशासित प्रांतों में जातियों का एक शैड्यूल (या अनुसूची) शामिल थी। इस शैड्यूल (अनुसूची) में होने की वजह से ही 'अस्पृश्य और बहिष्कृत जातियों' का नाम अनुसूचित जातियां पड़ा। स्वतंत्रता के बाद संविधान सभा ने अनुसूचित जातियों की प्रचलित परिभाषा को जारी रखा, और राष्ट्रपति ने अनुच्छेद-341 के तहत कान्स्टिूशन (शैड्यूल्ड कास्ट) आदेश, 1950 में जातियों का एक शैड्यूल या लिस्ट जारी किया।

1956 में राज्यों के पुनर्गठन के बाद इसे कान्स्टिूशन (शैड्यूल्ड कास्ट) आदेश, 1956 और वर्ष 1990 में' अस्पृश्य और बहिष्कृत' नव-बौद्धों को भी शामिल करने के लिए 1990 का आदेश जारी किया गया। केन्द्रीय सरकार ने संशोधित आदेश में स्पष्ट किया कि 'कोई भी व्यक्ति को, जो हिंदू, सिख या बौद्धधर्म को छोड़ अन्य किसी धर्म को मानता है, वह अनुसूचित जाति का सदस्य नहीं माना जाएगा।' सरकार का यह आदेश संविधान के अनुच्छेद-25 के अनुरूप है, जिसमें सिख, बौद्ध और जैन को हिंदुओं की बृहत्तर परिभाषा में रखा गया है।

**केन्द्रीय सरकार की कार्यवाही :** कांग्रेस के नेतृत्व वाली यूपीए की सरकार ने मार्च 2005 में पूर्व मुख्य न्यायधीश न्यायमूर्ति रंगनाथ मिश्र की अध्यक्षता में 'राष्ट्रीय धार्मिक और भाषाई अल्पसंख्यक आयोग' का गठन किया। इस आयोग को 'आरक्षण के संबंध में 50 प्रतिशत की अधिकतम सीमा तथा साथ ही अनुसूचित जातियों की सूची में शामिल किए जाने की रीतियों के संदर्भ में संवैधानिक (अनुसूचित जाति) आदेश 1950 के पैरा 3 से संबंधित उच्चतम न्यायालय तथा कतिपय उच्च न्यायालयों में दायर की गई रिट याचिकाओं में उठाए गए मुद्दों के संबंध में सिफारिशें प्रस्तुत करना' था। न्यायमूर्ति रंगनाथ मिश्र आयोग की रिपोर्ट को 18 दिसंबर 2009 को संसद के दोनों सदनों में पेश किया गया, जहां विचार-विमर्श के बाद उसकी सिफारिशों को स्वीकार नहीं किया।

इसके अलावा यूपीए सरकार ने मार्च 2005 में मुस्लिम के सामाजिक, आर्थिक और शैक्षिक स्थितियों का अध्ययन करने के लिए दिल्ली उच्च न्यायालय के पूर्व मुख्य न्यायाधीश राजिंदर सच्चर की अध्यक्षता में एक कमेटी का गठन किया। सच्चर कमेटी के नाम से प्रसिद्ध इस कमेटी ने अपनी रिपोर्ट में कहा कि धर्मांतरण के बाद दलित मुसलमानों की सामाजिक और आर्थिक स्थिति में सुधार नहीं हुआ।

जस्टिस मिश्र आयोग और जस्टिस सच्चर कमेटी रिपोर्टों ने अलग-अलग तरीके से ईसाई और मुस्लिम धर्मों की 'अस्पृश्य और बहिष्कृत जातियों' को अनुसूचित जातियों में शामिल करने की पैरवी की। जस्टिस मिश्र आयोग ने अपनी रिपोर्ट में यह भी कहा है कि 'अन्य पिछड़ा वर्ग की राज्यवार तैयार सूची में धर्म और जाति निरपेक्ष अल्पसंख्यक समुदाय शामिल किए गए थे। कई राज्यों में नव-बौद्ध, ईसाइयत और इस्लाम में परिवर्तित अनुसूचित जातियों को इन सूचियों में शामिल किया गया। इसलिए महत्वपूर्ण सवाल यह है कि जब अन्य पिछड़ा वर्ग (ओबीसी) में दलित-मूल के ईसाई और मुस्लिम को पहले से ही सरकारी सेवा और शिक्षा में ओबीसी के तहत आरक्षण प्राप्त है, तो उनका इस पीआईएल की मार्फत सर्वोच्च न्यायालय से अनुसूचित जातियों में शामिल किए जाने के क्या कुछ और भी निहितार्थ हैं? इन्हीं सवालों के जवाब नवगठित न्यायमूर्ति के. जी. बालाकृष्णन आयोग को खोजना है। **(लेखक नेशनल कोन्फेडेरेशन ऑफ दलित एंड आदिवासी ओर्गेनाईजेशन्स (नैकडोर) के राष्ट्रीय अध्यक्ष हैं।)**

## जमशेदपुर की खबरें

### सरकार आपके द्वार शिविर में 30 योजनाओं का 1000 से ज्यादा ग्रामीणों तक पहुंचा लाभ

# राज्य के विकास और खुशहाली के लिए हेमंत सरकार प्रतिबद्ध : मंगल कालिंदी



**जमशेदपुर (आजाद सिपाही)।** पूर्वी सिंहभूम जिले के जुगसलाई विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत जमशेदपुर प्रखण्ड के बड़ाबॉकी पंचायत में झारखंड सरकार के तीन वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में आयोजित आपके अधिकार आपकी सरकार आपके द्वार शिविर में 30 योजनाओं का 1000 से ज्यादा ग्रामीणों तक पहुचा लाभ पहुंचाया गया। बुधवार को आयोजित शिविर में स्थानीय विधायक मंगल कालिंदी शामिल हुए। विधायक ने दूर-दराज से शिविर में शामिल हुए हजारों ग्रामीणों के बीच हेमंत सरकार के द्वारा चलाए जा रहे योजनाओं की विस्तार से जानकार दी। मौके पर सैकड़ो ग्रामीण विभिन्न समस्याएं लेकर शिविर में शामिल हुए। विधायक ने उनकी समस्याएं सुनकर शिविर में उपस्थित विभिन्न विभाग के अधिकारियों को उसका समाधान ऑन द सपोर्ट करने का निर्देश दिया। ताकि ग्रामीणों को किसी प्रकार की परेशानी ना हो। विधायक मंगल कालिंदी के नेतृत में हेमंत सरकार के द्वारा आयोजित शिविर में फूलों झानो योजना के तहत 70 महिलाओं व सोना सोबरन धोती साड़ी लूंगी योजना में 973 लोगों को योजना का लाभ दिलाया। वही 424 लोगों का पेंशन आवेदन पत्र,196 लोगों के बीच कंबल का वितरण, प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत 103 आवेदन प्राप्त,42 किसानों का केसीसी ऋण आवेदन प्राप्त, 40 लोगों के द्वारा धन अधिप्राप्ति का आवेदन, जन्म एवं मृत्यु प्रमाण पत्र के लिए 9 आवेदन प्राप्त, 80 लोगों को ई श्रम कार्ड आवेदन प्राप्त,13 लोगों का आय प्रमाण पत्र,45 ग्रामीणों का जाति प्रमाण पत्र, 39 लोगों का आवासीय प्रमाण पत्र के लिए आवेदन, 46 लोगो का ऑनलाइन आवेदन प्रमाण पत्र प्राप्त, 40 लोगों को टिका दिया गया,94 लोगों का स्वास्थ्य जांच,100 लाभूको ने मुख्यमंत्री पशुधन योजना के तहत आवेदन,178 लोगो का सावित्रीबाई फुले किशोरी योजना का आवेदन प्राप्त, सामाजिक सुरक्षा की ओर से नया पेंशन हेतु 35 आवेदन प्राप्त,मुख्यमंत्री रोजगार सृजन योजना 5 आवेदन प्राप्त,आधार में 25 लोगों ने एनरोलमेंट करवाया गया, आपूर्ति विभाग के 3 नया राशन कार्ड में नाम जोड़ने एवं 18 डिलीट के लिए 1 आवेदन प्राप्त किए हैं। पेयजल एवं स्वच्छता विभाग का नया चापाकल के लिए 7 एवं मरम्मत हेतु 70 लोगों का आवेदन प्राप्त किया गया। लोगों को संबोधित करते हुए विधायक ने कहा ग्रामीणों की समस्याएं अधिकारी सुनें और उसके समाधान को लेकर उचित कदम उठाएं। साथ ही ग्रामीणों के साथ अच्छा व्यवहार करें। विधायक मंगल कालिंदी ने कहा ग्रामीणों की सेवा के लिए यहां उपस्थित हैं। मौके पर विधायक ने कई योजनाओं के स्वीकृति पत्र और कंबल का वितरण उपस्थित ग्रामीणों के बीच में किया। इस अवसर पर विधायक मंगल कालिंदी ने कहा झारखंड के हेमंत सरकार नया व सशक्त राज्य बनाने के संकल्प के साथ आगे बढ़ रही है। राज्य के जनता के लिए विकास व उनके परिवार में खुशहाली के लिए सरकार प्रतिबद्ध है।

### ये रहे उपस्थित

शिविर में पूर्वी सिंहभूम के 20 सूत्री जिला उपाध्यक्ष मोहन कर्मकार, विधायक प्रतिनिधि पलटन मुर्मू, जमशेदपुर प्रखंड अध्यक्ष बहादुर किस्कु, जमशेदपुर प्रखंड उपाध्यक्ष सागेन पूर्ती, बड़ाबॉकी ग्राम प्रधान लक्ष्मी नारायण सिंह, बड़ाबॉकी पंचायत अध्यक्ष नीरानंद सिंह, बड़ाबॉकी पंचायत सचिव नील मोहन गोराई, चिका सिंह, परेश सिंह,मुखिया राकेश मुर्मू, ग्राम प्रधान एवं झामुमो के पंचायत अध्यक्ष हरिपदो सिंह, गुरमा ग्राम प्रधान कंचन सिंह, भागाबांध ग्राम प्रधान विपिन चंद्र मुर्मू, मकर सिंह, जोहर सिंह, झामुमो के आंदोलन कारी नेता शिद्दू महतो, संजय दास, विद्वान सोरेन, बिरू के आलावे झामुमो के सैकड़ो कार्यकर्ता व दूर-दराज से आये हजारों की संख्या में ग्रामीण उपस्थित रहे।

# सवर्ण रोजगार ऐप का लोकार्पण स्थापना दिवस के दिन इंडिया अमेरिका चैंबर ऑफ कॉमर्स के माध्यम से होगा: डीडी त्रिपाठी

**जमशेदपुर (आजाद सिपाही)।** राष्ट्रीय सवर्ण महासंघ फाउंडेशन व सवर्ण समाज का सामाजिक तना बना को मजबूत करने के लिए अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर पहल की जा रही है। बुधवार को प्रेस विज्ञप्ति के माध्यम से सवर्ण महासंघ फाउंडेशन के राष्ट्रीय संगठन मंत्री डी डी त्रिपाठी ने जानकारी दी। उन्होंने बताया सवर्ण बच्चो के अभिभावक जिस समस्या से सबसे ज्यादा परेशान है उन सभी समस्याओ के स्थाई निराकरण के लिए सवर्ण महासंघ फाउंडेशन को अब जमीनी स्तर पर तैयारी की जा रही है। 20 अक्टूबर को सवर्ण जोड़ो ऐप का लोकार्पण लखनऊ के क्लब में किया जाएगा। सवर्ण शिक्षा एप्प का लोकार्पण संगठन के स्थापना दिवस 11 दिसंबर को पिंक नगरी जयपुर में किया जाएगा। जहां देश के सभी कोने से लोग जूटेंगे।उसके साथ ही स्थापना दिवस के दिन सवर्ण रोजगार ऐप का लोकार्पण अमेरिका में इंडिया अमेरिका चैंबर ऑफ कॉमर्स के माध्यम से ऑनलाइन किया जायेगा।

### जमशेदपुर पुलिस ने बैंक डकैती करने वाले अंतरराज्यीय गिरोह का किया खुलासा

# पटना से महिला समेत पांच गिरफ्तार

**आजाद सिपाही संवाददाता**



**जमशेदपुर।** पूर्वी सिंहभूम जिले के एसएसपी प्रभात कुमार के निर्देश पर सिटी एसपी के विजय शंकर के नेतृत्व में जमशेदपुर पुलिस ने बड़ी सफलता हासिल की है। बुधवार को बिहार, झारखंड, उड़ीसा समेत कई राज्य में योजना बनाकर बैंक डकैती करने वाले अंतरराज्जीय गिरोह का एसएसपी प्रभात कुमार ने खुलासा कर दिया। पूछताछ के दौरान जानकारी मिली अब तक के सबसे बड़े अंतरराज्जीय गिरोह ने उलीडीह में बैंक डकैती को अंजाम दिया था। अपराधियों के पास से चार हथियार, 52 गोली, 26 चांदी का सिक्का समेत 30 हजार नकद बरामद, दो मोटरसाइकिल पुलिस ने बरामद कर लिया। साथ ही पांच सरगना समेत एक की पत्नी को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया। एसएसपी प्रभात कुमार ने बताया सिटी एसपी के विजय शंकर के नेतृत्व में पुलिस को बड़ी सफलता मिली है। पुलिस ने बिहार के पटना से बैंक डकैती करने के मास्टरमाइंड और उसकी पत्नी समेत पांच लोगों को गिरफ्तार कर लिया।गिरफ्तार आरोपियों में बिहार के पटना जिला के बाढ थाना क्षेत्र निवासी मास्टरमाइंड राजीव रंजन कुमार उर्फ पप्पू उर्फ मुन्ना उर्फ अमित सिंह उर्फ मैनेजर, उसकी पत्नी निभा कुमारी, जहानाबाद निवासी धर्मेंद्र कुमार, रांची डोरंडा निवासी नीरज बराइली और जहानाबाद निवासी प्रमोद बिंद उर्फ संतोष शामिल है। पुलिस ने सभी आरोपियों को उस वक्त गिरफ्तार किया जब वे लोग देश छोड़कर नेपाल जाने की फिराफ में थे। पुलिस ने आरोपियों के पास से एक देशी पिस्टल, तीन देसी कट्टा, 52 गोली, 26 चांदी का सिक्का 30,100 रुपए नकद और घटना में प्रयुक्त 2 बाइक भी बरामद कर लिया। जानकारी देते हुए एसएसपी प्रभात कुमार ने बताया गैंग मास्टरमाइंड राजीव रंजन उर्फ पप्पू है। अपराधियों का गैंग 1995 से संचालित है। मास्टरमाइंड राजीव रंजन उर्फ पप्पू पर चार साल पहले पटना जेल से भागने का भी आरोपी है। तब से पुलिस उसकी तलाश कर रही है। इस गैंग में 100 से ज्यादा सदस्य शामिल है। उन्होंने बताया 27 सालों से यह गैंग एक ही तरीके से घटना को अंजाम देते आ रहे है। यह गैंग राजस्थान, ओडिशा, बिहार और झारखंड के अलावा कई राज्यों में बैंक डकैती की घटना को अंजाम दे चुका है। गैंग अपने साथ एक कंटेनर लेकर चलती है। जिसमे कुछ मोडिफिकेशन किए गए है। कंटेनर में ही हथियार छुपाकर रखा जाता था। एसएसपी ने बताया उलीडीह में बैंक डकैती को अंजाम देने के बाद सभी आरोपी कोलकाता की ओर भागे थे। जहां सभी अलग अलग होकर नेपाल भाग गए थे। मामला शांत होने के बाद सभी दुर्गा पूजा के बाद वापस पटना आ गए। छापेमारी के दौरान पहले प्रमोद और धर्मेंद्र को गिरफ्तार किया गया। जिसके बाद पप्पू सिंह उसकी पत्नी निभा और नीरज की गिरफ्तारी की गई। उन्होंने बताया आरोपियों द्वारा डकैती की घटना को अंजाम देने के बाद उस पैसे को रियल स्टेट के अलावा अन्य जगह इन्वेस्ट किया जाता था। जिसकी जांच पुलिस कर रही है। फिलहाल सभी को न्यायिक हिरासत में भेजा गया है।

### जमशेदपुर पुलिस के दबाव से रंजीत सिंह हत्याकांड के फरार आरोपी छब्बों ने किया सरेंडर

# पिस्टल,दो मोबाइल और घटना में प्रयुक्त बाइक बरामद

**आजाद सिपाही संवाददाता**




**जमशेदपुर।** शहर में एसएसपी प्रभात कुमार के नेतृत्व में जमशेदपुर पुलिस अपराधियों के खिलाफ करवाई तेज कर दी है। दुर्गा पूजा के दौरान टेल्को थाना अंतर्गत सबुज कल्याण संघ के पास अपराधी रंजित सिंह उर्फ रंजीत सरदार की गोली मारकर हत्या करने वाले फरार आरोपी पुलिस के दबाव में एसएसपी कार्यालय में सिलेंडर कर दिया। पुलिस उसकी गिरफ्तारी के लिए लगातार छापेमारी कर रही थी।हालांकि इससे पूर्व जमशेदपुर पुलिस ने कारवाई करते हुए राहुल गुप्ता उर्फ शोले,अनिल और ऋषि कुमार को गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में भेज दिया था। एसएसपी प्रभात कुमार ने बताया फरार आरोपी छब्बो की गिरफ्तारी के लिए लगातार पुलिस छापेमारी की जारही थी।सरेंडर के बाद पुलिस के द्वारा पूछताछ में उसने हत्या की बात स्वीकार करते हुए पुलिस को बताया जब वह जेल में था तो रंजित सिंह उसे लगातार तंग करता था। उसकी दाढ़ी खींच दी थी। बेइज्जती का बदला लेने के लिए उसने हत्या कर दी। पुलिस ने छब्बो की निशानदेही में देसी पिस्टल, दो मोबाइल व घटना में प्रयुक्त बाइक बरामद कर ली। उधर पुलिस आरोपी राजा सिंह की तलाश के लिए लगातार छापेमारी कर रही है। उन्होंने बताया दुगार्पूजा के दौरान टेल्को सबुज कल्याण संघ के पास अपराधी रंजित सिंह उर्फ रंजित सरदार की हत्या कर दी गई थी। अन्य आरोपी की तलाश जारी है। फिलहाल अपराधी छब्बो को न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया।

**प्रदर्शन : आदिम जनजातियों ने अपनी 12 सूत्री मांगों को लेकर किया प्रदर्शन**

# चार घंटे तक समाहरणालय का किया घेराव

**कार्यालय छोड़ मुख्य द्वार पर आकर उपायुक्त ने उनकी समस्याओं को सुना और तत्काल निराकरण करने का दिया आश्वासन**

**आजाद सिपाही संवाददाता**





मांग पत्र पढ़ते उपायुक्त तथा समाहरणालय का घेराव करते आदिम जनजाति महिला-पुरुष

**गढ़वा।** अखिल भारतीय आदिम जनजाति विकास समिति गढ़वा के बैनर तले गढ़वा जिला अंतर्गत विभिन्न प्रखंडों के आदिम जनजाति समुदाय के लोग अपनी 12 सूत्री मांगो को लेकर समाहरणालय का लाभग चार घंटे तक घेराव किया। बाद में उपायुक्त रमेश घोलप आदिम जनजातियों की परेशानियों से अवगत होने अपने कार्यालय से निकलकर समाहरणालय गेट तक पहुंचे। जहां आदिम जनजाति के लोगों ने उपायुक्त को राज्यपाल के नाम 12 सूत्री मांग पत्रों की सूची समर्पित करते हुए अपनी परेशानियों से अवगत कराया। मौके पर उपस्थित सभी लोगों ने आदिम जनजाति समुदाय से जुड़ी कुछ समस्याओं के निराकरण एवं अपनी मांगों को पूरा करने संबंधी मांग पत्र सौंपा। यथा आदिम जनजाति समुदाय पर शोषण एवं दमन पर रोक लगाने, चिनिया प्रखंड के आदिम जनजाति समुदाय के पिछले तीन माह के लंबित राशन को अविलंब मुहैया कराने, गढ़वा जिले में सीएनटी एक्ट के तहत रैयती भूमि वापस कराने, विशिष्ट इंडिया रिजर्व बटालियन (एसआईआरबी) का मुख्यालय गढ़वा में खोलने, विशिष्ट इंडिया रिजर्व बटालियन एसआईआरबी के तहत रिक्त पदों पर शीघ्र बहाली कराने, डाकिया योजना का अनुज्ञप्ति आदिम जनजाति के सदस्यों को देने, गढ़वा जिला में सामुदायिक पट्टा के वितरण एवं अनैतिक वादों (केस) को वापस लेने, शिक्षित युवक-युवतियों को रोजगार से जोड़ने, अच्छे शिक्षण संस्थानों में आरक्षण के तहत बच्चों का नामांकन सुनिश्चित कराने, आदिम जनजाति (विशेष) विद्यालय खोले जाने, चिनिया प्रखंड के ग्राम मसरा, टोला मुरटंगी में भूमि वापस कराने तथा प्रशासनिक पदाधिकारियों के कार्यों में नम्रता लाने संबंधित मांग पत्रों की सूची सौंपी गयी। इस पर उपायुक्त ने उपस्थित सभी आदिम जनजाति समुदायों की समस्याओं को सुनने के बाद यथासंभव निराकरण कराने की बात कही।

मौके पर राशन कार्ड बनवाने संबंधी मामले पर उपायुक्त श्री घोलप ने वैसे सभी आदिम जनजाति के समुदाय को आश्वस्त करते हुए राशन कार्ड बनवाने की बात कही। जिनका अभी तक राशन कार्ड में नाम नहीं जुड़ा हो अथवा राशन कार्ड नहीं बना हो। उन्होंने राशन कार्ड बनाने के लिए सभी योग्य व्यक्तियों के फार्म 7 दिनों के अंदर जमा कराने की बात कही। जिन प्रखंडों में राशन का वितरण पिछले कई महीनों से नहीं हुआ है उसका भी निराकरण यथाशीघ्र कराने एवं राशन वितरण कराने की बात उपायुक्त ने कही। उन्होंने कहा राशन वितरण में अनियमितता बरतने वाले दोषी पदाधिकारियों कर्मियों एवं इस कार्य में संलग्न सभी व्यक्तियों पर यथोचित कार्रवाई की जाएगी। रोजगार से जोड़े जाने के मुद्दों पर उपायुक्त श्री घोलप ने कहा कि झारखंड सरकार द्वारा लोककल्याणकारी योजना के तहत मुख्यमंत्री रोजगार सृजन योजना की शुरुआत की गई है जिसमें 40% छूट के साथ रोजगार सृजन हेतु ऋण उपलब्ध कराये जा रहे हैं। उन्होंने उपस्थित ग्रामीण जनता से इस योजना का लाभ लेते हुए रोजगार से जुड़ने एवं आत्मनिर्भर बनने की अपील की। उन्होंने आदिम जनजाति समुदाय द्वारा रखे गए सभी मामलों पर यथासंभव कार्रवाई करते हुए निराकरण करने की बात कही है। जिला आपूर्ति पदाधिकारी सह अनुमंडल पदाधिकारी गढ़वा राज महेश्वरम ने भी खाद्य सुरक्षा अधिनियम के तहत राशन वितरण आदि में किए गए गड़बड़ी को सुधारते हुए लंबित राशन का वितरण यथाशीघ्र कराने की बात कही एवं डाकिया योजना के तहत मिल रहे खाद्यान्नों को ससमय वितरित कराने सुनिश्चित किया गया।

मौके पर आदिम जनजाति विकास समिति के जिलाध्यक्ष नन्हेसर कोरवा, सुरेंद्र परहिया, मनमोहन कोरवा, हरेंद्र किरवा, चंदू कोरवा, अखिलेश कोरवा, लखन कोरवा, एवम वीरेंद्र कोरवा सहित आदिम जनजाति समुदाय के काफी संख्या में महिला पुरुष उपस्थित थे।

# केतार पंचायत में लगा सरकार आपके द्वार शिविर



**आजाद सिपाही संवाददाता**

**केतार।** आपकी योजना आपकी सरकार आपके द्वार कार्यक्रम के प्रथम चरण के तहत केतार पंचायत सचिवालय में बुधवार को आपकी योजना आपकी सरकार आपके द्वार कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

इस शिविर का उद्घाटन प्रखंड प्रमुख चंद्रावती देवी विधायक प्रतिनिधि हेमंत पाठक सांसद प्रतिनिधि त्रिपुरारी सिंह प्रखंड विकास पदाधिकारी मुकेश मछुआ अंचलाधिकारी मेघन महतो ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया।

इस शिविर मे आपूर्ति विभाग पशुपालन आवास सामाजिक सुरक्षा केसीसी पंचायती राज श्रम विभाग स्वास्थ्य विभाग जेएसएलपीएस मनरेगा बाल विकास परियोजना आदि का अलग-अलग स्टॉल लगाया गया। यहां पंचायत क्षेत्र के सैकड़ों लोगों ने विभिन्न विभागों से संबंधित फार्म एव लिखित आवेदन दिया। इस अवसर पर प्रखंड विकास पदाधिकारी मुकेश मछुआ ने कहा कि विकास के पंक्ति में कार्य अंतिम व्यक्ति तक विकास योजनाओं का लाभ एवं न्याय पहुंचाना सरकार का उद्देश्य है इसी को लेकर आज विभिन्न विभागों के अधिकारी जनता के दरबार में आए हैं इस कार्यक्रम में प्राप्त सभी आवेदन पत्रों को ऑनलाइन रजिस्ट्रेशन किया जा रहा है।

इस मौके पर मुखिया प्रमोद कुमार, प्रमुख शंभू सिंह खरवार बीस सूत्री अध्यक्ष संजय सिंह मुखिया प्रतिनिधि मनोरंजन गुप्ता सहित अन्य लोग उपस्थित थे।

## लायंस क्लब ऑफ गढ़वा ग्रीन ने जरूरतमंद के लिए दो यूनिट किया रक्तदान



**गढ़वा (आजाद सिपाही)।** रक्तदान करने वाले ग्रीन सदस्य लायन आशीष केशरी (रतन ) के द्वारा 41वॉं और लायन नीरज कुमार के द्वारा 6ठा रक्तदान किया गया। लायन आशीष केशरी ने बताया की बहुत अच्छा लगता है रक्तदान कर-के किसी की जान बचाने का और सेवा का इससे अच्छा कुछ भी कार्यनहीं है, मेरा रक्त किसी जरुरत मंद के कार्य आया मुझे बहुत सुकून मिलता है रक्तदान करके आप सभी से भी आग्रह है कि एक बार रक्तदान करके देखे बहुत बढ़िया लगेगा

## पुल निर्माण कार्य को ग्रामीणों ने रोका



**भंडरिया (आजाद सिपाही)।** प्रखंड के करचाली रेघवा नदी में पुल निर्माण कार्य को ग्रामीणों ने रोक दिया है। ग्रामीणों का आरोप है कि पुल निर्माण में घटिया सामग्री का उपयोग की जा रही है। कम मात्रा में सीमेंट डाली जा रही है। ग्रामीणों ने बताया कई करोड़ की लागत से पुल का निर्माण किया जा रहा है। परन्तु पुल की देखरेख करने के लिए विभाग के कोई पदाधिकारी या इंजीनियर नहीं रहते हैं। ठेकेदार द्वारा मनमानी रूप से काम किया जा रहा है। करचाली गांव के दर्जनों की संख्या में ग्रामीणों ने काम करा रहे मुंशी से पूछताछ की और घटिया काम बता कर काम को रोक दिया। ग्रामीणों ने कहा कि पुल निर्माण की न्यू में घटिया सामग्री का उपयोग किया जा रहा है। इतने बड़े पुल निर्माण के न्यू में ही घटिया सामग्री लगायी जाएगी तो पुल कमजोर होगा। गांव के लोगों ने कहा कि प्राक्कलन के मुताबिक विभाग के इंजीनियर की देखरेख में काम कराएं, नहीं तो काम बंद रहेगा। इस मौके पर छोटनलाल टोप्पो, वाजुदीन अंसारी, कयूम अंसारी, खलील अंसारी, शाहिद अंसारी, नवल किशोर उपाध्याय, कुतुबुद्दीन अंसारी, सिराज अंसारी ,कमरे आलम, नूरुल ऐन सहित काफी संख्या में लोग मौजूद थे।

## रंका बाजार में 50 फीट ऊंचाई की लगेगी हाई मास्ट लाईट

**रंका (आजाद सिपाही)।** रंका अनुमंडल मुख्यालय के तीन सार्वजनिक स्थानों पर गढ़वा विधायक सह झारखंड सरकार के पेयजल एवं स्वच्छता मंत्री मिथिलेश कुमार ठाकुर के सौजन्य से रंका बाजार में 50 फीट ऊंचाई का हाई मास्ट लाइट लगाया जाएगा। इसके संबंध में झामुमो रंका प्रखंड अध्यक्ष आशीष कुमार ने बताया कि माननीय मंत्री मिथिलेश कुमार ठाकुर से रंका झामुमो प्रखंड कमेटी के द्वारा रंका को सुंदर बनाने हेतु हाई मास्ट लाईट तीन जगहों पर लगवाने का आग्रह किया गया था। जिसे मंत्री जी ने छठ पूजा को देखते हुए उन्होंने तत्काल एक जगह पर अर्थात बाजार प्रांगण में लाईट लगाने की अनुमति दे दी है। मंत्री जी के इस प्रयास के लिए रंका की जनता ने उन्हें बधाई देते हुए आभार व्यक्त किया है। इसके संबंध में श्री गुप्ता ने बताया कि माननीय मंत्री जी के सौजन्य से बाद में रंका चेकनाका और थाना मोड़ पर यह लाईट लगाया जाएगा।

# अंबे सेवा संस्थान में महिला की पथरी का ऑपरेशन के बाद हुई मौत



**महिला की मौत के बाद परिजनों ने अस्पताल में जमकर किया हंगामा**

**अस्पताल संचालक व कर्मी अस्पताल छोड़कर भागे**

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**बंशीधर नगर।** अनुमंडल मुख्यालय स्थित एनएच 75 पर अंबे सेवा संस्थान निजी चिकित्सालय में बुधवार की सुबह एक महिला का पथरी का ऑपरेशन किये जाने के बाद मौत हो गई। महिला की मौत होने के बाद मृतका के परिजनों ने जमकर हंगामा किया। मृतका रमुना थाना के बहियार कला निवासी शिव रतन पासवान की पत्नी बैजंती देवी (50) थी। परिजनों द्वारा हंगामा किये जाने के बाद उक्त अस्पताल के संचालक व कर्मी भाग निकले। हंगामा कर रहे परिजन मुआवजा की मांग तथा हास्पिटल संचालक पर मुकदमा दर्ज करने की मांग को लेकर लगभग 6 घंटे तक अस्पताल से मृतका का शव को निकलने नहीं दिया।

परिजन के आवेदन पर प्राथमिकी दर्ज करने के बाद पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल गढ़वा भेज दिया। घटना की सूचना मिलने के बाद उक्त निजी चिकित्सालय में पहुंचे अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी प्रमोद कुमार केसरी, उपाधीक्षक सूचित्रा कुमारी, धुरकी प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र के प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी दिनेश कुमार सिंह ने मामले की जांच की। जांच के दौरान निजी चिकित्सालय में भर्ती हाइड्रोसील का ऑपरेशन करा चुके बिशनपुरा थाना क्षेत्र के पतिहारी गांव निवासी हनीफ अंसारी व उत्तर प्रदेश के पीपरखाड़ गांव निवासी शेर सिंह की पत्नी फूलन देवी बच्चादानी का आपरेशन को बेहतर इलाज के लिए सदर अस्पताल गढ़वा भेजवाया। वहीं एक अन्य मरीज उत्तर प्रदेश के हरनाकछार गांव निवासी योगेंद्र यादव की पत्नी बसंती देवी को अनुमंडलीय अस्पताल में भर्ती कराया।

### सिविल सर्जन ने निजी चिकित्सालय को किया सील

जानकारी के बाद निजी चिकित्सालय में पहुंचे सिविल सर्जन अनिल कुमार सिंह तथा अंचल पदाधिकारी अरुण कुमार मुंडा के उपस्थिति में उक्त निजी अस्पताल को सील किया गया। इस दौरान सिविल सर्जन ने कहा कि घटना को लेकर अस्पताल को तत्काल सील कर दिया गया है तथा परिजन के आवेदन पर स्थानीय थाना में प्राथमिकी दर्ज की गई है। उन्होंने कहा कि विभाग के द्वारा भी प्राथमिकी दर्ज की जाएगी इसके बाद जांच के बाद अस्पताल संचालक के विरुद्ध विधि सम्मत कार्रवाई की जाएगी।

## इओ ने कचरा पृथकीकरण को लेकर किया बच्चों को जागरूक



**मंझिआंव (आजाद सिपाही)।** स्वच्छता के दो ही रंग कार्यक्रम के तहत नगर पंचायत के कार्यपालक पदाधिकारी सुश्री निकिता बाला के द्वारा नगर पंचायत क्षेत्र के उत्क्रमित उच्च विद्यालय मझिआंव, राधा कृष्ण बालिका विद्यालय एवं उत्क्रमित मध्य विद्यालय अखौरी तहले में जाकर स्कूली बच्चों के बीच स्वच्छता के दो ही रंग के तहत कचरा पृथकीकरण हेतु गीला कचरा हरे डिब्बे में एवं सूखा कचरा नीले में रखने हेतु जागरूक किया गया एवं दिनांक 21/ 10 /2022 दिन शुक्रवार को आयोजित आपकी योजना, आपकी सरकार,आपके द्वार कार्यक्रम में किशोरी समृद्धि योजना के तहत निबंधन हेतु किशोरियों को आमंत्रित किया गया।

## सूरत पांडेय डिग्री कॉलेज में अभाविप ने चलाया रक्त ग्रुप परीक्षण अभियान



**गढ़वा (आजाद सिपाही)।** अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद के प्रकल्प सेवार्थ विद्यार्थी (स्टूडेंट फॉर सेवा) के द्वारा स्थानीय सूरत पांडेय डिग्री कॉलेज में रक्त ग्रुप सूची बनाने के निमित रक्त ग्रुपपरीक्षण अभियान चलाया गया। जिसमें रक्तगट परीक्षण के साथ-साथ विद्यार्थियों का रक्तदाता के रूप में पंजीकरण किया गया। उद्घाटन कालेज के प्रभारी प्राचार्य निकलेश चौबे,विभाग प्रमुख डॉ. सत्यदेव पांडेय,पूर्व प्रदेश उपाध्यक्ष डॉ. उमेश सहाय,पूर्व नगर अध्यक्ष धीरेंद्र मिश्रा,विश्वविद्यालय सह संयोजक निशांत चतुर्वेदी ने किया। प्राचार्य निकलेश चौबे ने कहा कि हमें राष्ट्र प्रथम के भाव से काम करना चाहिए और पढ़ाई के साथ-साथ देश व समाज के हितों के लिए भी आगे बढ़ कर भाग लेना चाहिए और इस पुनीत कार्य के लिए हम सभी विद्यार्थी परिषद के कार्यकताओं को भी धन्यवाद देते हैं। अभियान प्रमुख शुभम तिवारी ने कहा कि वैसे छात्र जिनकी रुचि समाज सेवा में अत्यधिक है उन छात्रों के साथ उनके नेतृत्व में सेवार्थ विद्यार्थी के माध्यम से विद्यार्थी परिषद रक्तदान जैसे सेवा कार्यों में युवाओं की अत्यधिक भागीदारी सुनिश्चित करने के संकल्प के साथ कार्य कर रही है। नगर सह मंत्री अखिल कुमार ने कहा कि रक्तगट सूची अभियान राष्ट्र स्तर पर सभी रक्तदाता के रक्त समूह मोबाइल नंबर और निवास क्षेत्र का विवरण लेकर पंजीकरण के माध्यम से रक्त दाताओं का विस्तृत रूप से विवरण रखेगी। देश के किसी भी क्षेत्र में किसी भी नागरिक को अगर रक्त की आवश्यकता होती है तो इस पंजीकरण डाटा के माध्यम से उनको रक्त उपलब्ध कराया जायेगा। अभियान देशभर में चल रहे है। रक्तगट परीक्षण अभियान में 99 विद्यार्थियों का परीक्षण हुआ। मौके पर विभाग संयोजक मंजूल शुक्ल, विश्वविद्यालय सह संयोजक निशांत चतुर्वेदी,नगर सह मंत्री अखिलेश कुमार,निरंजन चौबे,करण कुमार, कंचन कुमारी, अंजली कुमारी, प्रकाश कुमार, जयानंद पाल, सोनम भारती, कृष्णा कुमार,अदिति केशरी सहित बड़ी संख्या में विद्यार्थी मौजूद रहे।

## नाबालिग लड़की को पुलिस ने पुणे से किया बरामद, आरोपी युवक गिरफ्तार

**छह अक्टूबर को भगाकर ले गया था युवक**

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**गढ़वा।** मेराल थाना क्षेत्र के एक गांव से बहला-फुसलाकर भगाई गई नाबालिग लड़की को पुलिस ने बरामद कर लिया है। जबकि उसे भगाने वाले युवक दीपक कुमार पिता सुनेश्वर राम को भी पुलिस ने गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में भेज दिया है। युवक गढ़वा शहर के उंचरी मोहल्ला का रहनेवाला है। जानकारी के अनुसार दीपक कुमार ने नाबालिग लड़की को छह अक्टूबर 2022 को शादी के नाम पर झांसा देकर अपने साथ भगाकर ले गया था। बताया गया कि वह लड़की को लेकर महाराष्ट्र के पुणे चला गया था। इधर, लड़की के घरवालों ने इस मामले को लेकर मेराल थाना में प्राथमिकी दर्ज कराई। इसके पश्चात पुलिस ने सक्रियता दिखाई। तब युवक के महाराष्ट्र के पुणे में होने के बारे में जानकारी मिली। मेराल थाना के सब इंस्पेक्टर सुरजीत चौधरी के नेतृत्व में पुलिस टीम ने पुणे जाकर नाबालिग लड़की बरामद करने के साथ ही दीपक कुमार को भी गिरफ्तार करने में सफल रही। बुधवार को पुलिस ने नाबालिग लड़की का सदर अस्पताल में मेडिकल कराया।

**उपायुक्त का कार्यालय, कोडरमा**
**(समाज कल्याण शाखा)**
**इच्छा की अभिव्यक्ति**
**(Expression of Interest)**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि कोडरमा जिला अन्तर्गत 15 (पन्द्रह) आंगनबाड़ी केन्द्रों को मॉडल बनाया जाना है। उक्त के निमित् वित्तीय वर्ष 2022–23 के लिए इच्छा की अभिव्यक्ति (Expression of Interest) आमंत्रित की जाती है। आपूर्तिकर्त्ता/एजेन्सी को सूचीबद्ध जिला समाज कल्याण कार्यालय, कोडरमा में किया जायेगा।

अतः इच्छूक आपूर्तिकर्त्ता/एजेन्सी अपनी इच्छा की अभिव्यक्ति ;Expression of Interestद्ध का आवेदन मुहरबन्द लिफाफा में उपायुक्त, कोडरमा को संबोधित करते हुए स्थान– जिला समाज कल्याण कार्यालय, कोडरमा में दिनांक–**04/11/2022** को पूर्वाह्न/अपराह्न 02:00 बजे तक हाथों–हाथ या स्पीड पोस्ट के माध्यम से जमा कर सकते हैं। उक्त इच्छा की अभिव्यक्ति उपायुक्त, कोडरमा के सभा कक्ष में दिनांक–**04/11/2022** को 04:00 बजे पूर्वाह्न/अपराह्न में खोला जायेगा।

नोटः– उक्त के संबंध में विस्तृत जानकारी जिले के बेवसाईट www.koderma.nic.in पर देखा जा सकता है।

उपायुक्त,
कोडरमा।

*PR 280370 Social Welfare,Women and Child Development(22-23)D*

**हर्ष व्यक्त : राज्यस्तरीय पंचायत जनप्रतिनिधि सम्मान समारोह में सम्मानित प्रतिनिधियों को जिला भाजपा ने दी बधाई**

# प्रदेश भाजपा से सम्मानित होना गढ़वा जिला के लिए गर्व की बात है : केशरी

**पूरे झारखंड से मात्र गढ़वा के मझिआंव ब्लाक प्रमुख आरती दुबे को सम्मानित किया जाना सौभाग्य की बात है : संतोष दुबे**

**आजाद सिपाही संवाददाता**




**गढ़वा।** भारतीय जनता पार्टी गढ़वा के जिला अध्यक्ष ओमप्रकाश केसरी ने कहा कि झारखंड भाजपा के द्वारा रांची में आयोजित पंचायत जनप्रतिनिधि सम्मान समारोह में मंच पर गढ़वा जिला के मझिआंव ब्लाक प्रमुख आरती दुबे को सम्मानित किया जाना हम सभी गढ़वा वासियों के लिए गर्व की बात है।

जिलाध्यक्ष ओमप्रकाश केसरी ने कहा कि कल झारखंड भाजपा की ओर से झारखंड के पंचायत प्रतिनिधियों को सम्मानित करने के लिए रांची में ऐतिहासिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया था। जिसमें केंद्रीय राज्यमंत्री पंचायती राज विभाग, झारखंड विधायक दल के नेता बाबूलाल मरांडी, भाजपा के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष रघुबर दास, झारखंड भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष दीपक प्रकाश, झारखंड भाजपा के क्षेत्रीय संगठन महामंत्री नागेंद्र नाथ त्रिपाठी, झारखंड प्रदेश संगठन महामंत्री कर्मवीर सिंह समेत कई गणमान्य अतिथियों की उपस्थिति में मझिआव़ ब्लाक प्रमुख आरती दुबे को झारखंड भाजपा के द्वारा जो सम्मान दिया गया है, उसके लिए हम सभी भारतीय जनता पार्टी गढ़वा के कार्यकर्ता प्रदेश नेतृत्व के प्रति आभार व्यक्त करते हैं।

जिला महामंत्री संतोष दुबे ने बताया कि मंच पर पूरे झारखंड से पहुंचे सभी प्रमुखों में से मात्र गढ़वा के प्रमुख को सम्मानित किया जाना गढ़वा वासियों के लिए अत्यंत ही सौभाग्य की बात है।

जिला महामंत्री ने कहा कि प्रदेश स्तरीय जनप्रतिनिधि सम्मान समारोह को सफल बनाने के लिए गढ़वा जिला से सैकड़ों की संख्या में पंचायत प्रतिनिधि रांची पहुंच कर कार्यक्रम को सफल बनाने में अपनी महती भूमिका का निर्वहन किये हैं।

सम्मानित किये जाने पर भाजपा नेताओं ने मझिआंव ब्लाक प्रमुख सहित पूरे जिले भर से सम्मानित होने वाले गढ़वा जिले के सभी जनप्रतिनिधियों को बधाई दी है।

बधाई देने वाले में पूर्व भाजपा विधायक सत्येन्द्रनाथ तिवारी, भाजपा नेता अलखनाथ पाण्डेय, भाजपा नेता जवाहर पासवान, भाजपा जिला मीडिया प्रभारी विवेकानंद तिवारी, भाजयुमो जिलाध्यक्ष रितेश चौबे, मझिआंव मंडल अध्यक्ष पवन कुमार, भाजयुमो जिला महामंत्री संजय कमलापुरी, भाजयुमो जिला उपाध्यक्ष अविनाश पासवान, मंत्री संजय जायसवाल सहित सैकड़ों कार्यकर्ताओं ने बधाई दी है।

**कृषि, पशुपालन एवं सहकारिता विभाग (पशुपालन प्रभाग), झारखण्ड**
**कार्यालय, जिला पशुपालन पदाधिकारी, रामगढ़**

**"शिक्षित बेरोजगार युवकों हेतु आम सूचना"**

कृत्रिम गर्भाधान एवं प्राथमिक उपचार से संबंधित प्रशिक्षण हेतु जे०एस०आई०ए०, होटवार, राँची में आवेदन आमंत्रित किया जाता है। केन्द्रीय योजना राष्ट्रीय गोकुल मिशन अन्तर्गत "Establishment of MAITRI" योजनान्तर्गत वित्तीय वर्ष 2022–23 में रामगढ़ जिला के 11 शिक्षित बेरोजगार युवकों को निर्धारित लक्ष्य के विरूद्ध **MAITRI (Multipurpose Artificial Insemination Technicians of Rural India)** प्रशिक्षण दिया जाना है। आवेदन एवं प्रशिक्षण की प्रक्रिया निम्नवत् है :–

1. प्रशिक्षणार्थियों का चयन वैसे स्थानों पर कृत्रिम गर्भाधान केन्द्र खोलने हेतु किया जायेगा जहाँ पूर्व से कार्यरत् कृत्रिम गर्भाधान केन्द्र न हो।
2. प्रशिक्षण अवधि :– तीन माह (क) सैद्धांतिक – 30 दिन (ख) प्रायोगिक – 60 दिन
3. आवेदक की आयु :– 18 वर्ष से 45 वर्ष तक।
4. न्यूनतम शैक्षणिक योग्यता :– मैट्रिक (इंटरमीडिएट जीव विज्ञान को प्राथमिकता)
5. नामांकन शुल्क :– 2000/– (दो हजार) रुपये मात्र।
6. सुविधाएँ :– निःशुल्क 30 दिवसीय सैद्धांतिक (Classroom) प्रशिक्षण।
   उपकरण :– 90 दिवसीय प्रशिक्षण की समाप्ति पर प्रमाण–पत्र एवं उपकरण (क्रायोकंटेनर, ए. आई. किट आदि) उपलब्ध कराया जाएगा।
7. कार्य एवं मानदेयः– प्रशिक्षित MAITRI का चयन जे०एस०आई०ए० अन्तर्गत स्थापित कृत्रिम गर्भाधान केन्द्र हेतु किया जा सकता है। उनके द्वारा विभिन्न केन्द्रीय/राज्य योजनाओं अन्तर्गत कृत्रिम गर्भाधान, गर्भ जाँच, वत्स उत्पत्ति, टीकाकरण, पशु चिन्हितीकरण एवं निबंधन आदि का कार्य किया जायेगा, जिसके लिए सरकार द्वारा अनुमोदित मानदेय प्रदान किया जायेगा।
8. विशेष जानकारी एवं विहित आवेदन पत्र हेतु अपने निकटतम प्रखण्ड नोडल पदाधिकारी/प्रखण्ड पशुपालन पदाधिकारी/भ्रमणशील पशुचिकित्सा पदाधिकारी/जिला नोडल पदाधिकारी/जिला पशुपालन पदाधिकारी/स्टेट नोडल पदाधिकारी, जे०एस०आई०ए० से सम्पर्क किया जा सकता है।

निवेदक
जिला पशुपालन पदाधिकारी, रामगढ़।

**PR.NO.280413 Animal Husbandry(22-23):D**

## तमाड़ की खबरें

## सरकार की योजनाओं का लाभ लें : बीडीओ



सोनाहातू (आजाद सिपाही)। गलऊ पंचायत सचिवालय भवन में बुधवार को आपकी-योजना, आपकी सरकार-आपके द्वार कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसके तहत विभिन्न विभागों के1166 आवेदन आए जिसमें से 600 आवेदनों पर तुरंत कर्रवाई करते हुए समाधान किया गया। बीडीओ सूचित्रा मिंज ने सभी स्टॉल का निरीक्षण करते हुए प्राप्त आवेदनों की जानकारी ली और उसे त्वरित निष्पादन करने का निर्देश दिया। कहा कि राज्य सरकार द्वारा इस अभियान के तहत लोगों की समस्या को दूर किया जा रहा है। वहीं, सीओ प्यारेलाल ने लोगों से आवश्यक दस्तावेज के साथ शिविर में आकर योजनाओं का लाभु लेने की अपील की। जबकि सावित्री बाई फुले योजना के लाभुकों को इस योजना के तहत बेहतर शिक्षा के लिए प्रोत्साहित भी किया। वहीं, विधायक प्रतिनिधि सुनील कुमार सिंह ने कहा कि योजनाओं की जानकारी प्राप्त करें, ताकि उन्हें योजना के लाभ से वंचित नहीं होना पड़े। सांसद प्रतिनिधि दिलेश्वर कोइरी ने कहा कि पंचायत गांव घर पहुंच कर समस्या का समाधान किया जा रहा है। लोग आगे आकर कार्यक्रम का लाभ उटाएं। इस दौरान जॉब कार्ड, पेंशन स्वीकृति पत्र, मनरेगा स्वीकृति प्रमाण पत्र, सावित्रीबाई फुले किशोरी योजना स्वीकृति प्रमाण पत्र आदि का वितरण किया गया। इस मौके पर जिला पशुपालन पदाधिकारी डॉ अनिल कुमार, जिप सदस्य मंजू सिंह, विधायक प्रतिनिधि सुनील कुमार सिंह, सांसद प्रतिनिधि दिलेश्वर कोइरी, पूर्व जिप उपाध्यक्ष चित्तरंजन महतो, प्रमुख विक्टोरिया देवी, उपप्रमुख सविता देवी, मुखिया सावना महली, बीपीओ बबिता गोस्वामी, सीडीपीओ ज्योतिका टोप्पो पंचायत सचिव हेमंत मांझी आदि मौजूद थे।

## सुमानडीह पंचायत में आपकी योजना आपकी सरकार आपके द्वार कार्यक्रम का आयोजन

बुंडू (आजाद सिपाही)। प्रखंड के सुमानडीह पंचायत सचिवालय में बुधवार को आपकी योजना आपकी सरकार आपके द्वार कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें सरकार द्वारा चलाए जा रहे सोना सोबरन धोती साड़ी योजना, कोरोना टीकाकरण, नेत्र जांच और स्वास्थ्य संबंधी जांच के अलावा पशुपालन, बिजली विभाग और पेयजल विभाग से संबंधित आवेदन आए थे जिसका निराकरण जल्द ही होने की बात कही गई। इस मौके पर जिप सदस्य परमेश्वरी शांडिल, प्रमुख राजकुमार बिंझिया, सीओ राजेश कुमार, बीडीओ संध्या मुंडू और मुखिया आदि उपस्थित थे।

## 27 को संस्कृति एवं नेगाचार को पुनर्जीवित करने को लेकर मिलन समारोह का आयोजन

सोनाहातू (आजाद सिपाही)। कुरमी (महतो) समन्वय समिति की ओर से 27 को सोनाहातू प्रखंड के तिलाईपीड़ी गांव में समाज के कला संस्कृति एवं नेगाचार को पुनर्जीवित करने के उद्देश्य से विराट सोहराय (बांधना) मिलन समारोह का आयोजन किया गया है। जिसके सफल आयोजन को लेकर बुधवार को राधानाथ महतो के आवास सह तिलाईपीड़ी आश्रम में समन्वय समिति के प्रमुख लोगों की बैठक हुई। जिसमें मुख्य रूप से समिति के संयोजक लालचन महतो उपस्थित हुए। उन्होंने कहा कि सोहराय मिलन समारोह ऐतिहासिक होगा। इसके लिए सदस्यों को अलग-अलग जिम्मेंदारी भी दी गई है। वहीं, प्रत्येक गांव-टोले से कुरमी/कुड़मी समाज के लोग पहुंचेंगे। बैठक में पूर्व शिक्षक रामेशवर महतो, नेहरू महतो, राधानाथ महतो, पद्मलोचन महतो और कैलाश महतो उपस्थित थे।

## विभिन्न मांगों को लेकर छात्रसंघ की बैठक

बुंडू (आजाद सिपाही)। पांच परगना किसान महाविद्यालय में बुधवार को विभिन्न मांगों को लेकर छात्र-छात्राएं की बैठक हुई। जिसमें छात्राओं ने 150 बेड की महिला छात्रावास निर्माण कराने, एमए की पढ़ाई के लिए प्रत्येक विषय में 100 सीट बेंच टेबल ब्लैक बोर्ड ड्रेस कोड व्यवस्था सुनिश्चित करने के अलावा शिक्षकों की नियमित उपस्थिति शामिल है। इस दौरान पढ़ाई नहीं होने पर छात्र संघ ने शिक्षकों के प्रति आक्रोश प्रकट किया। बैठक में सुरेंद्र लोहरा, संजीव सिंह मुंडा, जोगेंदर मुंडा, विकास पुराण, कल्याणी कुमारी अंजली कुमारी, अनीमा रुमेला सुशीला राजमणि, रोहित, मनोज, हरदेव, मनीषा और दीपा आदि मौजूद थे।

## बुंडू बार एसोसिएशन के चुनाव को लेकर हुई नामांकन पत्रों की स्क्रूटनी



बुंडू (आजाद सिपाही)। बार एसोसिएशन के चुनाव को लेकर बुधवार को नामांकन प्रपत्र की स्कूटनी निर्वाचन पदाधिकारी दिलीप कुमार राय और सहायक निर्वाचन पदाधिकारी विकेश्वर प्रसाद के समक्ष की गई। निर्वाचन पदाधिकारी ने कहा कि अध्यक्ष पद के लिए रामचरण महतो, मुरली सुंदर पांडे, कल्पना राव, उपाध्यक्ष पद के लिए आनंद राम महतो, रमेश चंद्र साहू, सूरज लाल मुंडा, संयुक्त सचिव पद के लिए संजय पांडे, कोषाध्यक्ष पद के लिए अनूप कुमार जयसवाल के अलावा कार्यकारिणी सदस्य के लिए सदानंद सिंह मुंडा, सनातन महतो, परमेश्वर महतो, राजेंद्र प्रसाद महतो, अमूल कुमार दास प्रत्याशी हैं। सभी का नामांकन सही पाया गया।

## खलारी पीएचसी में डीएमएफटी मद से मिला मशीन, प्रत्येक बुधवार को होगा अल्ट्रासाउंड

डकरा (आजाद सिपाही)। खलारी प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र में बुधवार को एक नए अल्ट्रासाउंड मशीन लगाया गया, जिसका उद्घाटन बीडीओ लेखराज नाग, सीओ शिशुपाल आर्य, जिप सदस्य सरस्वती देवी व बुकबुका के मुखिया पारस उरांव ने संयुक्त रूप से किया। मालूम हो कि डीएमएफटी मद से खलारी पीएचसी को यह अल्ट्रासाउंड मशीन दिया गया है। पीएचसी के चिकित्सक डॉक्टर इरशाद ने बताया कि प्रत्येक बुधवार को सिर्फ गर्भवती महिलाओं का अल्ट्रासाउंड किया जाएगा। अभी खलारी प्रखंड के पीएचसी में पदस्थापित महिला चिकित्सक ही अल्ट्रासाउंड करेंगी। इधर बीडीओ द्वारा अल्ट्रासाउंड मशीन कक्ष के लिए एक नया प्रिंटर मशीन दिया गया। बीडीओ ने कहा कि गर्भवती महिलाओं को अल्ट्रासाउंड कराने की बहुत आवश्यकता होती है। खलारी पीएचसी में लगा अल्ट्रासाउंड मशीन क्षेत्र की गर्भवती महिलाओं सहित अन्य बीमारियों की जांच में काफी उपयोगी साबित होगा। इस मौके पर डॉक्टर पूजा, राजेन्द्र रजक, स्वास्थ्यकर्मी सुमित कुमार, परवेज खान, सिन्टू कुमारी, अर्पणा उरांव, किरण तिर्की, अंजना नाग, सुबाला कुमारी आदि थे।

### नकली बंदूक की नोंक पर लूटी गयी थी बाइक

# बाइक लूट गिरोह का खुलासा दो नाबालिग समेत तीन धराये

आजाद सिपाही संवाददाता

**खूंटी।** खूंटी थाना अंतर्गत चुकरु मोड़ के पास विगत 23 सितंबर को धनेश्वर बिझिया नामक व्यक्ति से बंदूक का भय दिखाकर लूटी गयी बाइक को पुलिस ने कर्रा थाना क्षेत्र के जुरदाग ग्राम से बरामद कर लिया है। इस संबंध में पुलिस ने मारंगहादा थाना अंतर्गत संडासोम गांव के मांगू लोहरा उर्फ बोया लोहरा नामक एक लुटेरे को भी गिरफ्तार किया गया है। जबकि विधि विवादित दो किशोरों को निरूद्ध कर लूट के इस मामले का खुलासा कर लिया। निरुद्ध किशोरों में एक लूट की घटना में शामिल था, जबकि दूसरे ने लूट की बाइक खरीदी थी। इसकी जानकारी खूंटी एसडीपीओ अमित कुमार ने दी। वे बुधवार की शाम खूंटी थाना परिसर में आयोजित संवाददाता सम्मेलन को संबोधित कर रहे थे। एसडीपीओ ने बताया कि गिरफ्तार आरोपित के घर से पुलिस ने लूटकांड में इस्तेमाल बंदूक चिड़िया मारने वाली नकली बंदूक भी बरामद की गई है। बताया गया कि लूट की घटना को तीन अपराधियों ने अंजाम दिया था। फिलहाल एक अपराधी फरार है, जिसकी तलाश में पुलिस की छापामारी जारी है। एसडीपीओ ने बताया कि लूट के इस मामले के उद्भेदन के लिए पुलिस अधीक्षक ने उनके नेतृत्व में एक टीम का गठन किया था। गठित टीम की ओर से आवश्यक कार्रवाई करते हुए अप्राथमिकी अभियुक्त मांगू लोहरा को हिरासत में लेकर जब उससे सख्ती से पूछताछ की गई तो मामले का खुलासा हो गया। बाद में मांगू लोहरा की निशानदेही पर एक किशोर के पास बेची गयी बाइक को बरामद किया गया। छापामार टीम में एसडीपीओ के अलावा खूंटी थाना प्रभारी पिंकू कुमार यादव, एससी-एसटी थाना प्रभारी कामेश्वर कुमार, मारंगहादा थाना प्रभारी अरविंद कुमार, खूंटी थाना के पुलिस अवर निरीक्षक चूड़ामणि टूडू, भजन लाल महतो, राजेश हाजरा, रंजीत किशोर सहित खूंटी और मारंगहादा थाना के रिजर्व गार्ड के जवान शामिल थे।



गिरफ्तार आरोपितों की जानकारी देते खूंटी के एसडीपीओ व अन्य।

### चोरी का हुआ खुलासा तीन नाबालिग निरुद्ध

खूंटी (आजाद सिपाही)। सदर थाना क्षेत्र के तिरला गांव में 15 अक्टूबर को सुधीर सिंह नामक व्यक्ति के बंद मकान का ताला तोड़कर की गई चोरी की घटना में शामिल तीन नाबालिगों को निरूद्ध कर पुलिस ने मामले का खुलासा कर लिया है। निरूद्ध नाबालिगों की निशानदेही पर पुलिस ने सुधीर सिंह के घर से चोरी हुए सोने का एक हार, कान का झुमका, मंगटीका, चांदी का दुल्हन पायल सहित चांदी के अन्य आभूषण और ताला तोड़ने में प्रयुक्त किए गए लोहे के औजार बरामद कर किए हैं। एसडीपीओ ने बताया कि निरूद्ध किए गए तीनों नाबालिगों को बाल सुधार गृह भेज दिया गया है।

## राज्य में चल रही बिचौलियों की सरकार : पवन साहू

**भाजपा किसान मोर्चा की प्रमंडल स्तरीय बैठक संपन्न**

आजाद सिपाही संवाददाता

**खूंटी।** जिले के मुरहू प्रखण्ड के कृष्णापुरी स्थित संत मेंही आश्रम के सत्संग भवन में बुधवार को भाजपा किसान मोर्चा की एक दिवसीय प्रमण्डल स्तरीय बैठक हुई। जिसकी अध्यक्षता किसान मोर्चा के प्रदेश प्रभारी संतोष कुमार साहू ने की। बैठक में झारखंड के पांच जिलों के किसान मोर्चा के पदाधिकारी शामिल हुए। प्रदेश अध्यक्ष पवन साहू ने अपने संबोधन में कहा कि भाजपा कार्यकर्ताओं की आवाज बनना होगा। कहा कि झारखंड में बिचौलिये सरकार चला रहे हैं। हमें उनका पदार्फाश करते हुए किसानों को उनका हक दिलाना होगा। लैम्पस में जो कालाबाजारी हो रही है, उनको उजागर कर किसानों को बताया होगा। उन्होंने किसान मोर्चा को धरातल पर कार्य करने और संगठन को मजबूत करने का आह्वान किया।

वहीं, किसान मोर्चा के प्रदेश उपाध्यक्ष काशीनाथ महतो ने कहा कि किसानों की भलाई और सहायता के लिए भाजपा हमेशा आगे रही है। केंद्र सरकार द्वारा जो भी काम होते हैं, उनमें 80 फीसदी कार्य किसानों को आगे बढ़ाने के लिए होता है। उन्होंने कहा कि किसान ही सब के भाग्य विधाता हैं। इसलिए किसान के हर काम को कार्यकर्ता निस्वार्थ भाव से कार्य करें और जनता की आवाज बनें। वहीं, प्रदेश महामंत्री ललित नारायण ओझा ने कहा कि प्रधानमंत्री द्वारा किसानों के हित में चलायी जा रही योजनाओं को किसानों तक पहुंचायें। प्रमंडलनीय बैठक में अमरनाथ चौधरी, मंगल सिंह भोक्ता, मदन तिवारी सहित छह जिलों के अध्यक्ष आदि थे।



भाजपा किसान मोर्चा की प्रमंडल स्तरीय बैठक में उपस्थित नेतागण।

## बाल कल्याण समिति ने लिया स्वतः संज्ञान, दुधमुही बच्ची समेत माता-पिता को हाजिर करने का आदेश

आजाद सिपाही संवाददाता

**डकरा।** मैकलुस्कीगंज थाना क्षेत्र के मल्हार टोली में एक महीने की दुधमुहे बच्ची को बेचने और उसे वापस किए जाने से संबंधित खबरअखबारों में प्रकाशित होने के बाद पूरे मामले पर बाल कल्याण समिति रांची झारखंड के न्यायालय (मजिस्ट्रेटों की बेंच) ने स्वतः संज्ञान लिया है। जानकारी के अनुसार बाल कल्याण समिति के अध्यक्ष अजय साह ने उक्त मामले को लेकर 18 अक्टूबर को मैकलुस्कीगंज थाना प्रभारी के नाम एक पत्र जारी किया है। जिसमें कहा गया कि मैकलुस्कीगंज के लपरा पंचायत के मल्हार टोली में दुधमुहे बच्चे को बेचे जाने का समाचार प्रकाशित हुआ है।



उक्त मामले का संज्ञान बाल कल्याण समिति द्वारा जेजे एक्ट के सेक्शन 30 के क्लॉज (७) के अंतर्गत लिया गया है। वहीं पत्र में उक्त मामले में मैकलुस्कीगंज थाना प्रभारी को बच्ची व उसके माता-पिता के साथ बाल कल्याण समिति, रांची के समक्ष पेश करने को कहा गया है। इधर, मल्हार टोली के ग्रामीणों ने बताया कि बुधवार को आठ बजे कार से कुछ पुलिस वाले कल्लू मल्हार के घर पहुंचे और उसकी पत्नी सुमित्रा देवी व दुधमुही बच्ची को अपने साथ गाड़ी में लेकर चले गए। बच्ची को रांची के एक तज्जमूल हुसैन, ग्राम कडरू, थाना अशोक नगर को बेचा था। उन्होंने कहा कि बच्चे की खरीद-बिक्री में प्रयुक्त रुपये के लेन देन का वीडियो बनाना और सोशल मीडिया पर वायरल करना पूरी तरह से सोची समझी और तैयारी के साथ की गई चाल/साजिश को दर्शाता है।

## 25 को जामडीह में लगेगा सोहराई डायर जतरा, कमेटी का गठन

डकरा (आजाद सिपाही)। जामडीह में दीपावली पर सोहराई डायर जतरा 25 अक्टूबर को लगेगा। इसकी तैयारी को लेकर जामडीह में ग्रामीणों की बैठक हुई। जिसकी अध्यक्षता नरेश गंझू और संचालन करीमन गंझू ने किया। बैठक में विस्थापित नेता बिगन सिंह भोगता भी मौजूद थे। जिसमें सर्वसम्मति से इस वर्ष सोहराय डायर जतरा लगाने का निर्णय लिया गया। इसे लेकर एक कमेटी का गठन किया गया। जिसमें सरंक्षक बिगन सिंह भोगता, विनय खलखो, अध्यक्ष नरेश गंझू, सचिव करीमन गंझू, उपाध्यक्ष जगु गंझू, अजय गंझू, छोटू मुंडा, बरतु गंझू, महावीर गंझू, सहसचिव सिकेन्द्र गंझू आदि हैं।

### चूरी दक्षिणी पंचायत में आपकी योजना-आपकी सरकार-आपके द्वार कार्यक्रम का आयोजन

# मिले 905 आवेदन, 741 का हुआ त्वरित निष्पादन

आजाद सिपाही संवाददाता

**खलारी।** चूरी दक्षिणी पंचायत सचिवालय में बुधवार को आपकी योजना-आपकी सरकार-आपके द्वार कार्यक्रम का आयोजन किया गया। खलारी बीडीओ लेखराज नाग की अध्यक्षता में आयोजित कार्यक्रम में कृषि, साक्षरता, पशुपालन, पीडीएस, श्रम, पेंशन, मनरेगा, अंचल, स्वास्थ्य, पेयजल, पंचायती राज, बिजली, जन्म-मृत्यु सहित अन्य विभाग के स्टॉल लगाए गए थे। इसके अलावा खलारी पंचायत के लोगों ने अपनी कई समस्याओं को बीडीओ और सीओ सहित अन्य विभाग के अधिकारियों के समक्ष रखा। जिनका निष्पादन करने का आश्वासन दिया गया। वहीं बीडीओ ने सीओ शिशुपाल आर्य, मुखिया मलका मुंडा, पंचायत समिति सदस्य रेणु देवी के साथ लाभुकों के बीच परिसंपत्तियों का वितरण किया। साथ ही कई योजनाओं को स्वीकृति भी प्रदान की गयी। जिनमें नए राशन कार्ड बनाने के लिए 05 आवेदन, वृद्धा पेंशन के लिए 12, विकलांग पेंशन के लिए 02, झारखण्ड कृशि ऋण माफी योजना के लिए 11 आवेदन और धोती साड़ी वितरण 113 लाभुकों के मिले। कार्यक्रम में कुल 905 योजनाओं से संबंधित आवेदन आये जिसमें से मौके पर ही 741 मामले का त्वरित निष्पादन कर दिया गया। वहीं 164 मामले लंबित रह गये जिसे बाद में समाधान किया जाएगा। शिविर में भ्रमणशील पशु चिकत्सा पदाधिकारी प्रतिमा सिन्हा, खलारी पीएचसी चिकित्सक डॉ इरशाद, प्रखंड सहकारिता प्रसार पदाधिकारी रामपुकार प्रजापति, प्रखंड कार्यक्रम पदाधिकारी विनय कुमार गुप्ता, प्रखंड कृषि पदाधिकारी आदित्य नाथ झा, प्रखण्ड कल्याण पदाधिकारी गोपाल राम दास, प्रखंड समन्वयक असित कुमार, कनीय अभियंता प्रवीण उरांव, रमेश गुप्ता, रवि रंजन कुमार, सहायक अड्रियंता फैजी आजमी, मनोज कुमार, बालविकास से सरिता लकड़ा, अंचल निरीक्षक कमलकांत वर्मा, प्रधान सहायक बहलु मुंडा, अजित सिन्हा आदि थे।



## महत्वपूर्ण न्यूज

## आपकी योजना, आपसी सरकार, सरकार आपके द्वार कार्यक्रम का मुख्य सचिव ने किया निरीक्षण



कर्रा (आजाद सिपाही)। प्रखंड के राजकीय प्राथमिक विद्यालय परिसर डुमरगड़ी में बुधवार को आपकी योजना आपकी सरकार आपके द्वार कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें बातौर मुख्य अतिथि राज्य के मुख्य सचिव और पर्यटन सचिव उपस्थित थे। दोनों अधिकारियों ने विभिन्न विभागों द्वारा लगाये गये स्टॉल का निरीक्षण किया और लाभुकों से बातचीत कर उनकी समस्याओं से अवगत हुए। लोगों ने मुख्य सचिव और पर्यटन सचिव से हरा राशन कार्ड से नियमित रूप से राशन नहीं मिलने और प्रधानमंत्री आवास योजना में मजदूरों को मनरेगा से मजदूरी भुगतान नहीं होने की शिकायत की। उन्होंने अधिकारियों को जन समस्याओं के त्वरित निष्पादन का निर्देश दिया। शिविर में सबसे अधिक 170 आवेदन प्रधानमंत्री आवास योजना के लिए मिले। इसी तरह वृद्धा और विधवा पेंशन के 72, पशुपालन विभाग के 39, श्रम विभाग में छह, मनरेगा में 183, अंचल विभाग में 250, केसीसी के 70, पंचायती राज विभाग में 30, पेयजल विभाग में छह, आपूर्ति विभाग में 252, कल्याण विभाग में 104 आवेदन प्राप्त हुए। साथ ही मुख्यमंत्री फुलो-झानों योजना में 89 लोगों ने आवेदन दिया। फिया फाउंडेशन के नागरिक सहायता स्टॉल में 69 लोगों को सहयोग पहुंचाया गया। इसके अलावा स्वास्थ्य विभाग के स्टॉल में 50 मरीजों की स्वास्थ्य जांच कर उन्हें दवा दी गई। शिविर में आंगनबाड़ी, बिजली और वन विभाग समेत अन्य विभाग द्वारा स्टॉल लगाये गये थे। शिविर में डीसी शशि रंजन, पुलिस अधीक्षक अमन कुमार, उप विकास आयुक्त नीतीश कुमार आदि मौजूद थे।

## मल्लिकार्जुन खड़गे के राष्ट्रीय कांग्रेस का अध्यक्ष चुने जाने पर गुंजन सिंह ने दी बधाई



पिपरवार (आजाद सिपाही)। मल्लिकार्जुन खड़गे के राष्ट्रीय कांग्रेस का अध्यक्ष बनने पर बुधवार को झारखंड प्रदेश महिला कांग्रेस की अध्यक्ष गुंजन कुमारी सिंह ने बधाई दी है। बतातें चलें कि राष्ट्रीय कांग्रेस अध्यक्ष पद के चुनाव के लिए झारखंड प्रदेश महिला कांग्रेस की अध्यक्ष सह पिपरवार के बचरा उत्तरी पंचायत की मुखिया गुंजन कुमारी सिंह को प्रदेश डेलीगेटस प्रतिनिधि भी बनाया गया था। दो दिन पूर्व उन्होंने कांग्रेस के रांची प्रदेश मुख्यालय में बनाए गए मतदान केंद्र में अपने मताधिकार का प्रयोग किया था। गुंजन कुमारी सिंह ने बताया कि राष्ट्रीय अध्यक्ष पद के चुनाव के लिए दो उम्मीदवार खड़े हुए थे जिसमें नवनिर्वाचित राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे को 7897 वोट मिले। जबकि शशि थरूर को 1072 वोट प्राप्त हुआ। नवनिर्वाचित राष्ट्रीय अध्यक्ष मलिकार्जुन खड़गे के नेतृत्व में पार्टी मजबूती के साथ काम करेगी।

## बचरा में हुई चित्रांश महापरिवार की बैठक में चित्रगुप्त पूजा मनाने का लिया गया निर्णय



पिपरवार (आजाद सिपाही)। बचरा पंचवटी सभागार में चित्रांश महापरिवार की आवश्यक बैठक हुई। जिसकी अध्यक्षता समिति के अध्यक्ष राजेश कुमार और संचालन सचिव अश्विनी दराद ने किया। बैठक में इस वर्ष भी भगवान चित्रगुप्त पूजा मनाने का निर्णय लिया गया। सर्वसम्मति से बचरा ऑफीसर्स क्लब में 27 को पूजा का आयोजन करने पर सहमति बनी। इसकी तैयारी को लेकर विचार विमर्श किया गया। पूजा में चित्रांश महापरिवार के सभी सदस्यों को उपस्थित होने की अपील की गई। बैठक में राजेश कुमार, अश्विनी दाराद, दिलीप अंबष्ट, रवि शंकर सहाय, मिथिलेश कुमार, अवधेश सिन्हा, रमेश सिन्हा, अनिल सिन्हा, प्रवीण दराद, संजय सिन्हा और मनोज सिन्हा आदि मौजूद थे।

## सड़क दुर्घटना में व्यक्ति घायल, रांची रेफर



पिपरवार (आजाद सिपाही)। सीसीएल पिपरवार क्षेत्र के आरसीएम-अशोका ट्रांसपोर्टिंग मार्ग के राय कोलियरी के समीप बुधवार की दोपहर वाहन की चपेट में आने से एक व्यक्ति घायल हो गया। उसकी पहचान किशोर मुंडा के रूप में हुई है। वह राय कोलियरी का रहने वाला है। जानकारी के मुताबिक वह अपने स्कूटी से जा रहा था तभी एक अन्य वाहन से टक्कर हो गई। जिससे सड़क पर गिर कर वह घायल हो गया। वह करीब एक घंटे तक सड़क किनारे पड़ा रहा। बाद में स्थानीय लोगों की मदद से उसे बचरा क्षेत्रीय अस्पताल पहुंचाया गया, जहां प्राथमिक उपचार के बाद रांची रेफर कर दिया गया है। वहीं, खबर पाकर मौके पर पहुंची पुलिस ने जांच शुरू कर दी है। घायल के सिर में गंभीर चोट आई है।

## राय में आधार सेवा केंद्र का शुभारंभ

पिपरवार (आजाद सिपाही)। राय पंचायत भवन में बुधवार को आधार सेवा केंद्र का शुभारंभ हुआ। जिसका उद्घाटन मुखिया शीला देवी ने किया। अब राय के लोगों को आधार संबंधित सभी सेवाओं का लाभ अपने पंचायत में ही मिलेगा। आधार सेवा केंद्र सह प्रज्ञा केंद्र के संचालक भुगलु उरांव ने बताया कि पहले यहां के लोगों को नया आधार बनवाने या अपडेट करवाने के लिए रांची जाना पड़ता था जिसमें पैसौ और समय दोनों का नुकसान होता था। अब राय पंचायत भवन में आधार सेवा केंद्र खुलने से लोगों को यहीं लाभ मिल सकेगा। मुखिया ने पंचायत वासियों से अपील की कि सभी ग्रामीण पंचायत भवन पर आकर इस सेवा का लाभ जरूर ले।

## सिस्टा के नवनिर्वाचित पदाधिकारियों ने सीसीएल मुख्यालय में की पहली बैठक

डकरा (आजाद सिपाही)। सीसीएल सिस्टा के नवनिर्वाचित पदाधिकारियों द्वारा सीसीएल मुख्यालय दरभंगा हाउस रांची में पहली बैठक की गई। जिसकी अध्यक्षता संतोष दास रत्नाकर ने किया। बैठक में वार्ता के दौरान प्रमोशन, आवासीय, सदस्यता शुल्क, पीसीसी, एससी, कार्यालय और सफाई कर्मचारियों के विषय पर चर्चा की गई। मंच संचालन राम नारायण राम ने किया। बैठक में एनके एरिया से कन्हाई पासी, रविन्द्र बैठा, पिपरवार से कमेश्वर राम, बाबू लाल रविदास, रामजीत राम, लकेश्वर, लाल, देवेन्द्र नाथ मलिक, रजरप्पा से जगन रविदास, कुज्जू से एसके प्रसाद, विएनके से आलोक रंजन, कथारा से अशोक रविदास, दिनेश कुमार बैठा, ढोरी से राम अवध राम, लक्ष कुमार नारंग, गांधी नगर से ज्योती कुमार, दरङ्गांगा हाउस से सुनिल कुमार सुरीन, एल खलको सुबास वेदिया, कांदो देवी, पुष्पा लकडा, सूरज मनी तिर्की रसिता किंडो, पार्वती मुंडा, मितवा आईन, संगीता गाड़ी, रोहित कुमार मुर्मू आदि थे।

## नगड़ी प्रखंड कांग्रेस की बैठक में संगठन को मजबूत करने पर दिया गया बल



**पिस्कानगड़ी (आजाद सिपाही)।** नगड़ी स्थित जिला परिषद भवन में बुधवार को प्रखंड कांग्रेस कमेटी की बैठक हुई। बैठक में पार्टी को जमीनी स्तर पर मजबूत करने के लिए कांग्रेस पार्टी के नीति सिद्धांत को जन जन तक पहुंचाने के लिए विचार विमर्श किया गया। मौके पर उपस्थित कांग्रेस पार्टी के हटिया विधान सभा प्रभारी अजय नाथ शाहदेव ने पार्टी कार्यकर्ताओं को पार्टी को मजबूती प्रदान करने के लिए कई दिशा निर्देश दिये। साथ ही कहा कि आप प्रखंड के लोगों की जन समस्याओं की सूची बनाकर उसे निदान करने का हरसंभव प्रयास करें। उन्होंने पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष चुने जाने पर मल्लिकार्जुन खड़गे को बधाई दी। बैठक में नगड़ी प्रभारी रतिलाल महली सहित कई लोगों ने संबोधित किया। बैठक की अध्यक्षता सह संचालन प्रखंड अध्यक्ष साहबीर लोहरा तथा धन्यवाद ज्ञापन इकबाल हसन आजाद ने किया। मौके पर अख्तर अंसारी, मकसूद आलम, शाहिद अहमद, तरूण तिर्की, एनामुल मंन्सुरी, आलम अंसारी,मंजूर अंसारी,माहिर अंसारी,नीलम तिर्की,लक्ष्मी देवी, शकील अंसारी, गुलशन टोप्पो सहित दर्जनों कांग्रेसी कार्यकर्ता उपस्थित थे।

## नगड़ी में महिला ने फांसी लगाकर की आत्महत्या



**पिस्कानगड़ी (आजाद सिपाही)।** नगड़ी थाना क्षेत्र के कुदलोंग डहूटोली निवासी प्रदीप कुमार की पत्नी रिम्पू कुमारी ( 39 ) वर्ष ने मंगलवार की रात्रि फाँसी लगाकर आत्महत्या कर ली . इसकी खबर जब नगड़ी पुलिस को हुई नगड़ी पुलिस घटना स्थल पहुंचकर शव को उतारकर पोस्टमार्टम के लिए रिम्स भेज दिया. जानकारी के अनुसार मंगलवार की रात्रि पूरा परिवार खाना खाने के बाद सोने चले गए रात में अचानक बेड से गायब पत्नी को प्रदीप कुमार ने खोजना शुरू किया तो देखा कि पत्नी घर के दूसरे रूम में दुपट्टे के सहारे फांसी में झूली दिखी. हालांकि आत्महत्या के कारणों का पता नही चल पाया है लेकिन कुछ लोगों का कहना है एक कुछ दिमागी हालत भी ठीक नहीं था . इस संबंध में मृतक के पति ने नगड़ी थानां में आत्महत्या से संबंधित आवेदन दिया है।

## कुटे पंचायत में सरकार आपके द्वार कार्यक्रम का आयोजन



**सिकिदिरी (आजाद सिपाही)।** आपकी योजना, आपकी सरकार आपके द्वार कार्यक्रम के तहत बुधवार को कुटे पंचायत के कुटे उर्दू मध्य विद्यालय में जानता दरबार लगाया गया। जिसमें ग्रामीणों की समस्यायों के निपटारा के लिए विभिन्न स्टॉल लगाया गया था। कार्यक्रम में छोटे-छोटे कार्यों का निपटारा तत्काल किया गया। वहीं अन्य समस्यायों के लिए आवेदन जमा किया गया है। इस अवसर पर जिला के डी आर डी ए रामवृक्ष महतो, ओरमांझी बीडीओ विजय सोनी, सीओ विजय केरकेट्टा, पूर्व उपप्रमुख मुंतजीर अहमद रजा, अंतू तिर्की, विधायक प्रतिनिधि प्रेमनाथ मुंडा, कुटे मुखिया बालमती देवी, वार्ड सदस्य सहित अन्य लोग उपस्थित थे।

## ऊपर कोनकी और इचापीड़ी पंचायत में सरकार आपके द्वार कार्यक्रम का आयोजन



**पिठोरिया (आजाद सिपाही)।** बुधवार को कांके प्रखंड के ऊपर कोनकी पंचायत और इचापीड़ी पंचायत पर आप की योजना, आपकी सरकार, आपके द्वार कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में सैकड़ों आवेदन लिए गए। वही कई आवेदनों का ऑन द स्पॉट निष्पादन भी किया गया। मौके पर मौजूद बीडीओ शीलवंत भट्ट, कांके प्रमुख सोमनाथ मुंडा, उप प्रमुख अंजय बैठा, कांके जिला परिषद सदस्य हिना परवीन ने ग्रामीणों को संबोधित किया। मौके पर लाभुकों के बीच में योजनाओं की परिसंपत्ति और प्रमाण पत्र भी वितरण अतिथियों के द्वारा किया गया। कार्यक्रम में कांके सीओ दिवाकर प्रसाद द्विवेदी, कांके पश्चिमी जिप सदस्य सुषमा देवी, ऊपर कोनकी पंचायत मुखिया लाला महाली, इचापीड़ी पंचायत मुखिया लाखों उरांव, पंसस ऐनुल हक अंसारी, रांची जिला महानगर अध्यक्ष जमील अख्तर, प्रखंड कंप्यूटर ऑपरेटर सुमन प्रताप गांगुली, झामुमो कांके प्रखंड अध्यक्ष जावेद अख्तर, उप मुखिया गुफरान अंसारी, पूर्व पंसस सबीबुल रहमान, सफदर अली, सफीउल्लाह अंसारी, पीरुटोला सदर मोतिउर रहमान, साथ ही प्रखंड के सभी विभाग के पदाधिकारी मौजूद थे।

## ग्रामीणों को योजनाओं से जोड़े बिना क्षेत्र का नहीं हो सकता विकास : बीडीओ



**बेड़ो (आजाद सिपाही)।** प्रखंड के तुतलो में बुधवार को आपकी योजना-आपकी सरकार-आपके द्वार कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में बीडीओ डा प्रवीण कुमार सीओ सुमंत तिर्की जिला समाज कल्याण पदाधिकारी श्वेता भारती प्रखंड कृषि पदाधिकारी कलिंद्र साहु बाल विकास पदाधिकारी नयाब जेबा मुखिया गंगी उरांव उपस्थित थे। मौके पर बीडीओ ने कहा की गांव के प्रत्येक ग्रामीण को योजनाओं से जोड़े बिना क्षेत्र का विकास का विकास नहीं होगा। गांव के अंतिम व्यक्ति तक योजनाओं का लाभ पहुंचाना हमारा लक्ष्य है। वही पदाधिकारी व जनप्रतिनिधियों ने ग्रामीणों से सरकार द्वारा चलाई जा रही जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी देते हुए योजनाओं का लाभ लेने की अपील की। मौके पर प्रखंड के सभी विभाग के पदाधिकारी कर्मी समेत काफी संख्या में स्थानीय लोग उपस्थित थे।

## बेड़ो में अज्ञात वाहन की चपेट में आने से एक व्यक्ति गंभीर रूप से घायल

**बेड़ो (आजाद सिपाही)।** थाना क्षेत्र के बेड़ो लोहरदगा मार्ग पर दिघिया गांव के समीप बुधवार की सुबह लगभग साढ़े दस बजे बाइक सवार 45 वर्षीय दिलीप कुमार खूंटी कर्रा वर्तमान पता लोहरदगा के भंडरा निवासी अज्ञात वाहन की चपेट में आने से गंभीर रूप से घायल हो गए। जिसे एंबुलेंस 108 के चालक सूरज कुमार ने सड़क दुर्घटना में घायल दिलीप कुमार को इलाज के लिए बेड़ो सामुदायिक स्वास्थ्य पहुंचाया। जहां चिकित्सकों ने गंभीर रूप से घायल दिलीप कुमार का प्राथमिक उपचार करते हुए बेहतर इलाज के लिए रांची रिम्स रेफर कर दिया?।मिली जानकारी के अनुसार दिलीप कुमार भंडारा में ही रह कर काम करता है और वह अपने बुआ के घर लापुंग के सरसा जा रहा था। इसी दौरान दिघिया गांव के समीप सड़क पर सामने से आ रहे अज्ञात वाहन ने दिलीप के बाइक को जोरदार टक्कर मार दी।

**बैठक : सदस्यता अभियान एवं भारत जोड़ो यात्रा कार्यक्रम को गति देने पर दिया गया बल**

# संगठन को हर स्तर पर मजबूत करें कार्यकर्ता : सतीश पॉल मुंजनी

**अनगड़ा में प्रखंड कांग्रेस की बैठक में कमेटी का किया गया विस्तार**

आजाद सिपाही संवाददाता



**अनगड़ा।** प्रखंड कांग्रेस कमेटी की एक बैठक बुधवार को डाक बंगला अनगड़ा में नवनियुक्त प्रखंड अध्यक्ष नारायण मुण्डा की अध्यक्षता में हुई। मुख्य अतिथि पार्टी के प्रदेश प्रवक्ता सह प्रखंड प्रभारी सतीश पॉल मुंजनी थे। बैठक में सबसे पहले पार्टी के नवनिर्वाचित राष्ट्रीय अध्यक्ष मलिकार्जुन खड़गे को प्रखंड कांग्रेस कमेटी की ओर से बधाई दी गई। बैठक में प्रखंड कमेटी के विस्तार, डिजिटल मेंबरशिप एवं भारत जोड़ो यात्रा कार्यक्रम पर विशेष चर्चा की गई। मौके पर प्रखंड प्रभारी सतीश पॉल मुंजनी की देखरेख में प्रखंड अध्यक्ष नारायण मुण्डा ने अपनी कमेटी का संक्षिप्त विस्तार किया। सर्वसम्मति से उपाध्यक्ष मुन्ना मुण्डा, समशाद अंसारी, सचिव मिनहाज आलम, राजदेव पाहन, तिवारी भोगता एवं कोषाध्यक्ष विजय खलको चुने गये।

इस अवसर पर सतीश पॉल मुंजनी ने पार्टी संगठन को हर स्तर पर मजबूती प्रदान करने के लिए कार्यकताओं को एकजुट होकर कार्य करने तथा मिशन 24 के लिए अभी से हीं जुट जाने का आहवान किया। उन्होंने सदस्यता अभियान को गति प्रदान करने के लिए घर-घर जाकर लोगों को कांग्रेस पार्टी से जोड़ने की बात कही। बैठक मे विश्राम महतो, बरतु मुण्डा, मुमताज खान, बिरसा टोप्पो, नरसिंह उरांव, सिदिक अंसारी, शनिचरवा पहान, रिझना करमाली, सोहन करमाली, विशाल स्वांसी, शुकरा उरांव, बलराम मुण्डा आदि मौजूद थे।

## नामकुम में भाजपा नेता स्व. सुरेंद्र राय की 16वीं पुण्यतिथि मनी

**भाजपा नेताओं ने स्व. राय की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर दी श्रद्धांजलि**

आजाद सिपाही संवाददाता



**नामकुम।** भाजपा के पूर्व रांची ग्रामीण जिलाध्यक्ष स्व. सुरेंद्र राय राजा साहब की 16वीं पुण्यतिथि बुधवार को नामकुम के सिदरौल स्थित उनके आवास के समीप मनायी गयी। मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित राज्यसभा सांसद आदित्य साहू ने स्व. राय की प्रतिमा पर माल्यार्पण करते हुए कहा कि स्व. राय भाजपा के कर्मठ नेता थे। उन्होंने आमजनों की सेवा में कोई कसर नहीं छोड़ी, यही कारण है कि आज भी लोग उन्हें याद करते हैं।

विशिष्ट अतिथि भाजपा प्रदेश महामंत्री प्रदीप वर्मा ने कहा कि स्व. राय भाजपा के कर्मठ, जुझारु व कुशल संगठन शिल्पी थे। उनका जीवन हम भाजपा कार्यकर्ताओं के लिये प्रेरणा स्त्रोत है। मौके पर विशिष्ट अतिथि पूर्व सांसद रामटहल चौधरी, पूर्व विधायक रामकुमार पाहन, जिप सदस्य रामाअवतार केरकेट्टा, बिपिन टोप्पो, सांसद प्रतिनिधि प्रमोद कुमार सिंह, पिंटू सिंह, अशोक नायक, अनिरुद्ध पांडेय ने स्व. राय की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर उन्हें श्रद्धासुमन अर्पित की।

स्व. सुरेंद्र राय के बेटे सह सांसद प्रतिनिधि बिजेंद्र राय उर्फ मंटू राय ने सभी अतिथियों का आभार व्यक्त किया।

इस मौके पर भाजपा नेता मनोज सिंह, मुन्ना बड़ाइक, अनिल वर्मा, अशोक मुंडा, समीर राय, रिंकू राय, दयानंद राय, अशोक राय, सूरत राय, लाल मधुसूदन राय, भीम राय, गंगा लकड़ा, कृष्णा गोप, मनोज राय, लाल कालीनाथ शाहदेव, कैलाश महतो, मोहन शर्मा, बिरेन सिंह, रमेश लकड़ा, गोरखनाथ सिंह, रुद्रेश्वर राय आदि उपस्थित थे।

## शिक्षकों को गैर शैक्षणिक कार्यों से मुक्त किया जाए : बड़ाइक

**प्राथमिक शिक्षक संघ की बैठक में आंदोलन की बनायी गयी रणनीति**

आजाद सिपाही संवाददाता



**ओरमांझी।** शिक्षा में सुधार के लिए शिक्षकों को गैर शैक्षणिक कार्यों से मुक्त किया जाए। उक्त बातें राजकीयकृत मध्य विद्यालय सदमा, ओरमांझी की बैठक में अखिल झारखंड प्राथमिक शिक्षक संघ के प्रखंड अध्यक्ष सतीश बड़ाईक ने कही। कहा अपने हक अधिकार के लिए हम सभी को संगठित होकर रहना होगा। प्रदेश नेतृत्व द्वारा बिहार की तर्ज पर एमएसीपी का लाभ देने, छठे वेतनमान में विसंगति को दूर कर उत्क्रमित वेतनमान देने सहित अन्य मांगों को लेकर आंदोलन की घोषणा की गयी है, जिसमें हम सभी को बढ़-चढ़कर भाग लेना है। बैठक में उपस्थित सभी शिक्षकों के द्वारा समस्याओं को लेकर चर्चा की गई। निर्णय लिया गया कि संघ जल्द ही बीईईओ ओरमांझी से मिलकर समस्याओं से अवगत कराएगा।

बैठक की अध्यक्षता प्रखंड अध्यक्ष सतीश बड़ाईक, संचालन अरविंद कुमार तथा धन्यवाद ज्ञापन जनार्दन महतो ने किया। इस अवसर पर प्रखंड सचिव संतोष कुमार तिवारी, सदमा के प्रधानाध्यापक शहनवाज अहमद, अरविंद कुमार, सैफुद्दीन मिरदाहा, जयप्रकाश कुमार, सहदेव कुमार, रवि किरण, विनोद कुमार, जीत मोहनपाल, अवधेश प्रसाद, अब्दुल रउफ, कुंवर सिंह, राजकुमार सिंह, मो. जमाल अंसारी, पांडे रमेश पाठक, पंचित बेदिया, आनंद मुंडा, अमित मुंडा, अनिल सिंह, रामनरेश सिंह, धीरज मुंडा, इंद्रजीत उरांव, अजय बैठा सहित प्रखंड के कई शिक्षक उपस्थित थे।

## कबाड़ी दुकान से चोरी की बाइक और ऑटो बरामद

**मांडर (आजाद सिपाही)।** पुलिस ने चान्हो थाना क्षेत्र के बिजुपाड़ा के एक कबाड़ी दुकान में छापेमारी कर मुड़मा जतरा से चोरी हुई एक बाइक को बरामद किया है। साथ ही चोरी का एक ऑटो भी जब्त किया गया है, जिसे काटकर बेचने की तैयारी की जा रही थी। कबाड़ी संचालक मो. एहसान मियां फरार हो गया है, जिसको मांडर पुलिस तलाश कर रही है।

## सिलेंडर फटा, बड़ा हादसा होने से टला

**चान्हो (आजाद सिपाही)।** बुधवार को चान्हो प्रखंड के बढ़ैया स्थित उत्क्रमित मध्य विद्यालय में मिड डे मील बनाने वाले सिलेंडर के फटने से एक बड़ा हादसा टल गया। जानकारी के अनुसार विद्यालय में खाना बनाया जा रहा था। इसी दौरान सिलेंडर ब्लास्ट हो गया। किसी तरह वहां से भागकर खाना बनाने वाली दोनों महिलाओं ने अपनी जान बचाई। ब्लास्ट की आवाज सुनते ही स्कूल में भगदड़ मच गई। सभी बच्चों को लेकर शिक्षक बगीचे की ओर चले गए। हल्ला सुनकर गांव वाले भी दौड़ते हुए अपने बच्चों का हालचाल जाने विद्यालय पहुंचे।

## रातू में दो कारों में टक्कर सवारों को लगी हल्की चोट

**रातू (आजाद सिपाही)।** थाना क्षेत्र के तिलता रिंग रोड के पास बुधवार की सुबह दो कारो में टक्कर हो गयी। हादसे के बाद कार में सवार कुछ लोगों को मामूली चोट आयी है, जिसका इलाज रातू के हर्षित अस्पताल में कराया गया। हादसे में दोनों कार क्षतिग्रस्त हो गयी। पुलिस ने मारुति आल्टो कार बीआर-02यू5207 को जब्त कर थाना ले आयी है। वहीं दूसरी घटना स्थल पर ही है। मामले को लेकर प्राथमिकी दर्ज होने की सूचना नही है।

**कार्यक्रम : चकला में स्टूडेंट्स इस्लामिक ऑर्गेनाइजेशन ऑफ इंडिया का 40वां स्थापना दिवस मनाया गया**

# मैट्रिक व इंटर के टॉपर्स विद्यार्थियों को किया सम्मानित

**संगठन युवाओं के शैक्षणिक स्तर को बढ़ावा देने व समाज में फैली बुराई को दूर करने के लिए हमेशा संघर्षरत रहा है : इमाम इफ्तिखार**

आजाद सिपाही संवाददाता



**ओरमांझी।** छात्र संगठन स्टूडेंट्स इस्लामिक ऑर्गेनाइजेशन ऑफ इंडिया का 40वां स्थापना दिवस चकला में मनाया गया। इस अवसर पर एसआईओ के द्वारा मैट्रिक व इंटर में टॉप किये विद्यार्थियों को अतिथियों द्वारा मोमेन्टो, मेडल व बुके देकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ हाफिज मुस्ताक अंसारी द्वारा किया गया।

इस अवसर पर स्टूडेंट इस्लामिक ऑर्गेनाइजेशन ऑफ इंडिया चकला यूनिट के अध्यक्ष इमाम इफ्तिखार ने संगठन के द्वारा किये जा रहे कार्यों और उद्देश्यों पर प्रकाश डाला और कहा कि पूरे हिंदुस्तान में 40 सालों से सुचारू रूप से संगठन काम करते आ रहा है। यह संगठन युवाओं के बीच शैक्षणिक स्तर को बढ़ावा देने व समाज में फैली बुराई को दूर करने के लिए हमेशा संघर्षरत रहता है। स्टूडेंट्स इस्लामिक ऑर्गेनाइजेशन ऑफ इंडिया छात्र छात्राओं के लिए अहम जरूरत पड़ गई है जो देश के 22 से अधिक राज्यों में अपना काम कर रही है। वहीं उन्होंने यूनिट द्वारा साल भर किए गए कार्यों पर रोशनी डाला। मदरसा मजहर उल उलूम इरबा के नाजिम मुफ्ती वसिर्रह्मान नदवी, अमीरे मकामी इसराइल अंसारी, हाफिज सनाउल्लाह अंसारी, अब्दुल कुद्दुश अंसारी, जाबिर अंसारी, फरीद अंसारी, मोहसीन आलम, फतह आलम सहित अन्य वक्ताओं ने भी सम्बोधित किया। कार्यक्रम का संचालन सैफ अहमद ने किया।

कार्यक्रम में मुख्य रूप से उपप्रमुख रिजवान अंसारी, पूर्व उप मुखिया आफताब आलम, मिनहाज अंसारी,सईद अंसारी सहित अनेकों गणमान्य लोग मौजूद थे।

**महत्वपूर्ण न्यूज**

## लापुंग प्रखंड के लतरातु पंचायत सचिवालय में 1227 आवेदनों में से 479 मामले निष्पादित



**लापुंग (आजाद सिपाही)।** लापुंग प्रखंड के लतरातु पंचायत सचिवालय में आपकी योजना आपकी सरकार आपके द्वार कार्यक्रम के दौरान ऑनस्पॉट आवेदनों को निष्पादित किया गया। कार्यक्रम के दौरान 1227 आवेदनों में से 479 मामलों का निष्पादन किया गया जबकि 747 मामले लंबित अथवा प्रक्रियाधीन बताये गये। मौके पर बतौर मुख्य अतिथि झामुमो के जिला उपाध्यक्ष मुन्ना बड़ाईक ने कहा कि हेमंत सोरेन की सरकार राज्य के अंतिम पायदान पर खड़े ग्रामीणों को भी सरकारी योजनाओं का लाभ दिलाने के लिए कृत संकल्पित है। मौके पर बीडीओ विजय रंजन तिर्की, सीडीपीओ पूजा कुमारी, पशुपालन पदाधिकारी, कृषि पदाधिकारी सहित विभिन्न विभागों के पदाधिकारियों और कर्मचारियों ने योजनाओं की जानकारी ग्रामीणों को दी। कार्यक्रम को सफल बनाने में मुखिया अलका तिर्की के अलावे समाजसेवी सुजीत तिर्की, पंचायत समिति सदस्य भोले उरांव, उपमुखिया सुखदेव उरांव, पंचायत सचिव महेंद्र साहू, ग्राम प्रधान ललित उरांव, संदीप उरांव, जोहन उरांव, अमित नायक, बैजू लोहरा, श्याम लाल बड़ाईक, ग्राम प्रधान अर्पण उरांव, सुनील होरो, सुकरा उरांव, रामू उरांव, हंस फाउंडेशन के चिकित्सक डॉ सुशांत कुमार, सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र की सीएचओ सोनी मेरी एक्का, एएनएम दानी एक्का, संजीव खलखो सहित कई लोगों ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।

## दीदी नीलम आनंद स्मृति फुटबॉल टूर्नामेंट पर राजा स्पोर्ट बरियातू का कब्जा

**ओरमांझी (आजाद सिपाही)।** शिव शिष्य हरिद्रानंद फाउंडेशन एवं शिव शिष्य परिवार के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित दीदी नीलम आनंद स्मृति फुटबॉल प्रतियोगिता का फाइनल मैच सींग सराय अनगड़ा और राजा स्पोर्ट बरियातू के बीच खेला गया। जिसमें राजा स्पोर्ट बरियातु ट्राई ब्रेकर में 4-3 से विजय हासिल करते हुए खिताब पर कब्जा जमाया। जिसमें मैन ऑफ द मैच जीशन राजा एवं टूर्नामेंट ऑफ दी सीरीज का खिताब अविनाश नायक सींगसराय अनगड़ा को दिया गया। विजेता टीम को 15000 रु. नगद, बड़ा खस्सी एवं शील्ड, उपविजेता टीम को 11,000 रु. नगद छोटा खस्सी एवं शील्ड, तीसरा एवं चौथा स्थान को 4100 रु. फुटबॉल एवं शील्ड प्रदान किया गया। फाइनल मैच के मुख्य अतिथि अर्चित आनंद मुख्य सलाहकार शिव शिष्य परिवार, उद्घाटनकर्त्ता शिव कुमार विश्वकर्मा,सोमेन्द्र कुमार, प्रभात रंजन मुखिया सावित्री देवी जयडीहा, संतोष गुप्ता उपमुखिया ओरमांझी संयुक्त रूप से मैच का उद्घाटन किया। मौके पर आयोजन समिति के अध्यक्ष नीलांबर सिंह, सचिव विनोद कुमार महतो, कोषाध्यक्ष दीपक नायक, उपाध्यक्ष सनी सिंह, उपसचिव जीवनलाल मुंडा, उपकोषाध्यक्ष राम प्रसाद सिंह, प्रदीप मुंडा, दिलीप मुंडा, नितेश मुंडा, सत्यनारायण मुण्डा, भरत मुण्डा सत्या सिंह, अजय गंझू, राम गंझू, चंदू मुंडा, धर्मनाथ मुंडा, रामदयाल गंझू, सेवाराम महतो, नकुल बेदिया जयवीर बेदिया आदि सदस्यों का सराहनीय योगदान रहा।

## राष्ट्रीय उपाध्यक्ष बनाये जाने पर दी बधाई



**नामकुम (आजाद सिपाही)।** राष्ट्रीय अध्यक्ष श्रीशांत प्रकाश जाटव के द्वारा प्रमोद कुमार पांडे को भारतीय जनता मजदूर संघ के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष बनाये जाने पर राष्ट्रीय मंत्री अनिल कुमार सिंह ने प्रसन्नता व्यक्त करते हुये बधाई दिया है। बधाई देने वालों में झारखंड प्रदेश अध्यक्ष डॉ अर्जुन चौधरी, उपाध्यक्ष अनिरुद्ध पांडेय, विवेक कुमार, सत्य प्रकाश सिन्हा, दिलीप सिंह, सिग्रीवाल सहित भारतीय जनता मजदूर संघ के सैकड़ों कार्यकर्ता शामिल है।

## स्कूल ऑफ फार्मेसी में दीपोत्सव मनाया गया



**नामकुम (आजाद सिपाही)।** वाईबीएन विश्वविद्यालय के स्कूल ऑफ फार्मेसी में बुधवार को दीपोत्सव हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। इस अवसर पर फार्मेसी के छात्रों और शिक्षकों ने साथ मिलकर धूमधाम से 'दीपोत्सव' मनाया। दीपोत्सव-22 में बी फार्मा और डी फार्मा के छात्रों ने हिस्सा लिया। छात्रों ने नृत्य, गायन के साथ साथ रंगोली और अन्य सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किये। कार्यक्रम के सफल आयोजन और दीपावली की हार्दिक शुभकामनाओं के साथ चेयरमैन रामजी यादव, वीसी एसपी यादव, सीईओ इं. दीपक कुमार, प्रॉक्टर डॉ. राजेश्वर दत्त, डीएसडबलू अर्पणा शर्मा, डीन रिसर्च सह स्कूल ऑफ कॉमर्स एंड मैनेजमेंट से डॉ ब्रजेश कुमार सिंह, रजिस्ट्रार डॉ रमन दुबे ने छात्रों और शिक्षकों को शुभकामनाएं दी। डीन स्कूल ऑफ फामेर्सी डॉ आशीष सरकार ने विश्वविद्यालय के सभी अधिकारियों को धन्यवाद करते हुये आस्वस्त किया कि स्कूल ऑफ फार्मेसी निरंतर प्रगति के पथ पर बना रहेगा। डॉ आशीष सरकार ने सभी शिक्षकों एवं छात्रों को दीपोत्सव एवं कार्यक्रम के सफल आयोजन के लिये धन्यवाद एवं शुभकामना दी।

## तिगरा पंचायत में 922 आवेदनों का किया गया निष्पादन

**रातू (आजाद सिपाही)।** प्रखंड के तिगरा पंचायत में बुधवार को आयोजित आपकी योजना आपकी सरकार आपके द्वारा कार्यक्रम में ग्रामीणों ने अपनी समस्याओं को लेकर 1239 आवेदन अधिकारियों को सौंपे। आवेदन में से 922 आवेदन का त्वरित निपटारा किया गया वही 317 आवेदन विचारदिन है। कार्यक्रम में सभी विभागों के अधिकारी के अलावा पंचायत प्रतिनधि व ग्रामीण मौजूद थे। जिसमें महिलाओं की उपस्थिति अधिक थी। कार्यक्रम का संचालन तैयब अंसारी ने किया।

## रातू के संजय नगर का एक युवक लापता पिता ने थाना में दर्ज करायी गुमशुदगी की रिपोर्ट



**रातू (आजाद सिपाही)।** थाना क्षेत्र के संजय नगर निवासी कृष्णा राम के 26 वर्षीय पुत्र मनु राम 17 अक्टूबर से लापता है। मामले को लेकर पिता कृष्णा राम ने रातू थाने में पुत्र की गुमशुदगी का मामला दर्ज कराया है। पिता ने बताया कि उसका पुत्र सोमवार को दिन के 1 बजे घर से निकला था परन्तु अभी तक घर वापस नही आया है। काफी खोज बिन के बाद भी उसका कुछ पता नही चल पा रहा है । युवक दिमागी रूप से थोड़ा कमजोर है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

# मरीन ड्राइव सह चौपाटी होगा निगम का माइलस्टोन : महापौर




**मेदिनीनगर (आजाद सिपाही)।** महापौर अरुणा शंकर,उपमहापौर मंगल सिंह,नगर आयुक्त समीरा एस एवं संबंधित पार्षद नवीन कुमार गुप्ता,मनोज कुमार सिंह,कामेश्वर प्रसाद तथा कई पार्षदों ने मिलकर मरीन ड्राइव के अलावे कई योजनाओं का शिलान्यास किया। जिसमें शहर के लिए दो महत्वपूर्ण योजना मरीन ड्राइव (फेस टू) जिसकी लागत 4 करोड़ 25 लाख एवं निगम भवन का जीर्णोद्धार लागत लगभग सवा करोड़ मुख्य है। महापौर ने कहा जहां शहर में 50 वर्ष के शासनकाल में एक भी पार्क नहीं बन सका वही आज हमारी टीम ने दो बड़े पार्क गांधी उद्यान (स्टेशन रोड )एवं 23 तारीख से प्रारंभ हो रहे हैं अंबेडकर उद्यान (बड़ा तालाब) शुरू कर रहा है। साथी ही शहर को सजाने के उद्देश्य से स्टेशन रोड का सुंदरीकरण कार्य भी चल रहा और इसके अलावे शहर के माइलस्टोन मरीन ड्राइव फेस 2 सह चौपाटी (रात्रि फूड मार्केट) के रूप में कोयल तट सुंदरीकरण का शिलान्यास कर हम गौरवान्वित है। महापौर ने कहा कि जब हमारा शहर सुंदर हो रहा है तो निगम भवन भी सुंदर होना चाहिए जिससे देख शहर की सुंदरता का आकलन किया जा सके। इसी उद्देश्य से जनता को सुव्यवस्थित व्यवस्था देने,कर्मियों को व्यवस्थित करने तथा पार्षदों को सम्मान पूर्वक कक्ष प्रदान करने के उद्देश्य से निगम भवन का जीर्णोद्धार का भी आज शिलान्यास उपमहापौर मंगल सिंह,नगर आयुक्त समीरा एस संबंधित पार्षद जय श्री गुप्ता तथा कई पार्षदों एवं निगम कर्मियों के साथ कर कार्य का प्रारंभ कर दिया गया। उप महापौर मंगल सिंह ने कहा कि हम जल्द और भी पार्क निगम क्षेत्र के कई हिस्सों में लाएंगे साथी ही हर तरह के विकास में हम जनता के साथ हैं।महापौर ने कहा हमारी सारी योजनाएं जल्द पूरी होंगी हमें पहले 2 वर्ष कोरोना ने बाधित किया अब 6 माह पूर्व सरकार चुनाव कराने पर आतुर है फिर भी शहर का जितना विकास हो सकेगा हम सभी पार्षद मिलकर जरूर करेंगे।

# सतबरवा के रेवारातू व लेस्लीगंज के कुराइन पतरा पहुंचे डीसी



**मेदिनीनगर (आजाद सिपाही)।** आपकी योजना,आपकी सरकार, आपके द्वार कार्यक्रम के तहत बुधवार को उपायुक्त आंजनेयुलु दोड्डे सतबरवा के रेवारातू व लेसलीगंज के कुराइन पतरा पहुंचे। सर्वप्रथम उन्होंने रेवारातू के स्थनीय जनप्रतिनिधियों के साथ दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम की शुरूआत की। मौके पर उन्होंने कहा कि आपके गांव आया हूं आने का उद्देश्य है कि आपको घर में ही सरकार की कल्याणकारी योजनाओं से लाभान्वित किया जा सके।आपके सभी कार्यों का निष्पादन ऑन स्पॉट समय रहते कर दिया जायेगा। आप लोग से बस इतना निवेदन है कि सभी आवश्यक दस्तावेजों के साथ संबंधित स्टॉल पर जमा करें। रेवारातू के पश्चात उपायुक्त लेस्लीगंज के कुराइन पतरा पंचायत पहुंचे यहां उन्होंने नीलांबर-पीतांबर के प्रतिमा पर माल्यार्पण किया एवं लोगों के बीच परिसंपत्तियों का वितरण किया।

**सतबरवा में 135 व लेसलीगंज में 47 पेंशन के आवेदनों को ऑन स्पॉट किया गया स्वीकृत**

दोनों ही शिविरों में अधिकाधिक लोगों को लाभान्वित किया गया सतबरवा में जहां 135 पेंशन के आवेदन स्वीकृत किए गये वहीं लेसलीगंज के कुराइन पतरा में पेंशन के 47 आवेदनों को स्वीकृत किया गया। इसी तरह उपायुक्त ने सतबरवा में 200 लाभुकों के बीच कंबल,सावित्रीबाई फुले योजना के तहत 96 बच्चियों को आच्छादित किया गया। 50 लोगों के बीच धोती साड़ी का वितरण किया गया। 15 वें वित्त आयोग के तहत 8 नयी योजनाओं का शिलान्यास किया गया। इसी तरह दोनों ही पंचायतों के लोगों के बीच विभिन्न परिसंपत्तियों का वितरण किया गया।

**कार्यक्रम में इन विभागों के लगे थे स्टॉल**

आपकी योजना, आपकी सरकार, आपके द्वार कार्यक्रम में स्वास्थ्य विभाग, श्रम नियोजन एवं प्रशिक्षण विभाग, शिक्षा विभाग, स्वच्छ भारत मिशन ग्रामीण, पंचायती राज, बाल विकास परियोजना, आपूर्ति विभाग, प्रज्ञा केंद्र,आधार केंद्र, कृषि विभाग, मनरेगा, जेएसएलपीएस, प्रधानमंत्री आवास योजना (ग्रामीण),राजस्व विभाग, कल्याण विभाग सामाजिक सुरक्षा (पेंशन) सहित अन्य विभागों के स्टाल लगाए गये थे।

## हुसैनाबाद के दो महापुरुषों की प्रतिमा को हटाकर प्रखंड परिसर में लगाये प्रशासन : प्रेमतोष सिंह



**हुसैनाबाद (आजाद सिपाही)।** हुसैनाबाद के प्रबुद्ध समाजसेवी ने शहर के हरिहर चौक व जेपी चौक पर लगे दो पहापुरुषो के प्रतिमा को स्थान्तरित कर हुसैनाबाद प्रखंड परिसर में लगाने की मांग किया है।हुसैनाबाद के वरिष्ठ अधिवक्ता प्रेमतोष कुमार सिंह ने स्थानीय बिधायक,अनुमंडल पदाधिकारी एवम नगर पंचायत हुसैनाबाद को एक लिखित आवेदन देकर, हुसैनाबाद के हरिहर चौक स्थित पूर्व विधायक स्व0 हरिहर सिंह एवम जेपी चौक स्थित लोकनायक जयप्रकश नारायण की प्रत्तिमा को स्थान्तरित कर हुसैनाबाद प्रखण्ड परिसर में आदमकद प्रत्तिमा लगाने की मांग की है। दिए गए पत्र में उन्होंने कहा है कि पूर्व विधायक हरिहर सिंह एवम लोकनायक जयप्रकाश नारायण की प्रत्तिमा 1990-95 के बीच मे पूर्व विधायक दशरथ कुमार सिंह ने लगवाई थी।लेकिन अब ओवरब्रिज निर्माण के कारण दोनों महापुरुष की प्रतिमा को स्थान्तरित करना पड़ा रहा है।लेकिन प्रतिमा स्थापना को नए स्थान पर स्थापित करने को लेकर कई संगठनों ने सम्बंधित अधिकारियों को अपना-अपना मत के अनुसार मांग पत्र दिया गया है।जिसमे किसी व्यक्ति विशेष लोगो की मकान दुकान,को तोड़कर वहां प्रतिमा स्थापित करने की बात की जा रही है जो जनहित में नही है और ना ही सामाजिक सौहार्द हित मे है।इसलिए प्रशासन से मांग करता हु की दोनों महापुरुषों की प्रत्तिमा को स्थान्तरित कर हुसैनाबाद प्रखण्ड परिसर में आदमकद प्रत्तिमा लगाया जाय। इस मांग पत्र में प्रदीप राम,धनंजय कुमार सिंह,धीरेंद्र कुमार सिंह,जनक पासवान,केदार सिंह, सुनील चौधरी सहित अन्य लोग शामिल है।

## एके सिंह कॉलेज जपला में क्लीन इंडिया कार्यक्रम के तहत स्वच्छता अभियान चलाया गया



**हुसैनाबाद (आजाद सिपाही)।** युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय भारत सरकार के निदेर्शानुसार क्लीन इंडिया कार्यक्रम एक अक्टूबर 2022 से 31 अक्टूबर 2022 तक पूरे भारतवर्ष में आयोजित किया जा रहा है। इसी क्रम में बुधवार को एके सिंह कालेज जपला राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई के द्वारा महाविद्यालय परिसर में स्वच्छ भारत अभियान 2.0 के तहत स्वच्छता अभियान चलाया गया।मौके पर कालेज के प्राचार्य सूर्यमणि सिंह ने कहा कि इस अभियान का मुख्य उद्देश्य प्लास्टिक मुक्त भारत एवं क्लीन भारत ग्रीन भारत के सकारात्मक सोच को सार्थक करना है।स्वच्छ पर्यावरण, स्वच्छ परिसर एवं शुद्ध हवा आम नागरिक को मिले, इस उद्देश्य की पूर्ति हेतु प्लास्टिक मुक्त अभियान चलाकर एनएसएस स्वयंसेवकों ने यह संदेश देने का कार्य किया है। जो स्वच्छ भारत अभियान को सफल बनाने में एक महत्त्वपूर्ण कड़ी साबित होगा।उन्होंने कहा कि हमारा जीवन प्रदूषण मुक्त,स्वच्छ वातावरण एवं स्वस्थ समाज के निर्माण में अमूल्य समय का त्याग हो सके। इस अवसर पर एन एस एस कार्यक्रम पदाधिकारी सह नोडल पदाधिकारी पलामू प्रो राजेश कुमार सिंह,डा रामसुभग सिंह,डा शिवकुमार विश्वकर्मा,डा अजय कुमार सिंह,प्रो राहुल कुमार सिंह, प्रो अरूण कुमार सिंह,डा0 आलोक रंजन कुमार के अतिरिक्त स्वयंसेवकों में मुख्य रूप से दिव्या कुमारी,आरुषि कुमारी, किरण कुमारी,मनीता कुमारी, सोनाली कुमारी, शक्ति नाथ ठाकुर, जमालुद्दीन शाह, राहुल कुमार सिंह, अतुल कुमार सिंह, बिन्टेश कुमार, अनिकेत ओझा इत्यादि की सहभागिता सराहनीय रही।

# मजदूर किसान महाविद्यालय में स्वच्छता अभियान चलाया गया




**पांकी/पलामू (आजाद सिपाही)।** मजदूर किसान महाविद्यालय डंडार कला में बुधवार को सुबह युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय के आदेशानुसार क्लीन इंडिया कार्यक्रम 1 अक्टूबर 2022 से 31 अक्टूबर 2022 के दरमियान आयोजित किया जा रहा है इस कार्यक्रम का मुल उद्देश्य पर्यावरण एवं अपने परिषद की स्वयं प्रेरणा से स्वच्छता है। उसी के तहत आज राष्ट्रीय सेवा योजना तथा नेहरू युवा केंद्र पलामू के संयुक्त तत्वधान में क्लीन इंडिया कार्यक्रम संचालन किया गया। इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि के रूप में मजदूर किसान महाविद्यालय डंडार कला पाकी के प्राचार्य डॉक्टर दिलीप कुमार राम तथा राष्ट्रीय सेवा योजना के कार्यक्रम पदाधिकारी प्रोफेसर पुरुषोत्तम सिंह एवं नेहरू युवा केंद्र पलामू के जिला अध्यक्ष श्री निखिल सिंह के नेतृत्व में यह कार्यक्रम किया गया। क्लीन इंडिया के तहत सिंगल यूज प्लास्टिक तथा स्वच्छता अभियान चलाया गया। यह अभियान गोद लिए गए डंडार कला पंचायत में अवस्थित मजदूर किसान महाविद्यालय के परिसर में कार्यक्रम चलाया गया। इस कार्यक्रम में राष्ट्रीय सेवा योजना के स्वयंसेवक सेविकाएं तथा नेहरू युवा केंद्र पलामू के राष्ट्रीय स्वयंसेवक तथा ग्रामीण जनता एवं महाविद्यालय के शिक्षक एवं शिक्षकेतर कर्मचारी गण उपस्थित रहे। मुख्य रूप से प्रोफेसर सर्वेश्वर प्रसाद, श्री रामविलास सिंह, रमेश प्रसाद सिंह, राजेश महतो, ललन कुमार, राजेंद्र सिंह राष्ट्रीय सेवा योजना के स्वयंसेवक प्रदीप कुमार सिंह, विक्रांत कुमार, अनिकेत कुमार, सीमांत कुमार, संदीप कुमार, पंकज कुमार, ज्योति कुमारी, सोनी,भारती रिद्धि आशा प्रीति नेहरू युवा केंद्र के प्रखंड अध्यक्ष नवनीत कुमार सिंह नीरज पांडे, अमित कुमार, अमित ओझा, विशाल कुमार, आलोक ओझा, नीतीश कुमार ओझा, ग्रामीण जनता में लालजीत प्रजापति,रंजीत कुमार, एवं ग्राम प्रतिनिधि लोग उपस्थित रहे।

# हुसैनाबाद पुलिस ने चलाया वाहन चेकिंग अभियान, आधा दर्जन दोपहिया वाहन जब्त

**▶▶ सड़क सुरक्षा को लेकर चेकिंग अभियान जारी रहेगा : थाना प्रभारी**



**हुसैनाबाद (आजाद सिपाही)।** पलामू एसपी एसपी चंदन कुमार सिन्हा के निर्देश पर बुधवार को हुसैनाबाद पुलिस ने शहर के हरिहर चौक पर वाहन चेकिंग अभियान चलाया । इस चेकिंग अभियान के क्रम में वाहन चालकों से लाइसेंस सहित अन्य कागजातों की जांच की गई।हुसैनाबाद थाना प्रभारी जगरनाथ धान के नेतृत्व में चलाए गए इस अभियान में यातायात नियमो का उल्लंघन करते हुए बिना हेलमेट और बिना कागजात के आधा दर्जन बाइक को जब्त कर इनके बिरुद्ध करवाई के लिए चालान काटकर डीटीओ कार्यालय में भेज दिया। मौके पर थाना प्रभारी ने वाहन चालकों को बताया कि यातायात नियमों का पालन करें। अपनी जिंदगी बचाने के लिए हेलमेट का सदा प्रयोग करें। गाड़ी तीव्र गति से न चलाएं। उन्होंने यह भी बताया कि मोटरसाइकिल पर ट्रिपल लोडिंग व बगैर लाइसेंस के गाड़ी चलाना कानून जुर्म है। उन्होंने सभी वाहन चालकों को हेलमेट, लाइसेंस सहित गाड़ी का कागजात साथ लेकर चलने का निर्देश दिया।अन्यथा उन पर कड़ी कारवाई की जाएगी।थाना प्रभारी ने बताया कि पलामू एसपी के निर्देश पर वाहन चेकिंग का मुख्य उद्देश्य सड़क सुरक्षा व यातायात व्यवस्था को सुदृढ़ बनाने को लेकर वाहन चेकिंग अभियान चलाया जा रहा है। साथ ही अपराध को रोकने का भी एक प्रयास है।उन्होंने कहा कि यह अभियान आगे भी जारी रहेगा।मौके पर एएसआई राम बालक सोरेन,चौकीदार मोहम्मद समेत पुलिस बल के कई जवान मौजूद थे।

## गांवों को नगर पंचायत से अलग कराने के लिए हाइकोर्ट में याचिका दायर कराने की तैयारी

**हरिहरगंज/पलामू (आजाद सिपाही)।** नव सृजित हरिहरगंज नगर पंचायत से कृषि आधारित सुदूरवर्ती गावों को हटाने के लिए नगर पंचायत विमुक्त ग्राम संघर्ष समिति के द्वारा झारखंड हाई कोर्ट ( रांची ) में याचिका दायर कराने की तैयारी पूरी कर ली गई है। इसे लेकर गुरुवार को समिति का एक प्रतिनिधि मंडल सभी दस्तावेजों के साथ हाई कोर्ट पहुंचेगी। इस आशय की जानकारी समिति के अध्यक्ष रामजी पासवान के अलावा धर्मेंद्र कुमार सिंह और अभय कुमार ने बैठक के बाद दी है। उन्होंने बताया कि नगर पंचायत में सुदूरवर्ती अररुआ कला, विशुनपुर, कोसडिहरा, खाप कटैया, घाघरा,पीपरा को भी शामिल किया गया है जो शत प्रतिशत कृषि आधारित गांव हैं। जहां के लोग पूरी तरह कृषि व दैनिक मजदूरी पर आश्रित हैं। ग्रामीणों ने बताया कि नगर पंचायत में शामिल किए गए उक्त सभी गांव नदी, नाले कीनारे बसे अनुसूचित जाति बहुल अत्यन्त ही पिछड़ा इलाका है। इस हाल में गरीबों को होल्डिंग टैक्स भर पाना असंभव है।

## सोना महल द मॉल में धनतेरस ज्वेलरी मेला का हुआ उद्घाटन

# अपने ग्राहकों के भरोसेमंद के रूप में जाना जाता है सोना महल द मॉल : दीपक तिवारी



**मेदिनीनगर (आजाद सिपाही)।** पलामू के प्रसिद्ध ज्वेलरी शोरूम सोना महल में 18 से 22 अक्टूबर तक ज्वेलरी मेला का आयोजन किया गया है। जिसका उद्घाटन इंडियन रोटी बैंक के प्रदेश संयोजक दीपक तिवारी, पूर्व सैनिक बृजेश शुक्ला,राजकुमार गुप्ता, संचालक धनंजय सोनी,संतोष सोनी ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया। इस अवसर पर दीपक तिवारी ने कहा कि शहर में ज्वेलरी के मामले जो मुकाम सोना महल ने हासिल किया है वह काबिले तारीफ है। उन्होंने कहा कि इस मांल में ग्राहकों के लिए समय समय आंफर के साथ ग्राहकों द्वारा खरीदे गए आभूषणों की पूरी गारंटी सचमुच संचालक द्वारा यह बेहतर पहल है। इसी का नतीजा है कि आज ग्राहकों की पहली पसंद है सोना महल द मांल। पूर्व सैनिक बृजेश शुक्ला ने कहा कि सोना महल द मांल में पलामू भर के ही ग्राहक नहीं आते बल्कि इससे सटे दूसरे दूसरे जिले और प्रदेशों से ग्राहक आते है। ग्राहकों को सोना महल के आभूषणों पर शुरू से ही पूरा भरोसा रहता है। इस प्रदर्शनी में मुंबई,दिल्ली, राजकोट,कोलकाता एवं एमराल्ड ज्वेलरी का भरपूर रेंज उपलब्ध है। सोना महल के संचालक धनंजय कुमार सोनी एवं संतोष कुमार सोनी का कहना है कि धनतेरस के दिन ग्राहकों को मार्केट में भीड़ होने के कारण अपने मनपसंद ज्वेलरी की खरीदने में दिक्कत होती थे, लेकिन अब ग्राहकों को घबराने की कोई आवश्यकता नहीं क्योंकि सोना महल लेकर आया है ज्वेलरी प्रदर्शनी धनतेरस प्री-सेल मेला जिसमें ग्राहक अपना मनपसंद ज्वेलरी की खरीदारी एवं बुकिंग कर सकते हैं और उसकी डिलीवरी धनतेरस के दिन ले सकते हैं। इस प्रदर्शनी में ग्राहकों के लिए विशेष उपहार के रूप में मेकिंग चार्ज पर 20 से 40 प्रतिशत तक की भारी छूट और छह लाख से ज्यादा की खरीदारी पर 3 दिन दो रात के लिए शिमला टूर देने का वादा किया है साथ ही सोना महल से ज्वेलरी खरीदने पर ग्राहकों को ज्वेलरी का फ्री इंश्योरेंस भी मुफ्त में उपलब्ध है।इतने सारे ऑफर देखने के बाद ग्राहकों के मन में खुशी की लहर है, ग्राहक अपने मनपसंद ज्वेलरी की खरीदारी सोना महल से कर रहे हैं। उद्घाटन के मौके पर राजकुमार गुप्ता के अलावे अन्य लोग मौजूद थे।

# सड़क नहीं रहने से ग्रामीणों ने खुद से बनाने का लिया निर्णय

**पांकी/पलामू (आजाद सिपाही) ।** पलामू जिले के पांकी प्रखंड के पगार खुर्द पंचायत के बेरियाडीह में सड़क नहीं रहने से ग्रामीण जनता को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ता है। इसकी शिकायत पदाधिकारियों को भी की गई थी लेकिन अभी तक किसी ने इस पर ठोस कदम नहीं उठाया है। मौके पर लोहरसी प्रखंड बनाव संघर्ष समिति के अध्यक्ष पगार पंचायत समिति प्रतिनिधि नारो सिंह, समाज सेवी जिंदल सिंह ने कहा कि सभी ग्रामीण जनता के साथ बैठक किया गया था ! और बैठक में यह निर्णय लिया गया कि अगर कहीं से मदद नहीं मिलेगा तो सभी ग्रामीण जनता चंदा करके शारीरिक सहयोग से इसका निर्माण करेंगे क्योंकि आने - जाने में ग्रामीणों को बहुत कठिनायों का सामना करना पड़ता है। उन्होंने यह भी कहा कि इस पर ना तो जनप्रतिनिधियों का ध्यान है और ना ही पदाधिकारियों का ध्यान है। उन्होंने यह भी बताया कि बेरियाड़ीह मे हरिजन मध्य विद्यालय से त्रिपुरारी सिंह, उपेंद्र के घर होते हुए पगार कला सिवान तक सड़क का सरकार द्वारा अनेकों बार मांग किया गया परंतु किसी तरह का ध्यान नहीं दिया गया जबकि यह सड़क नक्शा में भी पहले से है परंतु जानबूझकर उस पर ध्यान नहीं दिया जा रहा है। इसीलिए सभी ग्रामीण जनता बैठक कर यह निर्णय लिया कि चंदा एवं शारीरिक सहयोग कर सड़क बनाने का कार्य करेंगे क्योंकि ग्रामीण जनता को आने - जाने मे काफी कठिनाइयों का सामना करना पड़ता हैं और बरसात के दिन में सांप बिछ का डर लगा रहता है। सड़क की जगह जंगल बन गया है।

## सीता प्लस टू हाई स्कूल के मैदान में लगा सरकार आपके द्वार कार्यक्रम का शिविर



**हरिहरगंज/पलामू (आजाद सिपाही)।** आपकी योजना आपकी सरकार आपके द्वार कार्यक्रम के तहत बुधवार को हरिहरगंज सीता प्लस टू हाई स्कूल के मैदान में नगर पंचायत के वार्ड नंबर 5 से 8 के लिए शिविर का आयोजन किया गया। शविर में खाद्य आपूर्ति, स्वास्थ्य,बाल विकास परियोजना, प्रधानमंत्री शहरी आवास योजना, होल्डिंग टैक्स,सर्वजन पेन्शन योजना सहित आदि स्टॉल लगाए गए थे।इस मौके पर सैकड़ो नगर वासियों ने विभाग सबन्धित कागजात के साथ आवेदन पत्र जमा किया। जिसका अधिकारियों ने कई लोगों का निदान किया।इस मौके पर बीडीओ सह कार्यपालक पदाधिकारी जय प्रकाश नारायण,सीओ बासुदेव राय,सिटी मैनेजर अजमल हुसैन,सिटी मिशन मैनेजर राकेश कुमार सिंह,बाल विकास परियोजना के प्रवेक्षिका सुमित्रा कुमारी,सीएलटीसी संजय राणा,डे नुल्म सीओ विचित्रा कुमारी के अलावे युवा समाजसेवी राजीव रंजन,संतोष प्रजापति,झामोमो प्रखण्ड अध्यक्ष अमित सिंह, छात्र आजसू प्रखण्ड अध्यक्ष आदित्य तिवारी,कृष्ण कुमार सिंह,गोपाल प्रसाद सहित कई समाजसेवी व जनप्रतिनिधि उपस्थित थे।

## हरिहरगंज पुलिस ने चलाया वाहन जांच अभियान



**हरिहरगंज/पलामू (आजाद सिपाही)।** हरिहरगंज थाना स्थित एनएच 98 मुख्य पथ पर वाहन जांच अभियान चलाया। इस अभियान का नेतृत्व एएसआई संजय सिंह दल बल के साथ कर रहे थे। इस अभियान में सड़क मार्ग से गुजरने वाले सभी दो पहिया और चार पहिया वाहनों के कागजात, डिक्की, हेलमेट और लोगों के बैग में रखे समान की जांच की गई। मौके पर एएसआई संजय सिंह ने बताया कि जिला पुलिस कप्तान के आदेश पर और पुनि सह थाना प्रभारी सुदामा कुमार दास के निदेर्शानुसार यह जांच अभियान चलाया जा रहा है। आने वाले त्योहारों के ध्यान में रखते हुए सुरक्षा की दृष्टी से वाहनों की जांच की जा रही है।

## स्पोर्ट्स



**भारत-पाकिस्तान मैच पर छाए बादल :23 अक्टूबर को मेलबर्न में बारिश की आशंका, पहली बार धुल सकता है यह हाई वोल्टेज मुकाबला**

# दीदी नीलम आनंद स्मृति फुटबॉल टूर्नामेंट पर राजा स्पोर्ट्स बरियातू का कब्जा



**रांची (आजाद सिपाही)।** शिव शिष्य हरिद्रानंद फाउंडेशन एवं शिव शिष्य परिवार के संयुक्त तत्वाधान में आयोजित दीदी नीलम आनंद स्मृति फुटबॉल प्रतियोगिता शुरू गुरगांई बुढ़ीबागी मैदान ओरमांझी में। युवा पावर फुटबॉल क्लब गुरगांई के देखरेख में तीन दिवसीय मैच का तीसरा दिन पहला सेमीफाइनल का उद्घाटन मैच में राजा स्पोर्ट बरियातू बनाम मुन्ना ब्रदर्स बूटी के बीच खेला गया। जिसमें राजा स्पोर्ट बरियातू 1-0 से जीत दर्ज कर फाइनल में जगह बनाई। जिसमें मैन ऑफ दा मैच का खिताब तोहिद अहमद चुने गए। वही दूसरा सेमीफाइनल मैच सूरज महतो फुटबॉल क्लब कुट्टे बनाम सींगसराय फुटबॉल क्लब अनगड़ा के बीच खेला गया। जिसमें सींग सराय ट्राई ब्रेकर में विजय होकर फाइनल में राजा स्पोर्ट बरियातू के साथ फाइनल मुकाबला हुआ। जिसमें राजा स्पोर्ट बरियातु ट्राई ब्रेकर में 4-3 से विजय हुई। जिसमें मैन ऑफ द मैच जीशन राजा एंव टूर्नामेंट ऑफ दी सीरीज का खिताब अविनाश नायक सींगसराय अनगड़ा के खिलाड़ी को शील्ड देकर सम्मानित किया गया। वही विजेता टीम को 15000रू० नगद बड़ा खस्सी एवं शील्ड ,उपविजेता टीम को 11,000रू० नगद छोटा खस्सी एवं शील्ड, तीसरा एवं चौथा स्थान को 4100रू० फुटबॉल एवं शील्ड देकर सम्मानित किया गया । फाइनल मैच के मुख्य अतिथि अर्चित आनंद मुख्य सलाहकार शिव शिष्य परिवार, उद्घाटनकर्त्ता शिव कुमार विश्वकर्मा,सोमेन्द्र कुमार प्रभात रंजन एवं सावित्री देवी जयडीहा संतोष गुप्ता उपमुखिया ओरमांझी संयुक्त रुप से मैच का उद्घाटन फीता काटकर किये। मौके पर आयोजन समिति के अध्यक्ष नीलांबर सिंह सचिव विनोद कुमार महतो कोषाध्यक्ष दीपक नायक उपाध्यक्ष सनी सिंह उपसचिव जीवनलाल मुंडा उपकोषाध्यक्ष राम प्रसाद सिंह एवं प्रदीप मुंडा दिलीप मुंडा नितेश मुंडा सत्यनारायण मुण्डा भरत मुण्डा सत्या सिंह अजय गंझू राम गंझू चंदू मुंडा धर्मनाथ मुंडा रामदयाल गंझू सेवाराम महतो नकुल बेदिया जयवीर बेदिया एवं सभी सदस्यों का सराहनीय योगदान रहा।

# शाहीन ने गुरबाज को फेंकी अंगूठा तोड़ यॉर्कर

**ब्रिस्बेन (आजाद सिपाही)।** बुधवार को पाकिस्तान-अफगानिस्तान वार्मअप मैच में 22 साल के पाकिस्तानी तोज गेंदबाज शाहीन अफरीदी की टो क्रशर यॉर्कर ने अफगानिस्तान के ओपनर बल्लेबाज रहमान उल्लाह गुरबाज का अंगूठा तोड़ दिया। शाहीन की बॉल इतनी खतरनाक थी कि अफगानी ओपनर को अपने साथी खिलाड़ी की पीठ पर लदकर पवेलियन जाना पड़ा। उन्हें एक अस्पताल में स्कैन के लिए भेजा गया है। मैच के बाद शाहीन अफगानिस्तान के ड्रेसिंग रूम में गुरबाज का हाल जानने भी पहुंचे। उन्होंने अफगान ओपनर से काफी देर बात की। यह मैच बारिश के कारण रद्द कर दिया गया। याद दिला दें कि 23 अक्टूबर को भारत-पाकिस्तान के बीच मुकाबला होना है।

**अफगानिस्तान ने दिया 155 का टारगेट**

दिन के पहले वार्मअप मैच में अफगानिस्तान ने पाकिस्तान के सामने जीत के लिए 155 रनों का टारगेट सेट किया। उसकी ओर से कप्तान मोहम्मद नबी ने 17 गेंदों में 51 रनों की अर्धशतकीय पारी खेली। इब्राहिम जदरान ने 35 रन बनाए।

## स्वच्छ भारत 2.0 के तहत जीसीपीए कॉलेज में चलाया गया स्वच्छता अभियान

**छतरपुर/पलामू (आजाद सिपाही) ।** राष्ट्रीय सेवा योजना के तहत स्वच्छ भारत अभियान के मद्देनजर गुलाबचंद प्रसाद अग्रवाल कॉलेज में स्वच्छता अभियान चलाया गया। इस दौरान कॉलेज के सभी शिक्षक एवं शिक्षकेत्तर कर्मचारियों के साथ साथ कॉलेज के छात्र छात्राओं एवं एन एस एस के स्वमसेवक ने हांथ में झाड़ू लेकर कॉलेज कैम्पस की साफ सफाई किया। इस दौरान छात्रों ने कचड़ा नहीं फैलाने एवं प्लास्टिक बैग प्रयोग नहीं करने का संकल्प लिया। वहीं स्वच्छ भारत अभियान का नारा लगाया। मौके पर प्रभारी प्राचार्य प्रो जितेंद्र कुमार ने कहा कि जिस प्रकार हम स्वस्थ रहने के लिए अपने शरीर पर ध्यान देते हैं उसी प्रकार अपने आस पास के माहौल को स्वच्छ बनाए। वहीं राष्ट्रीय सेवा योजना कार्यक्रम पदाधिकारी राजकिशोर लाल ने कहा कि युवा एवं खेल मंत्रालय भारत सरकार द्वारा क्लीन इंडिया 2.0 के तहत स्वच्छता अभियान चलाया गया ,इस अभियान का मुख्य उद्देश्य सिंगल यूज प्लास्टिक से होने वाली पर्यावरण प्रदूषण को रोकना है । इसका शुरूआत हम अपने घर से कर सकते हैं। इसी कड़ी में कॉलेज कैम्पस में यह अभियान चलाया गया जिसे हमारा सामाज और देश दूषित पर्यावरण से बच सके। प्रो अमित कुमार सिंह ने कहा कि राष्ट्रीय सेवा योजना गुलाबचंद प्रसाद अग्रवाल कॉलेज इकाई के द्वारा स्वच्छता अभियान चलाकर कैम्पस को प्लास्टिक मुक्त बनाने का कार्य किया गया। मौके पर प्रो अशोक कुमार अग्रवाल ,प्रो जैलेश गुप्ता, इंदु कुमारी, रोहित कुमार, सूर्योदय कुमार, राजमोहन, पंचम कुमार, योगेंद्र विश्वकर्मा, बालमुकुंद पाठक, सुनील पासवान, विनोद यादव, मनोज कुमार, शंकर राम, आनंद कुमार, संजय आदि के साथ कॉलेज के छात्र छात्राएं मौजूद रहे।

## महत्वपूर्ण न्यूज

### बन रहा विशेष संयोग, 24 अक्टूबर को एक साथ मनायी जायेगी छोटी और बड़ी दीपावली

धनबाद (आजाद सिपाही)। रोशनी के त्योहार दीपावली में अब महज चार दिन शेष हैं। ऐसे में लोगों ने अपने घरों के साथ दुकानों और गोदामों का रंग-रोगन कराने के साथ ही साफ-सफाई शुरू कर दी है। शहर में धनतेरस को लेकर बाजार पूरी तरह पट चुका है। गोल्फ ग्राउंड स्थित खड़ेश्वरी मंदिर के पुजारी राकेश पांडेय के अनुसार, इस बार दीपावली पर विशेष संयोग बन रहा है। नरक चतुर्दशी यानी छोटी दीपावली और बड़ी दीपावली एक साथ मनायी जायेगी।

ऐसे तो दीपावली से दो दिन पूर्व धनतेरस मनाया जाता है। उसके बाद छोटी दीपावली और फिर अगले दिन बड़ी दीपावली मनायी जाती है, लेकिन इस बार छोटी और बड़ी दीपावली एक साथ 24 अक्टूबर को मनायी जायेगी। धनतेरस 23 अक्टूबर को मनाया जायेगा। 24 अक्टूबर की शाम 5 बज कर 28 मिनट से अमावस्या तिथि प्रारंभ होगी, जो 25 अक्टूबर को शाम 4 बजकर 19 मिनट पर समाप्त होगी।

### ठेका मजदूर सुरक्षा नियम को दिनचर्या में करें शामिल : डीजीएमएस निदेशक




कतरास (आजाद सिपाही)। खान सुरक्षा महानिदेशालय मध्य अंचल के तत्वावधान में ब्लॉक टू क्षेत्र के बेनीडीह में संचालित आउटसोर्सिंग कंपनी अंबे माइनिंग के मीटिंग हॉल में बुधवार को ठीकेदार कामगारों के बीच सुरक्षा जागरूकता अभियान सह कार्यशाला का आयोजन किया गया। जिसका उद्घाटन धनबाद डीजीएमएस के निदेशक मुकेश कुमार सिन्हा ने किया। उन्होंने कहा कि राष्ट्र के विकास में कोयला मजदूरों की भूमिका अहम होने के कारण बीसीसीएल द्वारा समय-समय पर इस प्रकार के जागरूकता अभियान चलाया जाता है। श्रम व रोजगार मंत्रालय के निर्देशानुसार आयोजित उक्त कार्यशाला के माध्यम से ठेका मजदूरों को नियमों का पालन करते हुए शून्य दुर्घटना को अंजाम देकर उत्पादन के लक्ष्य को प्राप्त करने संबंधी जागरूक किया जाना है। उन्होंने ठेका मजदूरों को सुरक्षा के नियमों को दिनचर्या में शामिल करने की बात कही। कहा कि डिपार्टमेंटल और ठेका मजदूरों के बीच जो भी दूरियां हैं उसे पाटने के लिए संबंधित विभाग गंभीर हैं। आने वाले दिनों में डिपार्टमेंटल मजदूरों की तर्ज पर ठेका मजदूरों को सुविधा प्रदान किया जाएगा। उन्होंने कहा कि जो भी शिकायत है उसे ई समाधान पोर्टल में ऑनलाइन दर्ज करायें। संबंधित विभाग के लोग एक सप्ताह के अंदर समस्या का समाधान करेंगें। मौके पर सहायक श्रमायुक्त राघवेंद्र कुरारिया, श्रम प्रवर्तन पदाधिकारी पीके पंकज, क्षेत्रीय निदेशक डीटीएनबी डब्ल्यूडी एलबी शास्त्री, शाखा प्रबंधक ईएसआईसी सौमित्रा नाथ, ब्लॉक टू के जीएम चितरंजन कुमार जीएम, टीएस चौहान, केके सिंह, शंभु पासवान आदि मौजूद थे।

### रोजगार सहित 15 सूत्री मांग को लेकर ग्रामीणों ने शुरू किया आंदोलन , ट्रांसपोर्टिंग हुई बाधित



जोड़ापोखर (आजाद सिपाही)। टाटा स्टील झरिया डिवीजन के वाशरी मुख्य द्वार पर पूर्व घोषित कार्यक्रम के तहत 15 सूत्री मांग पत्र के समर्थन में न्यू युवा ग्रामीण एकता मंच (जेपीडी) के बैनर तले ग्रामीणों ने अनिश्चित कालीन धरना शुरू कर दिया। जिससे कंपनी की ट्रांसपोटिंग पूरी तरह बाधित हो गयी। आंदोलन का नेतृत्व करने लासे रामप्रसाद सिंह ने बताया कि मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन का कहना है कि 75 फीसदी रोजगार ग्रामीणों को दिया जाय। जबकि वाशरी के नवीनीकरण के समय ही नरेश कुमार ट्रांसपोटिंग एवं यूनिर्वसल कंपनी द्वारा कहा गया था कि जोरापोखर, पेटिया, डूंगरी के ग्रामीणों को रोजगार दिया जाएगा पर दिया नहीं गया। समाचार लिखे जाने तक धरना जारी है।

### इएसएल बना युवाओं का प्रेरणास्त्रोत



बोकारो (आजाद सिपाही)। इएसएल सीएसआर टीम ने एम्प्लोयी वोलूण्टीरिंग के अंतर्गत एक प्रेरणादायक सत्र का आयोजन किया, जो 16 खाता के वेदांता ईएसएल स्किल स्कूल में छात्रों के लिए किया गया था। यह सत्र उन छात्रों की मदद करने के उद्देश्य से शुरू किया गया है, जो विभिन्न शहरों में नौकरी के रूप में अपनी नई यात्रा शुरू करने जा रहे हैं। इस मोटिवेशनल सेशन के अंतर्गत विभिन्न प्रकार की मनोरंजक गतिविधियों को भी शामिल करके उनकी सहायता की जा रही है। नीलिमा शर्मा और काजल सिंह ने हाल ही में कर्मचारी स्वयंसेवा के अंतर्गत एसएमओ बैच के एक सत्र में सम्मिलित हुए, जिसमें उन्होंने ईएसएल स्किल स्कूल का दौरा किया। उन्होंने मूल रूप से युवा लड़कियों को प्रेरित किया और पूरे सत्र में दोनों ने अपने कार्य-जीवन के अनुभवों को साझा कर उनका मनोबल और आत्मविश्वास बढ़ाया। उन्हें स्कूल से कार्य जीवन संतुलन और समय प्रबंधन को समझने में उनकी सहायता की।

### आरोग्य फाउंडेशन ऑफ इंडिया ने झरिया में किया नि:शुल्क नेत्र जांच शिविर का आयोजन



झरिया (आजाद सिपाही)। झरिया पोस्ट आफिस प्रांगण में बुधवार को आरोग्य फाउंडेशन आफ इंडिया की ओर से नि:शुल्क नेत्र जांच शिविर का आयोजन किया गया। जिसका उद्घाटन 105 वर्षीय वयोवृद्ध दुर्गा प्रसाद खरकीया ने किया। शिविर में कुल 207 मरीजो की जांच कि गई। उन्हें दवा व चश्मा दिया गया। 83 मरीज में मोतियाबिंद की शिकायत पाई गई, जिनका एशियन जालान अस्पताल में नि:शुल्क ऑपरेशन किया जायेगा। कार्यक्रम धनबाद निर्माण के बैनर तले किया गया। संयोजक अनुप साव ने कहा कि सभी समाजिक संस्थाओं को ऐसे कार्यक्रम का आयोजन करना चाहिए, जिससे गरीब व वंचित लाभावित हो सके। उन्होने जीटा के महासचिव राजीव शर्मा को ऐसे आयोजन करवाने के लिए साधुवाद दिया। कार्यक्रम को सफल बनाने मे धनबाद निर्माण के उपेन्द्र गुप्ता, शिवचरण शर्मा, श्रीकांत अंबष्ठ, मुरारी शर्मा, पवन खरकीया, प्रीतम रवानी, महेश गुप्ता, सुमन अग्रवाल, मधुसुदन अग्रवाल, कुषणा अग्रवाल, संजु वर्मा, अरिनदम बनर्जी, केपी तिवारी, राजेश बरनवाल, राजेश अग्रवाल, अमीत साहू (बंटी) दिलीप आडवाणी, अरूण जायसवाल, अवधेश सिंह, मनोज सिंह, मनीष श्रीवास्तव, संजय चौधरी, योगेन्द्र श्रीवास्तव, विनोद साव, पिंटू मंडल, तारक साव, राजू साव, पोस्टमास्टर एसएन सिन्हा, अभिजीत राय,, मेडीकल टीम के डॉ निरजन कुमार, दीपक कुमार और परमेश्वर कुमार उपस्थित थे।

## धनबाद पुलिस ने सुलझायी वासेपुर में दोहरे हत्याकांड की गुत्थी

# सद्दाम समेत चार गिरफ्तार

**सोहेल के कारण लड़की के भाई की पिटाई से नाराज था सद्दाम**

### प्रेम प्रसंग में हुई थी दो किशोरों की हत्या

आजाद सिपाही संवाददाता

**धनबाद।** बैंक मोड़ थाना क्षेत्र के वासेपुर करीमगंज में रविवार को हुए दो किशोरों की हत्या की गुत्थी को पुलिस ने सुलझा लिया है। साहिल और सोहेल नामक किशोरों की हत्या के पीछे की वजह प्रेम प्रसंग है। धनबाद एसएसपी संजीव कुमार ने बुधवार को संवाददाता सम्मेलन कर मामले की जानकारी दी। बताया कि दोहरे हत्याकांड में मुख्य आरोपित सद्दाम समेत कुल चार लोगों को गिरफ्तार किया गया है। सद्दाम घटना के बाद से ही फरार था। हालांकि सद्दाम को अभी उसके भाइयों के साथ जेल नहीं भेजा गया है। उससे अभी और पूछताछ की जानी बाकी है। मुख्य आरोपित सद्दाम की गिरफ्तारी कतरास के एक इलाके से हुई है। एसएसपी ने बताया कि सद्दाम का एक लड़की से प्रेमप्रसंग चल रहा था। उक्त लड़की से बात करते हुए सोहेल ने देख लिया और उसने लड़की के भाई को बता दी थी। लड़की के भाई ने एक माह पूर्व सद्दाम के साथ मारपीट भी किया था। इसी बात को लेकर सद्दाम ने अपने भाई शकील के साथ मिलकर साहिल और सोहेल की निर्मम हत्या कर दी। पुलिस ने मामले में गुलाम मुस्तफा उर्फ मिस्टर, साकिब अंसारी, शकील अंसारी उर्फ बलेस्टर को पहले ही गिरफ्तार कर लिया था। साथ ही हत्या में प्रयुक्त चाकू और मोबाइल फोन भी बरामद कर लिया है। पुलिस ने शकील के कटे हाथ और दीवार पर लगे खून की जांच कराई थी जो मृतकों के खून से मेल खा रहे हैं।



गिरफ्तार आरोपितों की जानकारी देंतीं धनबाद की एसएसपी व अन्य।

### डब्ल्यू अंसारी हमला कांड में प्रिंस के भाई बंटी खान को मिली जमानत, पर रिहाई नहीं

आजाद सिपाही संवाददाता

**धनबाद।** नन्हे हत्याकांड में जेल में बंद वासेपुर के स्वघोषित छोटे सरकार प्रिंस खान के भाई बंटी खान को पुलिस की लापरवाही के कारण बुधवार को जमानत मिल गई। डब्ल्यू अंसारी पर हमले के मामले में वह बीते 27 मई से न्यायिक हिरासत में जेल में बंद था। पुलिस को इस मामले में 90 दिनों के भीतर आरोपपत्र दायर करना था, लेकिन 150 दिन बीत जाने के बाद भी पुलिस ने आरोप पत्र दायर नहीं किया। जिसके बाद धनबाद के अपर मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी कुलदीप की अदालत ने बंटी के अधिवक्ता उदय कुमार भट्ट की दलील सुनने के बाद बंटी खान को जमानत पर मुक्त करने का आदेश दे दिया। हालांकि जमानत मिलने के बाद भी बंटी खान जेल से बाहर नहीं आ पाएगा। नन्हे हत्याकांड में अभी उसकी जमानत नहीं हुई है।



#### जेल से निकलते ही मारी थी गोली

भूली ओपी क्षेत्र के पांडरपाला में सात मई 2022 की रात आठ बजे पहाड़ी नेता के पुत्र डब्ल्यू अंसारी को प्रिंस खान के गुर्गों ने बदरू मैदान में गोली मार दी थी। गंभीर हालत में उसे शहीद निर्मल महतो मेडिकल कॉलेज एवं अस्पताल (एसएनएमसीएच) में भर्ती कराया गया था। डब्ल्यू अंसारी छह दिन पूर्व ही जेल से रिहा हुआ था। वासेपुर में हुए लाला खान हत्याकांड में रेकी करने के आरोप में वह जेल में बंद था। उस समय घायल डब्ल्यू अंसारी के पिता ने आरोप लगाया था कि प्रिंस खान के गुर्गों ने उसके बेटे को गोली मारी है। प्रिंस खान की तरफ से कई बार उसे धमकी मिली थी। प्रिंस खान ने वीडियो जारी कर कहा था कि जो भी लाला हत्याकांड में शामिल है, उसे नहीं छोड़ेंगे। घटना के बाद पांडरपाला में दहशत का माहौल कायम हो गया था। इलाके में अफरातफरी मच गई थी। बंटी 31 मार्च 2022 से नन्हे हत्याकांड में जेल में बंद है।

### आरोपी की तलाश में झरिया पहुंची चंपारण पुलिस

धनबाद (आजाद सिपाही)। बिहार राज्य के पूर्वी चंपारण के चार सदस्यीय टीम बुधवार को झरिया थाना पहुंचे। झरिया पुलिस के सहयोग से एना स्थित एक घर में छापेमारी किया। लेकिन, आरोपी राजेश कुमार राउत उर्फ बबली घर से फरार मिला। चंपारण पुलिस घर के बाहर इस्तेहार चिपकाकर वापिस लौट गए। पुलिस ने बताया कि 2021 में चंपारण हाइवे से एक ट्रक शराब लूट था।

### लोगों की समस्याओं का शत प्रतिशत समाधान ही सरकार का लक्ष्य : डीडीसी



**बलियापुर (आजाद सिपाही)।** बलियापुर प्रखंड के भिखराजपुर पंचायत में बुधवार को सरकार आपके द्वार कार्यक्रम का आयोजन हुआ। जिसका उद्घाटन डीडीसी शशि प्रकाश सिंह ने किया। उन्होंने विभिन्न विभागों द्वारा योजनाओं एवं लंबित मामलों के निष्पादन के लिए लगाए गए स्टालों का जायजा लिया। पीएम आवास योजना एवं कृषि लोन के लाभुकों आदि के बीच स्वीकृति पत्र व चेक वितरण किया। इस दौरान डीडीसी ने कहा कि सरकार आपके द्वार के पहले चरण में धनबाद के लोगों का 99 फीसदी मामलों का निष्पादन किया गया था। राज्य सरकार के जन कल्याणकारी योजना का लाभ अधिक से अधिक लोगों तक पहुंचाने का प्रयास किया जा रहा हैं। उद्देश है कि लोगों की समस्याओं का सौ प्रतिशत समाधान हो सके। इस मौके पर प्रखंड प्रमुख पिंकी देवी, बीडीओ अमित कुमार, सीओ रामप्रवेश कुमार, जिप सदस्य संजय महतो, मुखिया दिलीप महतो आदि उपस्थित थे।

## मुआवजा व नियोजन की मांग को लेकर मायुमो का धरना

### मृतक के आश्रितों को मुआवजा व नियोजन नहीं मिला तो होगा आंदोलन : पवन महतो




आजाद सिपाही संवाददाता

**धनबाद।** मार्क्सवादी युवा मोर्चा जिला कमेटी ने प्रधानखंटा अंडरपास घटना में आश्रितों को मुआवजा एवं नियोजन देने की मांग को लेकर रणधीर वर्मा चौक पर बुधवार को एक दिवसीय धरना दिया। मोर्चा के जिलाध्यक्ष पवन महतो ने कहा कि 12 जुलाई को प्रधानखंटा स्टेशन के समीप छाता कुल्ही रेलवे अंडरपास बनाने के दौरान हुई दुर्घटना में निरंजन महतो, सौरभ धीवर, पप्पू कुमार महतो और विक्रम महतो की मौत हो गई थी। जबकि छूटनाथ कुमार महतो नामक एक मजदूर घायल हो गया था। जनप्रतिनिधि एवं ग्रामीणों द्वारा इस घटना को लेकर जोरदार आंदोलन किया। अंततः रेलवे व जिला प्रशासन की ओर से सीनियर डीएसपी आरपीएफ, अंचल अधिकारी बलियापुर, डीपीओ आदि के साथ जनप्रतिनिधि एवं मृतक के आश्रितों के बीच समझौता हुआ था कि प्रत्येक मृतक परिवार को 20 लाख रुपए की आर्थिक मदद के अलावा मृतक के उत्तराधिकारी या परिवारिक सदस्यों को उनके शैक्षणिक योग्यता के अनुसार रेलवे संवेदक के यहां नियोजन सुनिश्चित की जाएगी। पर घटना के तीन माह बीत जाने के बाद भी मृतक परिवार को मुआवजा नहीं मिला है। परिवार मुआवजा एवं नियोजन को लेकर दर-दर भटक रहे हैं। यदि अविलंब मृतक के आश्रितों को मुआवजा नहीं मिला तो मायुमो चरणबद्ध आंदोलन करेगा। इस दौरान पांच सदस्यीय प्रतिनिधिमंडल ने डीसी और डीआरएम को मांगपत्र भी सौंपा। इस मौके पर मासस के केंद्रीय सचिव दिल मोहम्मद, मायुमो जिला सचिव राणा चटराज, संदीप कौशल, संतोष रवानी आदि थे।

### सीआरपीएफ का आंतरिक व नागरिक सुरक्षा में अहम योगदान : डीआइजी



अशोक अकेला

**बंगलोर।** सीआरपीएफ देश का अर्द्ध सैनिक बल हैं, जिसका कार्यकलाप राष्ट्र सेवा हैं। देश की आंतरिक सुरक्षा में सीआरपीएफ के योगदान को कभी भी भुलाया नहीं जा सकता। यह बल आतंकवाद, उग्रवाद से लड़ने में काफी कारगर हैं। उक्त बातें बंगलोर में आयोजित अपने सम्मान कार्यक्रम में सीआरपीएफ के डीआईजी हिमांशु कुमार ने कही। जम्मू कश्मीर से लेकर देश के अन्य हिस्सों में अपनी सेवा देनेवाले हिमांशु पूर्वांचल की मिट्टी के लाल हैं। बंगलोर में रहनेवाले पूर्वांचल वासियों ने उनके सम्मान में मिलन समारोह आयोजित किया। जिसमें उत्तर प्रदेश की रहनेवाली डीआईजी की धर्मपत्नी रश्मि का भी महिला समूह की ओर से स्वागत किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता रामाशंकर सिंह और मंच संचालन अशोक सिंह ने किया। इस मौके पर विपीन ब्रम्हर्षि, अभय नारायण सिंह, पंकज ठाकुर, सुनील कुमार, योगेन्द्र सिंह, ओमप्रकाश सिंह, राज तिवारी, राजकुमार, जगभान सिंह, सदा शिवम भारती, संजय शर्मा तथा कुंदन कुमार महत्वपूर्ण थे। वहीं, महिला वर्ग से राखी तिवारी, रीमा सिंह, रीमा शर्मा, माधुरी सिंह, मंजू सिंह, इंदु सिंह, मिसेज भारती, रूबी ठाकुर, अंकिता सिंह, मुस्कान सिंह आदि उपस्थित थे। रामाशंकर सिंह, राज तिवारी, विपीन ब्रम्हर्षि व पंकज ठाकुर ने बुके प्रदान कर डीआईजी का स्वागत किया। इस अवसर पर उप समादेष्टा विकास कुमार व उनकी पत्नी भी उपस्थित थीं।

### छठ घाटों की सफाई करा रहा बीएसएल प्रबंधन



बोकारो (आजाद सिपाही)। सेल की ओर से चलाये जा रहे विशेष स्वच्छता अभियान के तहत और छठ पर्व को सुरक्षित बनाने के लिए बीएसएल प्रबंधन की ओर से सभी जनवृत्तों में जलाशयों की सफाई और घाटों का पूरा अनुरक्षण कराया जा रहा है। बीएसएल द्वारा सेक्टर-4 एफ के सूर्य सरोवर, सेक्टर-3 के 2-टैंक गार्डन और सिटी पार्क, सेक्टर-4 डी के जगन्नाथ सरोवर, सेक्टर-5 ए के अय्यप्पा सरोवर आदि जलाशयों एवं छठ घाटों को स्वच्छ, सुरक्षित एवं सुरूचिपूर्ण बनाया जा रहा है। साफ-सफाई एवं अनुरक्षण का कार्य लागातार जारी है, ताकि नियत समय पर इन सभी छठ घाटों को तैयार किया जा सके।


**कार्यपालक अभियंता का कार्यालय,**
पेयजल एवं स्वच्छता प्रमण्डल, गढ़वा।
सहिजना मोड़, गढ़वा (झारखण्ड) पिन नं0 822114
Email : eedwsd.garhwa@gmail.com

**प्रथम**

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि पेयजल एवं स्वच्छता प्रमंडल, गढ़वा अन्तर्गत आमंत्रित ई–प्रोक्योरमेन्ट निविदा सूचना संख्या–**DWSD/GAR-13/2022-23 (Siroi Khurd-Katra Adjoining village Rural pipe Water)** जो **PR No. 279612 (**Drinking Water and Sanitation) द्वारा प्रकाशित है, जिसे अपरिहार्य कारणों से तिथि एवं समय में निम्न प्रकार संशोधित किया जाता है :–

| | | | |
|---|---|---|---|
| 5. | वेबसाइट पर निविदा प्रकाशन की तिथि एवं समय | 21/10/2022/12.30 बजे अपराह्न तक। | 03/11/2022/12.30 बजे अपराह्न तक। |
| 6. | प्री बीड मिटिंग की तिथि एवं समय | 27/10/2022/1.30 बजे अपराहन में अभियंता प्रमुख का कार्यालय, पेयजल एवं स्व0 विभाग, झारखंड, रांची। | 09/11/2022/12.30 बजे अपराहन में अभियंता प्रमुख का कार्यालय, पेयजल एवं स्व0 विभाग, झारखंड, रांची। |
| 7. | बीड प्राप्ति की अंतिम तिथि एवं समय | 10/11/2022/05.00 बजे अपराहन तक। | 22/11/2022/05.00 बजे अपराहन तक। |
| 8. | अग्रधन की राशि एवं परिमाण विपत्र का मूल्य (हार्ड कॉपी) जमा करने की तिथि एवं समय | 11/11/2022 को 10:30 पूर्वाह्न से 04.00 बजे अपराहन तक :– 1) कार्यपालक अभियंता, पेयजल एवं स्व0 प्रमंडल कार्यालय, गढ़वा 2) अधीक्षण अभियंता, पेयजल एवं स्वच्छता अंचल, मेदिनीनगर 3) क्षेत्रीय मुख्य अभियंता, पेयजल एवं स्वच्छता, विभाग रांची प्रक्षेत्र, रांची | 23/11/2022 को 10:30 पूर्वाह्न से 04.00 बजे अपराहन तक :– 1) कार्यपालक अभियंता, पेयजल एवं स्व0 प्रमंडल कार्यालय, गढ़वा 2) अधीक्षण अभियंता, पेयजल एवं स्वच्छता अंचल, मेदिनीनगर 3) क्षेत्रीय मुख्य अभियंता, पेयजल एवं स्वच्छता, विभाग रांची प्रक्षेत्र, रांची |
| 9. | निविदा खोलने की तिथि एवं समय | 12/11/2022/04.00 बजे अपराहन में। | 24/11/2022/04.00 बजे अपराहन में। |

नोट – (i) शेष सभी शर्तें यथावत रहेगा।
(ii) यह शुद्धि–पत्र परिमाण विपत्र का भाग होगा।

कार्यपालक अभियंता,
पेयजल एवं स्वच्छता प्रमंडल, गढ़वा।

PR 280448 (Drinking Water and Sanitation) 22-23 (D)



**उपायुक्त का कार्यालय, हजारीबाग**
**प्रपत्र VII**
**समाहर्ता या समुचित सरकार**

**प्रारंभिक अधिघोषणा**
**(अधिनियम–30/2013 की धारा–19 (1) के अधीन)**

चुकि झारखण्ड सरकार/समाहर्त्ता को यह प्रतीत होता है कि सार्वजनिक प्रयोजनार्थ यथा परियोजना ईचाक मोड़ एन0एच0–33 से बरकट्ठा एन0एच0–02 कि0मी0 00.00 से कि0मी0 31.383 तक चौडीकरण/मजबूतीकरण कार्य हेतु ग्राम–**बेलकपी**, थाना– बरकट्ठा थाना सं0– 104, अंचल– बरकट्ठा, जिला–हजारीबाग में कुल **0.5355** एकड़ यानि **0.2168** हेक्टेयर भूमि अपेक्षित है।

इसलिए अधिघोषणा किया जाता है कि उपर्युक्त परियोजना के लिए अर्जन के अधीन एक भू–खण्ड है, जो मानक माप से कमोवेश **0.5355** एकड़ यानि **0.2168** हेक्टेयर है, और जो ग्राम–**बेलकपी**, थाना– बरकट्ठा थाना सं0– 104, अंचल– बरकट्ठा, जिला–हजारीबाग में है, जिसका विवरणी निम्नवत है–

| क0 सं0 | खाता संख्या | सर्वे प्लॉट सं0 | स्वामित्व का प्रकार | भूमि का प्रकार | अर्जन के अधीन क्षेत्रफल (एकड़) | हितबद्ध व्यक्ति का नाम व पता | सीमा (भूखंड सं0) उ0 | द0 | पू0 | प0 |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 | 9 | 10 | 11 |
| 1 | 145 | 2643/1 | नीज | आवासीय | 0.093 | नागेश्वर प्रसाद पिता भोला साव जाति तेली निवासी बेलकपी | नीज | नीज | नीज | रास्ता |
| 2 | 145 | 2643/2 | नीज | आवासीय | 0.013 | कारू नायक पिता भोला साव जाति तेली निवासी बेलकपी | नीज | भतु साव | नीज | रास्ता |
| 3 | 163 | 2644/1 | नीज | आवासीय | 0.022 | रूनवा देवी पति किसुन लाल साव जाति तेली निवासी बेलकपी | श्याम लाल साव | मोहन साव | नीज | रास्ता |
| 4 | 163 | 2644/2 | नीज | आवासीय | 0.022 | श्याम लाल साव पिता स्व0 विशुन साव जाति तेली निवासी बेलकपी | रास्ता नीज | किशुन | नीज | रास्ता |
| 5 | 163 | 2644/3 | नीज | आवासीय | 0.007 | रूनवा देवी पति किसुन लाल साव वो श्याम लाल साव पिता विशुन साव जाति तेली निवासी बेलकपी | रास्ता | नीज | श्याम लाल | रास्ता |
| 6 | 163 | 2644/4 | नीज | कृषि | 0.017 | मुरली साव पिता स्व0 मेघलाल साव जाति तेली निवासी बेलकपी | रती साव | रास्ता नीज | नीज | रास्ता |
| 7 | 163 | 2644/5 | नीज | आवासीय | 0.011 | रति साव पिता डालो साव जाति तेली निवासी बेलकपी | सीता देवी | सीता देवी | नीज | रास्ता |
| 8 | 163 | 2644/6 | नीज | आवासीय | 0.025 | मो0 सीता देवी पति डालो साव जाति तेली निवासी बेलकपी | भतु साव | रती साव | नीज | रास्ता |
| 9 | 163 | 2644/7 | नीज | आवासीय | 0.020 | भतु साव पिता स्व0 डालो साव जाति तेली निवासी बेलकपी | भोला साव | मो0 सीता देवी | नीज | रास्ता |
| 10 | 35 | 2660 | नीज | आवासीय | 0.044 | मेघलाल पासवान पिता स्व0 बाबुलाल पासवान वो नरेंन्दर पासवान पिता स्व0 टेकमन पासवान जाति दुसाध निवासी बेलकपी | धनी साव | सीमाना | नीज | रास्ता |
| 11 | 163 | 2661 | नीज | कृषि | 0.038 | धनी साव पिता.................जाति तेली निवासी बेलकपी | गोविन्द नायक | भेखलाल पासवान | नीज | रास्ता |
| 12 | 122 | 2662/1 | नीज | आवासीय | 0.019 | गोविन्द नायक पिता स्व0 सुकर नायक जाति तेली निवासी बेलकपी | मोहन साव | धनी साव | नीज | रास्ता |
| 13 | 122 | 2662/2 | नीज | आवासीय | 0.019 | मोहन साव पिता स्व0 सुकर साव जाति तेली निवासी बेलकपी | रूनवा देवली | गोविन्द नायक | नीज | रास्ता |
| 14 | 57 | 2664/2 | नीज | आवासीय | 0.09 | महेश पासवान पिता इन्दु दुसाध जाति दुसाध निवासी बेलकपी | राजेन्द्र पासवान | सुमित्राा देवी | रास्ता | नीज |
| 15 | 57 | 2664/3 | नीज | कृषि | 0.0925 | राजेन्द्र पासवान पिता इन्दु दुसाध जाति दुसाध निवासी बेलकपी | राजेन्द्र पासवान | महेश पासवान | रास्ता | नीज |
| 16 | 57 | 2664/4 | नीज | कृषि | 0.003 | राजेन्द्र पासवान वगै0 पिता इन्दु पासवान जाति दुसाध निवासी बेलकपी | राजेन्द्र पासवान | महेश पासवान | रास्ता | नीज |
| | कुल | | | | 0.5355 | | | | | |

यह अधिघोषणा हितबद्ध व्यक्तियों की आपत्तियों के सुनने और अधिनियम सं0–30/2013 की धारा 15 प्रदत्त यथा उपबंधित सम्यक जॉच के पश्चात किया गया है। भूमि अर्जन के कारण पुनर्व्यवस्थापन के लिए संभावित परिवारों की संख्या जिनके लिए पुनर्व्यवस्थापन के क्षेत्र चिहिन्त किये गये है, जिसका संक्षिप्त विवरण निम्नवत है–

ग्राम–**बेलकपी**, थाना– बरकट्ठा थाना सं0– 104, अंचल– बरकट्ठा, जिला–हजारीबाग में कुल **0.5355** एकड़ यानि **0.2168** हेक्टेयर जिला भूमि अर्जन पदाधिकारी, हजारीबाग के कार्यालय में किसी कार्य दिवस के दिन भूमि योजना का निरीक्षण किया जा सकता है। भूमि अर्जन के कारण पुनर्वासन और पुनर्व्यवस्थापन के लिए संभावित परिवारों की संख्या शून्य है।

ह0/–
उपायुक्त, हजारीबाग

**PR 280259 Land Reforms(22-23)#D**

## आर्यन खान ड्रग्स केस में समीर वानखेड़े का आरोप

# विजिलेंस टीम के हेड मेरा उत्पीड़न कर रहे, आयोग से की शिकायत

एजेंसी

**मुंबई।** शाहरुख खान के बेटे आर्यन खान को क्रूज ड्रग्स केस में गिरफ्तार करने वाले मुंबई एनसीबी के पूर्व चीफ समीर वानखेड़े ने उत्पीड़न का आरोप लगाया है। उन्होंने आइपीएस अधिकारी और विजिलेंस टीम के हेड ज्ञानेश्वर सिंह पर यह आरोप लगाते हुए राष्ट्रीय उत्पीड़न और अत्याचार आयोग से शिकायत की है। दरअसल, ज्ञानेश्वर सिंह ने आर्यन खान क्रूज ड्रग्स मामले में 7-8 अधिकारियों पर अनियमितता बरतने का आरोप लगाया था। इस दौरान उन्होंने समीर वानखेड़े पर भी आरोप लगाये गये थे। उनका दावा है कि वानखेड़े ने आर्यन को ड्रग केस में रिहा करने के लिये 25 करोड़ रुपए की डील की थी।



### नेशनल कमीशन को भेजी थी 50 पेज की अर्जी

समीर वानखेड़े ने दैनिक भास्कर से एक्सक्लूसिव बात करते हुए बताया कि उन्होंने दो महीने पहले उनके खिलाफ जो भी जांच चल रही थी, उसे रोकने के लिए नेशनल कमीशन फॉर शेड्यूल कास्ट के पास 50 पेज की एक अर्जी भेजी थी। इस पर जांच के बाद अब आदेश आया है कि उनके खिलाफ चल रही जांच पर रोक लगायी जाये। वानखेड़े ने बताया कि जांच करने के नाम पर जांच अधिकारी ज्ञानेश्वर सिंह ने बाबासाहेब अंबेडकर का मजाक उड़ाया था।

# पूर्व तट रेलवे ने आयोजित किया सतर्कता जागरूकता विशेष अभियान




आजाद सिपाही संवाददाता

**भुवनेश्वर।** सतर्कता जागरूकता सप्ताह-2022 इस वर्ष 31 अक्टूबर से 6 नवंबर 2022 तक 'भ्रष्टाचार मुक्त भारत-एक विकसित भारत' विषय के तहत आयोजित किया जा रहा है और पूर्व तट रेलवे द्वारा जागरूकता कार्यक्रमों में वितर्क प्रतियोगिता, निबंध और स्लोगन और पेंटिंग शामिल हैं ताकि लोगों में जागरूकता पैदा की जा सके। रेलवे सहित आम जनता इसके अलावा अन्य कार्यक्रम भी आयोजित किये जा रहे हैं जिसमें रेलवे कर्मचारी, उनके बच्चे और स्कूल और कॉलेज के छात्र सक्रिय रूप से भाग ले रहे हैं। भ्रष्टाचार के दुष्परिणामों के बारे में जागरूकता पैदा करने और छात्रों में सत्यनिष्ठा और ईमानदारी को बढ़ावा देने के लिए पूर्व तट रेलवे का सतर्कता संगठन राज्य के विभिन्न स्कूलों और कॉलेजों तक भी पहुंच रहा है। समाज के जमीनी स्तर से भ्रष्टाचार और भ्रष्टाचार को मिटाने के लिए, छात्र जागरूकता पैदा करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। इसलिए पूर्व तट रेलवे ने अपने अधिकार क्षेत्र के महत्वपूर्ण शहरों में विभिन्न कॉलेजों में बक्तब-सह-भाषण आयोजित करने की पहल की है। फर्जी नौकरी रैकेट के खिलाफ रेलवे के निरंतर प्रयासों और नियमित जागरूकता अभियान के अलावा, कुछ नौकरी के इच्छुक लोग रेलवे में नौकरी देने का वादा करके नकली लोगों के चंगुल में फंस रहे हैं। ऐसी गतिविधियों को ध्यान में रखते हुए, पूर्व तट रेलवे (इसीओआर) लोगों को शिक्षित करने के लिए लगातार बड़े पैमाने पर अभियान चला रहा है ताकि निर्दोष बेरोजगार युवा इस प्रकार के रैकेट का शिकार न हों। यदि कोई आपको रेलवे में नौकरी दिलाने का वादा करके रिश्वत मांगता है या यदि आपके पास भ्रष्टाचार की कोई जानकारी है या आप उपरोक्त के शिकार हैं, तो कृपया सतर्कता हेल्पलाइन नंबर पर सूचित करें। यात्रियों को बिना टिकट या अनियमित टिकट के साथ यात्रा न करने के संबंध में जागरूक करने के लिए पूर्व तट रेलवे द्वारा नियमित रूप से बड़े पैमाने पर टिकट जांच अभियान चलाया जा रहा है।

### संयुक्त अभियान चलाया

यात्रियों को अनियमित यात्रा के बारे में सतर्क करने के लिए, पूर्व तट रेलवे ने अपने अधिकार क्षेत्र में ट्रेन द्वारा बिना टिकट या अनुचित टिकट के साथ जांच करने के लिए और स्टेशन परिसर में बिना टिकट यात्रियों और अनधिकृत आगंतुकों को हतोत्साहित करने के लिए सभी प्रयास किये हैं। सतर्कता, वाणिज्यिक और आरपीएफ विभागों सहित पूर्व तट रेलवे के वरिष्ठ अधिकारियों ने जनता के बीच जागरूकता पैदा करने और कमजोर जन संपर्क क्षेत्रों की जांच करने के लिए अपने अधिकार क्षेत्र के सभी महत्वपूर्ण स्टेशनों का अच्छी तरह से निरीक्षण करने के लिये एक संयुक्त अभियान चलाया। इस दौरान बुकिंग कार्यालय, पार्सल कार्यालय, टिकट कलेक्टर कार्यालय और खानपान स्टालों, पीआरएस काउंटरों, ऑनलाइन टिकट बुकिंग की औचक जांच की जायेगी।

## रक्षा स्टार्ट-अप को बढ़ावा देने के लिए रक्षा मंत्रालय ने की किट-टीबीआइ की पहचान




**भुवनेश्वर (आजाद सिपाही)।** किट टेक्नोलॉजी बिजनेस इन्क्यूबेटर (किट-टीबीआई) को रक्षा मंत्रालय द्वारा रक्षा से संबंधित स्टार्ट-अप की क्षमता का निर्माण करने और उन्हें बड़े पैमाने पर सलाह देने के लिए पांच ऊष्मायन भागीदारों में से एक के रूप में पहचाना गया है। यह देश में मजबूत अनुसंधान और स्टार्ट-अप-आधारित पारिस्थितिकी तंत्र बनाने में सरकार के नेतृत्व वाली पहल में शामिल होने की अपनी खोज में किट-डीम्ड-टू-बी-यूनिवर्सिटी की प्रमुख उपलब्धियों में से एक है। किट-ळइक इनोवेशन फॉर डिफेंस एक्सीलेंस (आइडेक्स) प्रोग्राम का एक प्रमुख भागीदार होगा, जिसकी घोषणा 18 अक्टूबर को अहमदाबाद में डेफएक्सपो 22 के दौरान की गई थी। यह घोषणा रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह, रक्षा कर्मचारियों के प्रमुख सैन्य मामलों के विभाग के जनरल अनिल चौहान, स्थल सेनाध्यक्ष जनरल मनोज पांडे, नौसेना प्रमुख एडमिरल आर एच कुमार, वायु सेना प्रमुख चीफ मार्शल वी आर चौधरी प्रति रक्षा सचिव डॉ अजय कुमार और अतिरिक्त सचिव, रक्षा उत्पादन संजय जाजू की उपस्थिति में आयोजन के दौरान, किट टीबीआइ के बीच एक समझौते का आदान-प्रदान किया गया, जिसका प्रतिनिधित्व किट-टीबीआइ के सीइओ डॉ मृत्युंजय सुअर और आइडीइ रक्षा नवाचार संगठन रक्षा उत्पादन विभाग रक्षा मंत्रालय ने किया। किट और किस के संस्थापक डॉ अच्युत सामंत ने किट टीटीबीआइ की इस उपलब्धि के लिए डॉ सुअर को बधाई दी और कहा कि यह मान्यता किट के निरंतर ध्यान को विकसित करने और समर्थन करने वाले विचारों का एक वसीयतनामा है जो राष्ट्र के सामाजिक-आर्थिक विकास और अवसर पैदा करने में योगदान करते हैं। डॉ सुअर ने अपनी प्रतिक्रिया में कहा कि भारतीय रक्षा नवाचार पारिस्थितिकी तंत्र के लिए काम करने के लिए यह एक महत्वपूर्ण मान्यता है।

## डॉक्टरों की चेतावनी, कोरोना के नये वैरिएंट हो सकते हैं घातक, भीड़ में जाने से बचें

**दिल्ली (एजेंसी)।** एम्स दिल्ली के पूर्व निदेशक डॉ. रणदीप गुलेरिया और गुरुग्राम स्थित मेदांता हॉस्पिटल के चेयरमैन डॉ. नरेश त्रेहान ने दिवाली के त्योहार से पहले कोरोना वायरस के नए वैरिएंट के प्रति लोगों को आगाह करते हुए उन्हें भीड़ वाले स्थानों पर नहीं जाने की सलाह दी है। कोरोना के नए वैरिएंट को लेकर विशेषज्ञ डॉक्टरों ने लोगों को आगाह किया है। उनका कहना है कि बाहर जाने वाले लोगों को सतर्कता बरतनी होगी। डॉक्टरों ने भीड़ में जाने से पहले मास्क लगाने व बुजुर्ग लोगों को बहुत जरूरी होने पर ही बाहर जाने की सलाह दी है।सीआईआई पब्लिक हैल्थ काउंसिल के चेयरमैन और एम्स दिल्ली के पूर्व निदेशक डॉ. रणदीप गुलेरिया ने कहा, "कोरोना के नये वैरिएंट आने की संभावनायें हैं।

## एमसीएल और झारसुगुड़ा जिला प्रशासन के बीच समझौता हुआ





आजाद सिपाही संवाददाता

**संबलपुर।** महानदी कोलफील्ड्स लिमिटेड (एमसीएल) ने अपनी सीएसआर पहल के तहत एक और अध्याय को जोडते हुए 100 बेडेड कार्डियक केयर सेंटर निर्माण करने के लिए झारसुगुडा जिला प्रशासन के साथ एक समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किया है। उक्त समझौते के मुताबिक 100 बेडेड कार्डियक केयर सेंटर एवं डाक्टरों के लिए 42 संख्यक क्वार्टर तथा नर्स के लिए 100 बेडेड होस्टेल निर्माण किये जायेंगे। उक्त समझौता ज्ञापन के अवसर पर झारसुगुडा जिलाधीश, परियोजना निदेशक (आर एंड आर) की उपस्थिति में तथा एमसीएल की ओर से महाप्रबंधक (सीएसआर) रजनीकांत पाणिग्रही उपस्थित थे। उक्त परियोजना पूर्ण होने के पश्चात हृदय रोगियों के लिए एक वरदान साबित होगी।































आजाद सिपाही की ओर से स्वत्वाधिकारी लैंडस्केप मीडिया प्रा. लि., प्रकाशक एवं मुद्रक हरिनारायण सिंह के लिए 176 कोकर चौक, ओल्ड एचबी रोड, रांची 834001 (झारखंड) से प्रकाशित तथा डीबी प्रिंट सोल्यूशंस (ए यूनिट ऑफ डीबी कार्प लिमिटेड), प्लॉट नं. 535 एवं 1272, ललगुटवा, पुलिस स्टेशन, रातू, रांची से मुद्रित। **संपादक :** हरिनारायण सिंह, **स्थानीय संपादक*** : विनोद कुमार,***पीआरबी एक्ट के तहत खबरों के लिए जिम्मेदार, **राज्य समन्वय संपादक :** अजय शर्मा। समस्त दिवानी विवादों, न्यायोचित कार्रवाइयों एवं दंडित परिवादों के लिए क्षेत्राधिकार रांची न्यायालय में रहेगा। फोन : 9264434560, **R.N.I. No.-JHAHIN/2015/65109,** Postal Registration No. **RN/249/2019-21**